# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, गुरुवार 23 अक्टूबर 2025


**दिवाली के बाद सोना-चांदी में भारी गिरावट**

# सोना 5677 तो चांदी 25599 रुपए सस्ती हुई

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

दिवाली के बाद सोना-चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट देखने को मिली। बाजार जानकारों के अनुसार सोना 22 अक्तूबर को 24 कैरेट सोने का दाम 3,726 रुपए घटकर 1,23,907 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं चांदी के दाम आज 10,549 रुपए घटकर 1,52,501 रुपए प्रति किलो पर आ गए हैं सोना अपने ऑल टाइम हाई से 5,677 रुपए और चांदी भी रिकॉर्ड हाई से 25,599 रुपए सस्ती हो गई है।



## सोने में आ सकती है लंबी अवधि में तेजी

जानकार नवनीत अग्रवाल के अनुसार मौजूदा समय को देखते हुए लगता है कि अगर फेडरल रिजर्व की आगामी ब्याज दरों में कटौती करती है, भू-राजनीतिक जोखिम एक बार फिर से बढ़ते हैं, तो सोने में दोबारा तेजी आ सकती है, इसलिए गिरावट पर शादी ब्याह के लिए खरीदारी का अच्छा अवसर है। वहीं निवेशकों को एक अनुशासित दृष्टिकोण के साथ अपने निवेशक पोर्टफोलियों में विविधता लाने की जरूरत है।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### खबर संक्षेप

### आंबेडकर की मूर्ति तोड़ी ग्रामीणों ने किया हंगामा



**दतिया।** दुरसड़ा थाना अंतर्गत गांव खिरियाघोंघू में मंगलवार रात अज्ञात असामाजिक तत्वों ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को तोड़कर खंडित कर दिया। सुबह ग्रामीणों ने मूर्ति का सिर टूटा देखा तो आक्रोश फैल गया और लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश के बाद ग्रामीणों को शांत हुआ।

### बीसीसीआई नकवी की शिकायत करेगा



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के चीफ मोहसिन नकवी के हाथों ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। इसके बाद नकवी ट्रॉफी लेकर चले गए थे। बीसीसीआई ने अब मोहसिन नकवी की शिकायत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से करने का फैसला किया है।

### मथुरा रेल हादसे के कारण दिल्ली तक का सफर हुआ मुश्किल, हजारों यात्री परेशान

# ट्रेन के 12 डिब्बे पटरी से उतरे, वंदे भारत शताब्दी सहित कई ट्रेनें निरस्त...रूट बदले

**दिल्ली-आगरा-झांसी रूट पूरी तरह से ठप**

मालगाड़ी के 10 से 12 वैगन पटरी से उतर गए, यह ट्रेन राजीव गांधी थर्मल पावर प्लांट (खेड़ा, हिसार/बरवाला, हरियाणा) की थी और इसमें कोयला लदा हुआ था

एजेंसी ⏭ आगरा
हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मथुरा जिले में एक मालगाड़ी के 12 डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसा वृंदावन रोड और अजहई स्टेशन के बीच हुआ।

उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि मालगाड़ी के 10 से 12 वैगन पटरी से उतर गए हैं। यह ट्रेन राजीव गांधी थर्मल पावर प्लांट (खेड़ा, हिसार/बरवाला, हरियाणा) की थी और इसमें कोयला लदा हुआ था। हादसे के बाद रेल ट्रैफिक पर गंभीर असर पड़ा है। चार में से तीन ट्रैक पूरी तरह से ब्लॉक हो गए हैं।

**चार में से तीन ट्रैक पूरी तरह से ब्लॉक हो गए चौथा ट्रैक खुला पर चालू नहीं**

हादसा वृंदावन रोड और अजहई स्टेशन के बीच हुआ

यह दुर्घटना रेल सुरक्षा और ट्रैक रखरखाव को लेकर फिर सवाल खड़े करती है



अगर चौथा ट्रैक भी उपयुक्त नहीं तो ट्रेनों को गाजियाबाद से टुंडला मार्ग होते हुए आगरा की ओर डायवर्ट किया जाएगा

#### एक साल पहले भी हुआ था हादसा, पलटे थे 25 डिब्बे

मथुरा के जैत और वृंदावन रोड स्टेशन पर साल 2024 में भी ऐसी ही एक घटना हुई थी। कोयले से लदी हुई एक मालगाड़ी के 25 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। इस वजह से आगरा-दिल्ली मार्ग पूरी तरह से ठप हो गया था। मार्ग को सुचारु करने में काफी समय लगा था। कई ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया गया था। 19 सितंबर 2024 को कोयले से नदी एक मालगाड़ी के करीब 25 डिब्बे जैत-वृंदावन रोड स्टेशन के बीच पलट गए थे। हादसा इतना भीषण था कि डिब्बे एक दूसरे के ऊपर चढ़ गए। डिब्बे पलटने की वजह से डाउन और अप लाइनों पर कोयले का ढेर लग गया था। हादसे के समय मालगाड़ी की रफ्तार करीब 55 किलोमीटर प्रति घंटा थी।

**प्रभावित ट्रेनें**

| | | |
|---|---|---|
| **◀ मार्ग परिवर्तित गाड़ियां** | | |
| 12903/12904 | मुंबई सेंट्रल | अमृतसर एक्सप्रेस |
| 12909 | बांद्रा टर्मिनस | नई दिल्ली एक्सप्रेस |
| 12449 | मडगांव | चंडीगढ़ एक्सप्रेस |
| 12432 | नई दिल्ली | तिरुवनंतपुरम एक्सप्रेस |
| **◀ रद्द गाड़ियां** | | |
| 12401 | कोटा | नई दिल्ली एक्सप्रेस |
| 20451/20452 | नई दिल्ल सोगरिया | नई दिल्ली एक्सप्रेस |
| | | शताब्दी व वंदे भारत |
| **◀ शॉर्ट टर्मिनेटेड गाड़ियां** | | |
| 12402 | देहरादून | नई दिल्ली एक्सप्रेस |
| 12401 | नई दिल्ली | देहरादून एक्सप्रेस |

#### कई ट्रेनों को छाता धौलपुर, आगरा कैंट व अन्य स्टेशनों पर रोका

*आगरा रेल मंडल के मथुरा-पलवल खंड के वृंदावन और अझई स्टेशनों के बीच मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतरने के चलते आगरा से दिल्ली और दिल्ली से आगरा जाने वाली दर्जन भर से ज्यादा ट्रेनों के पहिए थम गए। इन ट्रेनों में सफर कर रहे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। रेलवे हेल्पलाइन पर लगातार शिकायतें आ रही हैं। अधिकतर ट्रेनें 2 से 3 घंटे देरी से चल रही हैं। वहीं हादसे के कारण ट्रेनें निरस्त होने और मार्ग परिवर्तन से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। ट्रैक बाधित होने की वजह से कई ट्रेनों को छाता धौलपुर, आगरा कैंट व अन्य स्टेशनों पर रोक दिया गया। वहीं उत्तर मध्य रेलवे ने पश्चिम रेलवे और पश्चिम मध्य रेलवे की ओर जाने वाली ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन कर दिया है। रेवाड़ी, अलवर, जयपुर, सवाई माधोपुर, कोटा और बीना जाने वाली ट्रेन गाजियाबाद, मितावली, आगरा कैंट और बीना मार्ग से डायवर्ट करने की योजना बनाई है।*

**गंगोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद**



## अब मुखबा में होंगे मां गंगा के 'दर्शन'


इस बार धाम में 7.57 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों **ने दर्शन किए**

एजेंसी ⏭ उत्तरकाशी

चारधाम में प्रमुख गंगोत्री धाम के कपाट बुधवार को अन्नकूट पर्व पर विधिवत पूजा अर्चना के साथ अभिजीत मुहूर्त में बंद कर दिए गए। इसके बाद मां गंगा की उत्सव डोली शीतकालीन प्रवासस्थल मुखवा (मुखीमठ) के लिए रवाना हो गई। डोली गुरुवार को मुखवा पहुंचेगी।

**भैयादूज पर आज बंद होंगे केदारनाथ यमुनोत्री धाम**

- 23 अक्टूबर को सुबह 8:30 बजे केदारनाथ धाम के कपाट बंद होंगे
- 23 अक्टूबर को दोपहर 12:30 बजे यमुनोत्री धाम के कपाट बंद होंगे
- 25 नवंबर को दोपहर 2:56 बजे बद्रीनाथ धाम के कपाट बंद होंगे



**छठ पूजा को लेकर रेलवे की बड़ी तैयारी**



नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़

## 12 हजार से ज्यादा स्पेशल ट्रेनें 900 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सभी प्रमुख स्टेशनों पर रेलवे सुरक्षा बल और अधिकारी तैनात

छठ पूजा के चलते इन दिनों ट्रेनों में जबरदस्त भीड़ देखने को मिल रही है। साल भर के इस त्योहार के चलते अपने घर से दूर रहने वाले लोग देश के कोने-कोने से अपने घर आते हैं, जिसके चलते रेलवे स्टेशनों पर भारी संख्या में भीड़ भी देखने को मिलती है। ऐसे में अब रेलवे बोर्ड ने छठ पूजा और त्योहारों के मौके पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए बड़ी तैयारी की है।

पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक परमेश्वर फुंकवाल ने बताया कि रेल मंत्री के निर्देश पर देशभर में 12,000 से ज्यादा स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इसमें ईस्ट कोस्ट रेलवे की ओर से 367 स्पेशल ट्रेनें शामिल हैं, जिनमें से अब तक 76 ट्रेनें शुरू हो चुकी हैं और 78,000 से ज्यादा यात्री इसका लाभ उठा चुके हैं। सभी स्टेशनों पर सुरक्षा के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और अन्य अधिकारी तैनात किए गए हैं ताकि भीड़ की वजह से कोई अनहोनी न हो। साथ ही 900 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों के जरिए स्टेशनों की निगरानी की जा रही है।

**पूर्व मध्य रेलवे में 1800 से ज्यादा स्पेशल ट्रेनें**

*बिहार के वैशाली में पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्रा ने बताया कि छठ पूजा को ध्यान में रखते हुए ईसीआर की ओर से 1800 से ज्यादा स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। अन्य रेलवे जोन से भी बिहार के लिए हजारों ट्रेनें चलाई गई हैं। उन्होंने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशनों पर प्रतीक्षालय बनाए जा रहे हैं ताकि लोग आराम से रुक सकें। भीड़ को संभालने के लिए लाइन की उचित व्यवस्था की जा रही है और जरूरत के अनुसार और अतिरिक्त ट्रेनें भी चलाई जाएंगी।*




# महागठबंधन और तेजस्वी पर भाजपा ने किया बड़ा हमला, सुधांशु ने कहाः उन्होंने महिला सशक्तीकरण के लिए कुछ भी नहीं किया, अब नौकरी के बदले आपका घर भी लूट लेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/पटना

भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को बिहार में रोज़गार सृजन और महिला कल्याण पर राजद नेता तेजस्वी यादव की टिप्पणी की आलोचना करते हुए कहा कि युवा नेता को बिहार की जनता के साथ मज़ाक करना बंद करना चाहिए। त्रिवेदी ने कहा कि मैं उनकी ओर से कहना चाहूंगा कि राजद नेताओं की बातों के पीछे की असली मंशा को समझने की कोशिश करनी चाहिए। जब तेजस्वी यादव ने 10 लाख या 20 लाख नौकरियों का वादा किया था, तो जनता शायद उनकी अंतर्निहित भावना को नहीं समझ पाई होगी, लेकिन हमने इसे समझ लिया। त्रिवेदी ने कहा कि उनकी असली भावना यह प्रतीत होती है। सरकारी नौकरी के बदले, वे आपका घर ले लेंगे, जैसे उन्होंने आपकी ज़मीन ले ली है। लालू प्रसाद यादव के शासनकाल में आजीविका की बात तो छोड़िए महिलाओं का जीवन और सम्मान इतने गंभीर ख़तरे में था कि बिहार आज भी उस दौर को नहीं भूला है। भाजपा के प्रवक्ता त्रिवेदी ने नीतीश कुमार की सरकार आने के बाद से राज्य में महिला सशक्तीकरण के लिए कई योजनाएं चल रही हैं।

> त्रिवेदी ने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार की सरकार आने के बाद से राज्य में महिला सशक्तीकरण के लिए कई योजनाएं चल रही हैं

### महिला सशक्तीकरण के लिए एनडीए ने कई योजनाएं चलाईं



भाजपा नेता ने कहा कि हर घर शौचालय, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, मुद्रा योजना, लखपति दीदी और ड्रोन दीदी जैसी सरकारी योजनाएं हमारी 10 साल की सोच का प्रमाण हैं। महिला सशक्तीकरण के लिए एनडीए और नीतीश का एक व्यवस्थित, सुसंगत और व्यावहारिक दृष्टिकोण है।भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को बिहार में रोज़गार सृजन और महिला कल्याण पर राजद नेता तेजस्वी यादव की टिप्पणी की आलोचना करते हुए कहा कि युवा नेता को बिहार की जनता के साथ मज़ाक करना बंद करना चाहिए।

**चिराग का तेजस्वी पर फिर हमला**

### बिखरे गठबंधन पर परदा डाल रहे तेजस्वी



केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने बुधवार को महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि जो अपने गठबंधन को नहीं संभाल सके, वो बिहार को क्या संभालेंगे।तेजस्वी के हालिया बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए चिराग पासवान ने कहा कि महागठबंधन की स्थिति बिखरे हुए गठबंधन पर पर्दा डालने का प्रयास है। पत्रकारों से बातचीत में चिराग ने कहा कि यह मेरी समझ से परे है कि ये लोग किस दुनिया में जी रहे हैं। जब दूसरे चरण का नामांकन तक पूरा हो चुका है, तब इस तरह की बातें करना सिर्फ अपने बिखरे हुए गठबंधन पर पर्दा डालने का प्रयास है।

**नीतीश ने शिक्षा मंत्री को रैली में खड़ा कराया**

### ए खड़े होइए, सब के घर पर सोलर पैनल लगवा दीजिएगा

नीतीश ने पहनाई माला



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी मंगलवार को चुनाव प्रचार का आगाज कर दिया है। रैलियों में सीएम नीतीश का अनोखा अंदाज भी देखने को मिल रहा है। बुधवार को भी सीएम नीतीश ने बिहार के गोपालगंज में रैली की और यहां उन्होंने कुछ ऐसा किया जो कि चर्चा का विषय बन गया है। सीएम नीतीश ने गोपालगंज की रैली के दौरान वहां मौजूद शिक्षा मंत्री सुनील कुमार से कहा- 'ए खड़ा होइए...सब के घर पर सोलर पैनल लगवा दीजिएगा। इस पूरे वाकये का वीडियो भी वायरल हो रहा है।

सीएम नीतीश ने मुजफ्फरपुर जिले से अपने प्रचार अभियान की औपचारिक शुरुआत की थी। एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में सभा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश ने भाजपा प्रत्याशी रमा निषाद को मंच पर बुलाकर गले में माला पहना दी, जो महिलाओं को सम्मानित करने की परंपरा के विपरीत रही है।

**तेजस्वी का बड़ा ऐलान**

### जीविका दीदियों और संविदा कर्मियों को मिलेगा सरकारी कर्मी का दर्जा



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बुधवार को अपने आवास पर प्रेस वार्ता की। तेजस्वी ने कहा कि लोग गरीबी, महंगाई, बेरोजगारी से परेशान हैं। हमलोगों ने जो संकल्प लिया था, जो घोषणाएं की, नीतीश सरकार ने उसकी भी नकल की। आज हमलोग बिहारवासियों को लिए दो बड़ी घोषणा करने जा रहे हैं।सरकार बनते ही इसे लागू करेंगे। तेजस्वी ने कहा, पिछले चुनाव के वक्त हमने जो बातें कहीं, उसे 17 महीने में पूरा कर दिया। यादव ने जीविका दीदियों के लिए बड़ी घोषणा की है। हमारी सरकार बनते ही उन्हें सरकारी कर्मी का दर्जा दिया जाएगा। उनका शुरुआती वेतन 30 हजार रुपएहोगा। उन्हें दो हजार रुपयए प्रतिमाह अतिरिक्त कामों को लिए भत्ता दिया जाएगा। इतना ही नहीं उन्होंने जो ऋण लिए हैं, उसे भी ब्याज मुक्त कर दिया जाएगा।

**लालू, तेजस्वी ने कांग्रेस को खाली हाथ लौटाया**

### गहलोत बोले- 5-7 सीटों पर दोस्ताना लड़ाई



बिहार चुनाव के मद्देनजर महागठबंधन के भीतर आपसी रंजिश खत्म होने का नाम नहीं ले रही। कई सीटों पर गठबंधन के घटक दल- कांग्रेस और आरजेडी आमने-सामने हैं। बिहार चुनाव के लिए कांग्रेस पर्यवेक्षक और राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव से मिलने गए थे लेकिन उनके बीच कोई पुख्ता बातचीत नहीं हो सकी। आरजेडी नेतृत्व ने कांग्रेस को खाली हाथ लौटाया मगर गहलोत ने कहा कि गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की जाएगी, जिसमें तस्वीर पूरी तरह से साफ हो जाएगी। गहलोत ने कहा कि बहुत अच्छी बातचीत हुई। तमाम काम अच्छे से चल रहे हैं। 5-7 सीटों पर फ्रेंडली फाइट है।

**टिकट बंटवारे से नाराज राजद में इस्तीफों का दौर**

### अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के नेताओं का इस्तीफा




राजद में टिकट वितरण को लेकर असंतोष गहराता जा रहा है। पार्टी के अति पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ से जुड़े करीब 50 नेताओं ने टिकट बंटवारे में उपेक्षा और पक्षपात का आरोप लगाकर सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। इनमें प्रदेश महासचिव भोला सहनी, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. कुमार गौरव, प्रधान महासचिव गोपाल लाल देव आदि ने इस्तीफा दिया है।

**राजद ने बनाया था स्टार प्रचारक वरिष्ठ नेता का इस्तीफा**

राजद को एक और बड़ा झटका लगा है। आरजेडी के वरिष्ठ नेता, पूर्व विधायक और पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल सहनी ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष मांगनी लाल मंडल को सौंपा है।

### बिहार चुनाव में अब तक 71 करोड़ रुपए बरामद



चुनाव आयोग की तरफ से यहां लगातार छापेमारी की जा रही है। आयोग ने बताया है कि अब तक 71 करोड़ रुपए से ज्यादा की नकदी, शराब और अन्य सामग्रियां जब्त की गई हैं। इससे पहले भी तमाम चुनावों में सैकड़ों करोड़ रुपए जब्त किए गए हैं।

### भाजपा मंत्री की गाड़ी से मिला चुनाव प्रचार का जखीरा, कार जब्त

बिहार विधानसभा चुनाव के बीच दरभंगा के जाले विधानसभा क्षेत्र में सियासी सरगर्मी बढ़ गई है। भाजपा के मंत्री और जाले विधानसभा के प्रत्याशी जीवेश मिश्रा के नाम से एक स्कॉर्पियो गाड़ी मिली है, जिसमें से भारी मात्रा में चुनावी प्रचार सामग्री बरामद हुई। मस्का बाजार के पास धनकौल जाने वाली सड़क पर स्थानीय लोगों ने गाड़ी को रोका। गाड़ी में भारी संख्या में भाजपा चिन्ह वाली घड़ियां, पंपलेट और अन्य प्रचार सामग्री मिली। आरोप था कि इन घड़ियों और प्रचार सामग्री को मतदाताओं में बांटकर चुनाव प्रभावित करने की कोशिश की जा रही थी।

## खबर संक्षेप

### भुवनेश्वर के मार्केट में आग, 20 दुकानें खाक



**भुवनेश्वर।** यहां के यूनिट-1 सब्जी मंडी क्षेत्र में बुधवार दोपहर भीषण आग लग गई, जिसमें लगभग 20 दुकानें जलकर खाक हो गईं। घने धुएं और लपटों ने देखते ही देखते पूरे बाजार को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे स्थानीय विक्रेताओं और निवासियों में दहशत फैल गई। दमकल की 11 गाड़ियां पहुंचीं व आग पर काबू पाया गया।

### दुर्गापुर दुष्कर्म मामला 4 न्यायिक हिरासत में



**दुर्गापुर।** पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा से सामूहिक दुषकर्म मामले में गिरफ्तार चार आरोपियों को बुधवार को अदालत ने 27 अक्तटूबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अदालत के आदेश के बाद अब पुलिस फोरेंसिक और डिजिटल सबूत जुटाने की प्रक्रिया में जुट गई है। 2 अन्य को 5 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था।

### लखीमपुर खीरी में बस में आग, 20 झुलसे



**लखीमपुर खीरी।** यहां के मैगलगंज कस्बे में मुख्य चौराहे पर बुधवार सुबह उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब डग्गामार स्लीपर बस में आग लग गई। देखते ही देखते पूरी बस आग का गोला बन गई। बस में करीब 100 यात्री सवार थे। स्थानीय लोगों ने भी मेहनत की। कई यात्री तो खिड़कियों से कूद गए।

### छठ की पूजा से बैन हमारी सरकार ने हटाया



**नई दिल्ली।** छठ पूजा को लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि वर्षों से यमुना पर छठ की पूजा सरकार द्वारा बंद कर दी गई थी जिस प्रतिबंध को इस बार हमारी सरकार ने हटाया है। लगभग 17 पॉइंट्स पर सरकार द्वारा मॉडल छठ घाट बनाए जा रहे हैं। दिल्ली में 1000 से अधिक छठ कार्यक्रमों के लिए आवेदन आ चुके हैं।

**लोकपाल के बीएमडब्ल्यू कार खरीदने पर देश में राजनीति गरमाई**

# ईमानदारी के रखवाले बने 'शौकपाल' इस खरीदी को ही बताया अनावश्यक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

> लोकपाल ने 16 अक्टूबर को एक टेंडर जारी किया, जिसमें कहा गया कि उसे बीएमडब्ल्यू तीन सीरीज 330एलआई एम स्पोर्ट (लांग व्हीलबेस, सफेद रंग) की 7 गाड़ियां चाहिए। इसी पर राजनीति हो रही है

**विपक्ष के तमाम नेताओं ने साधा निशाना**

भ्रष्टाचार पर नजर रखने वाली संस्था लोकपाल इन दिनों विवादों में चल रहे है। इसके पहले भी कांग्रेस के कई नेताओं ने लोकपाल के कार्य पर सवाल उठा चुके हैं। कारण है कि सात लग्जरी बीएमडब्ल्यू कारों की खरीद का टेंडर। इसकी कुल कीमत करीब पांच करोड़ रुपए बताई जा रही है।

ऐसे में अब इस मामले में सियासत तेज हो गई है। विपक्षी दलों के नेताओं ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अब लोकपाल नहीं, 'शौकपाल' हो गया है। ये पूरा मामला तब शुरू हुआ जब लोकपाल ने 16 अक्टूबर को एक टेंडर जारी किया, जिसमें कहा गया कि उसे बीएमडब्ल्यू तीन सीरीज 330एलआई एम स्पोर्ट (लांग व्हीलबेस, सफेद रंग) की 7 गाड़ियां चाहिए। हर गाड़ी की कीमत लगभग 69.5 लाख रुपए बताई गई है। ये गाड़ियां लोकपाल के चेयरमैन जस्टिस एएम खानविलकर (सेवानिवृत्त) और 6 अन्य सदस्यों के लिए खरीदी जा रही हैं।

### 330एलआई एम स्पोर्ट की 7 गाड़ियों के लिए टेंडर दिया



**विपक्षी नेताओं ने उठाए सवाल**

#### लोकपाल को बीएमडब्ल्यू क्यों?

लोकपाल के इस टेंडर के बाद विपक्षी दल ने लोकपाल पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि जिन लोगों ने मनमोहन सिंह सरकार के खिलाफ झूठा प्रचार किया, अब वही लोकपाल की असलियत देख लें। पी. चिदंबरम ने सवाल किया कि जब सुप्रीम कोर्ट के जजों को मामूली कारें मिलती हैं, तो ये संस्था 'पैंथर' नहीं, 'पूडल' बन गईः सिंघवी अभिषेक मनु सिंघवी ने तंज कसते हुए कहा कि 8703 शिकायतें, सिर्फ 24 जांचें, 6 अभियोजन स्वीकृति और अब बीएमडब्ल्यू ये संस्था 'पैंथर' नहीं, 'पूडल' बन गई है। वहीं टीएमसी सांसद साकेत गोखले ने कहा कि लोकपाल का सालाना बजट 44.32 करोड़ रुपए है और ये गाड़ियां उसी का 10 फीसदी हैं। इसके साथ ही शिवसेना (यूबीटी) की प्रियंका चतुर्वेदी ने भी सवाल उठाया कि देशी की बात करने वाली सरकार अब विदेशी कारें खरीद रही है?

#### गाड़ियों के साथ ट्रेनिंग भी मुफ्त

गौरतलब है कि टेंडर में यह भी कहा गया है कि विक्रेता को 7 दिन की ट्रेनिंग मुफ्त देनी होगी, जिसमें ड्राइवरों को सभी फीचर्स, सुरक्षा उपायों और इमरजेंसी हैंडलिंग की जानकारी दी जाएगी। यह ट्रेनिंग डिलीवरी के 15 दिन के अंदर पूरी होनी चाहिए। वहीं बोली लगाने की अंतिम तारीख 6 नवंबर है। इसके लिए एजेंसियों को 10 लाख रुपये की जमा राशि (ईएमडी ) भी देनी होगी। डिलीवरी आदेश मिलने के बाद 2 हफ्ते से 30 दिन के भीतर गाड़ियां सप्लाई करनी होंगी।

### मालाबार देवस्वोम बोर्ड को नोटिस, कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति पर रोक

सुप्रीम कोर्ट ने कासरगोड के त्रिचंबरम स्थित मुलंगेश्वरम शिव मंदिर के लिए कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। शीर्ष अदालत का यह आदेश उन आरोपों के बीच जब केरल सरकार द्वारा नियंत्रित मालाबार देवस्वोम बोर्ड मंदिर का प्रबंधन अपने हाथ में लेने की कोशिश की जा रही है। शीर्ष अदालत तालीपरंबा क्षेत्र संरक्षण समिति की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने 16 अक्टूबर को बोर्ड को नोटिस जारी किया और निर्देश दिया कि अगले आदेश तक, कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति के संबंध में यथास्थिति बनाए रखी जाए। इसका मतलब है कि मंदिर का प्रशासन फिलहाल समिति के हाथों में ही रहेगा। तलीपरंबा क्षेत्र संरक्षण समिति चार दशकों से ज्यादा समय से मंदिर का प्रबंधन करने का दावा करती है।

**केरल मंदिर अधिग्रहण में गहराया विवाद**



**देशव्यापी एसआईआर पर किया मंथन**

### ईसीआई के शीर्ष अधिकारियों ने राज्यों के सीईओ से की मुलाकात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



देशव्यापी विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर चुनाव आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात की है। इस बैठक में आगामी चुनावों से पहले मतदाता सूचियों को दुरुस्त करने और देशव्यापी एसआईआर पर योजना को अंतिम रूप देने पर मंथन हुआ है। एसआईआर का मुख्य उद्देश्य पुराने और गलत रिकॉर्ड हटाकर मतदाता सूची को अद्यतन करना है। इसमें खासतौर पर अवैध विदेशी प्रवासियों के नामों की पहचान और उन्हें सूची से हटाने पर जोर दिया जाएगा। आयोग इस बार यह अभियान चरणबद्ध तरीके से शुरू करने पर विचार कर रहा है।

#### असम, केरल, पुद्दुचेरी, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल शामिल

चुनाव आयोग की योजना है कि एसआईआर की शुरुआत उन राज्यों से की जाए जहां 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन राज्यों में असम, केरल, पुद्दुचेरी, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल शामिल है। जिन राज्यों में फिलहाल स्थानीय निकाय चुनाव चल रहे हैं या होने वाले हैं, वहां यह अभियान बाद में शुरू होगा ताकि स्थानीय चुनावी मशीनरी पर अतिरिक्त दबाव न पड़े।

**कफ सिरप पीने के बाद बिगड़ी तबीयत**

### कोटा में महिला की गई जान 500 से अधिक बॉटल्स जब्त

एजेंसी ▶▶ कोटा



राजस्थान के कोटा जिले में कफ सिरप पीने के बाद एक महिला की मौत के बाद ड्रग कंट्रोलर की ओर से बड़ा एक्शन सामने आया है। ड्रग कंट्रोलर ने मेडिकल स्टोर और गोदाम पर छापा मारा। छापेमारी में 500 से अधिक कफ सिरप की बोतलों को जब्त किया गया है। यह कार्रवाई ड्रग कंट्रोलर देवेंद्र गर्ग के नेतृत्व में की गई है। इन सैंपल को जांच के लिए लेबोरेटरी में भेजा गया है। इसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

#### जांच रिपोर्ट का हो रहा इंतजार

अधिकारी मामले में कुछ भी कहने से बच रहे हैं। जांच में सामने आया है कि कफ सिरप के इन बोतलों को अहमदाबाद से मंगवाया गया था। जांच रिपोर्ट का भी इंतजार है। पुलिस ने भी महिला की डेड बॉडी का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। परिजनों की तरफ से दी गई शिकायत पर कार्रवाई की जा रही है।

**दिवाली के बाद कई जगहों पर हवा बनी जहरीली**

# जींद और धारूहेड़ा इलाके देश में सबसे ज्यादा प्रदूषित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिवाली के बाद एक बार फिर देश की राजधानी वायु प्रदूषण की समस्या से जूझ रही है। खराब वायु गुणवत्ता ने लोगों का सांस लेना भी दूभर कर दिया है। हालांकि देश के कई शहर ऐसे भी हैं, जहां वायु गुणवत्ता दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से भी ज्यादा खराब रही। हरियाणा के जींद और धारूहेड़ा इलाके देश में सबसे ज्यादा प्रदूषित रहे और इनमें मंगलवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक क्रमशः 421 और 412 रहा, जो दिल्ली (335) की तुलना में कहीं ज्यादा है। इसके अलावा चरखी दादरी (364), जींद (374), रोहतक (353), यमुनानगर (344), फतेहाबाद (314), बल्लभगढ़ (315), भिवानी (291) और बहादुरगढ़ (276) दर्ज किया गया।

### दिल्ली-एनसीआर से भी ज्यादा इन शहरों में बढ़ा प्रदूषण



**राजस्थान में स्थिति भयावह**

राजस्थान के शहरों में बुधवार को स्थिति भयावह बनी हुई है। श्रीगंगानगर में एक्यूआई 466, चूरू में 413, बीकानेर में 305, अलवर में 363, अजमेर में 306 और राजधानी जयपुर में वायु गुणवत्ता सूचकांक 248 दर्ज किया गया।

**पंजाब में भी खतरनाक स्तर पर वायु प्रदूषण**

पंजाब के शहरों की हवा भी दमघोटू है। मंगलवार को लुधियाना में एक्यूआई 271, जालंधर में 247, अमृतसर में 224, पटियाला में 206 दर्ज किया गया। पटाखे जलाने के साथ ही खेतों में पराली जलाने को भी प्रदूषण की प्रमुख वजह माना जा रहा है।

**उत्तर प्रदेश के कई शहरों में हवा बेहद खराब**

लखनऊ में बुधवार को एक्यूआई 184 दर्ज किया गया, जो ऑरेंज जोन में आता है। बुधवार को मेरठ में एक्यूआई 327 दर्ज किया गया। प्रदेश के एक और प्रमुख शहर गाजियाबाद में भी वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर है।

**कर्नाटक सीएम के बेटे का बड़ा बयान**

**मुख्यमंत्री बोले 5 साल पूरे करूंगा**

### सिद्धारमैया अपने पॉलिटिकल 'करियर' के आखिरी दौर में, मार्गदर्शक की वकालत की

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक में सीएमपद में बदलाव को लेकर लंबे समय से अटकलें चल रही हैं। बुधवार को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के बेटे ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि वे (सिद्धारमैया) अपने पॉलिटिकल करियर के आखिरी दौर में हैं और उन्हें कैबिनेट के साथी सतीश जारकीहोली का मार्गदर्शक बनना चाहिए। कई महीनों से ऐसी अटकलें चल रही हैं कि सिद्धारमैया को हटाकर डीके शिवकुमार को सीएम बनाया जा सकता है। हालांकि, लगभग हर बार इस बारे में मना किया जाता रहा है उन्होंने कहा था कि मैं पूरे पांच साल के टर्म के लिए मुख्यमंत्री हूं।

सीएम के बेटे यतींद्र सिद्धारमैया ने कहा कि मेरे पिता अपने पॉलिटिकल करियर के आखिरी दौर में हैं। इस स्टेज पर उन्हें एक मजबूत आइडियोलॉजी और प्रोग्रेसिव सोच वाले नेता की जरूरत है, जिसके वे मार्गदर्शक बन सकें। जारकीहोली ऐसे ही इंसान हैं, जो कांग्रेस पार्टी की आइडियोलॉजी को बनाए रख सकते हैं और पार्टी को लीड भी कर सकते हैं। जब यतींद्र ने यह कहा,तब जारकीहोली भी वहीं कार्यक्रम में थे।



#### कैबिनेट में भी अभी नहीं होगा कोई बदलाव

सिद्धारमैया ने कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव संपन्न होने तक राज्य मंत्रिमंडल में कोई फेरबदल नहीं किया जाएगा।सरकार तालुक पंचायत और जिला पंचायत सहित सभी स्थानीय निकायों के चुनाव कराने के लिए तैयार है। अदालत का आदेश मिलते ही हम चुनाव कराएंगे।

**जबलपुर**
गुरुवार, 23 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष-2
वर्ष : 20, अंक : 174
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

**मौसम**
अधि. 30
न्यून. 20

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com






राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 4 दिन के केरल दौरे पर

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हेलीकॉप्टर लैंडिंग के दौरान बड़ी घटना, केरल में धंसा हेलिपैड

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 22 अक्टूबर से केरल दौरे पर हैं। 4 दिन वे केरल में रहेंगी। बुधवार को राष्ट्रपति को सबरीमला स्थित भगवान अयप्पा मंदिर में दर्शन और आरती के लिए पत्तनामथिट्टा में जाना था। इसके लिए राष्ट्रपति पत्तनामथिट्टा के प्रमदम स्टेडियम के हेलीपैड पर राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर को लैंड करना था, लेकिन इस दौरान बड़ी घटना हो गई। लैंडिंग के दौरान हेलीपैड का एक हिस्सा धंस गया। राष्ट्रपति भारतीय एयरफोर्स के हेलीकॉप्टर में सवार थीं। हालांकि, गनीमत रही कि कोई बड़ी घटना नहीं हुई है। घटना के बाद मौके पर तुरंत पुलिस और फायर डिपार्टमेंट के कर्मियों ने धंसे हुए स्थान से हेलिकॉप्टर को बाहर निकाला।

**मंगलवार रात में बनाया गया था हैलीपेड बारिश के कारण रह गई थी नमी**

**पहले लैंडिंग पंबा में होनी थी, बाद में खराब मौसम के चलते प्रमदम में कराई गई**


भगवान अयप्पा मंदिर में पूजा-अर्चना करने वाली वे पहली महिला राष्ट्रपति

**राष्ट्रपति ने सबरीमाला मंदिर में दर्शन किए**

## इरुमुदिकेट्टु को हाथ में लिए पवित्र 18 सीढ़ियां (पथिनेट्टमपदी) चढ़ीं

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को सबरीमला स्थित भगवान अयप्पा मंदिर में पूजा-अर्चना की। पारंपरिक काले परिधान पहने और इरुमुदिकेट्टु को हाथ में लिए राष्ट्रपति ने पवित्र 18 सीढ़ियां (पथिनेट्टमपदी) चढ़ीं और कड़ी सुरक्षा के बीच भगवान अयप्पा के दर्शन किए। राष्ट्रपति सुबह-सुबह पंबा पहुंचीं, पवित्र नदी में स्नान किया और पंबा गणपति मंदिर में पूजा-अर्चना की।

### ये कार्यक्रम हैं राष्ट्रपति के

आज गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सबरीमला मंदिर के बाद राजभवन में पूर्व राष्ट्रपति केआर नारायणन की प्रतिमा का अनावरण करेंगी। इसके बाद राष्ट्रपति वर्कला में शिवगिरी मठ में श्री नारायण गुरु के महासमाधि शताब्दी समारोह का भी उद्घाटन करेंगी। राष्ट्रपति की कोट्टायम जिले के पाला स्थित सेंट थॉमस कॉलेज के 75 वर्ष पूरे होने के उत्सव के समापन कार्यक्रम में शामिल होने की योजना है। 24 अक्टूबर को एर्णाकुलम स्थित सेंट टेरेसा कॉलेज के शताब्दी समारोह में राष्ट्रपति शामिल होंगी।

## खबर संक्षेप

### खंती में नहाने गए दो बच्चों की डूबने से मौत

**उज्जैन।** झालरिया गांव में डबरी (खंती) में डूबने से 2 बच्चों की मौत हो गई। दोनों रिश्ते में ममेरे भाई थे। बुधवार को गांव में अयाज खान (14) निवासी झालरिया, रेहान खान (14) चित्तोड़गढ़ राजस्थान, जाहिद खान (15) निवासी झालरिया खदान के लिए खोदी गई खंती में नहाने गए थे। नहाते वक्त तीनों गहरे पानी में चले गए। तीनों डूबने लगे। इस दौरान वहां मौजूद दूसरों बच्चों ने जाहिद को बचा लिया।



### मंगलसूत्र नहीं दिलाया तो पत्नी ने कर ली आत्महत्या

**बड़वानी।** डॉक्टर की पत्नी ने 301 फीट ऊंचे पुल से नर्मदा नदी में छलांग लगाकर सुसाइड कर लिया। पति डॉ. कृष्णा लोनखेड़े का कहना है कि पत्नी को मंगलसूत्र चाहिए था। उसे समझाया कि बाद में ला देंगे। इसी से नाराज होकर उसने आत्महत्या कर ली। महिला कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर थी और जिले के बोराली गांव में पदस्थ थी। घटना छोटी कसरावद गांव में बुधवार सुबह करीब 9.30 बजे की है।



### वृंदावन के लिए निकले बुजुर्ग की ट्रेन से कटकर मौत

**अशोकनगर।** माता मंदिर के पास रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से एक 62 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना बुधवार को दोपहर के समय हुई। मृतक की पहचान देवखेड़ी निवासी सिरनाम सिंह पुत्र बादल सिंह धाकड़ के रूप में हुई है। सिरनाम बुधवार सुबह अपने घर से वृंदावन जाने की बात कहकर निकले थे। ट्रेन की चपेट में आने से उनके दोनों पैर कटकर अलग हो गए और सिर में भी गंभीर चोटें आईं थीं।



**उम्मीद : भारत के लिए बेहतर हो सकती है नवंबर की शुरुआत, आ सकती है ये खबर**

# भारत-अमेरिका में टैरिफ डील निर्णायक मोड़ पर... 50 नहीं 15% टैरिफ होगा

*रिपोर्ट में यहां तक दावा किया गया है कि इसी अक्टूबर के अंत तक यह डील फाइनल हो सकती है। कई दौर की वार्ताओं के बाद दोनों देश निर्णायक मोड़ पर पहुंच गए हैं*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के लिए जल्द ही खुशखबरी हो सकती है। भारत लगा 50 % प्रतिशत महज 15 से 16 प्रतिशत तक रह सकता है। इसके लिए भारत अमेरिका एक डील पर काम कर रहे हैं। दावा किया गया कि दोनों देश काफी समय से एक व्यापार डील को पूरा करने के करीब पहुंच गए हैं। इससे भारत पर लगा अमेरिकी टैरिफ बेहद कम हो जाएगा। इसके साथ ही डील में कृषि और एनर्जी दोनों को केंद्र में रखा जा रहा है।

जैसा कि ट्रंप लगातार रूस से तेल खरीदने पर आपत्ति जता रहे हैं। इससे साफ है कि डील में रूस से कच्चा तेल खरीदने का बिंदु जरूर शामिल होगा। ट्रंप के मुताबिक भारत रूस से तेल खरीद बंद या कमी कर सकता है। नवंबर की शुरुआत में इस डील के होने की खबर मिल सकती है।

**दोनों देश डील के बिल्कुल नजदीक पहुंचे**


फाइल फोटो

**इस डील में कृषि और एनर्जी दोनों को केंद्र में रखा जा रहा है**

**डील में रूस से कच्चा तेल खरीदने का बिंदु जरूर शामिल होगा**

## आसियान शिखर सम्मेलन में ऐलान कर सकते हैं ट्रंप

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिका और भारत के बीच यह डील अपने अंतिम चरण में है। रिपोर्ट में यहां तक कहा गया कि इसी अक्टूबर के अंत तक यह डील फाइनल हो सकती है। इसी महीने के अंत में आसियान शिखर सम्मेलन होना है। इस मौके पर ट्रंप इसका औपचारिक ऐलान कर सकते हैं। हालांकि, अभी तक दोनों देशों ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

### भारत रूस से तेल खरीदना कर सकता है कम

22 अक्टूबर को ट्रंप ने दिवाली की शुभकामानाएं देने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी को फोन किया था। इसके बाद ट्रंप ने दावा किया था कि पीएम मोदी रूस से तेल खरीद को बेहद कम कर देंगे। पीएम मोदी भी रूस-यूक्रेन को खत्म करना चाह रहे हैं। इससे रिपोर्ट का दावा और स्पष्ट हो जाता है कि रूस से तेल खरीद कम करने पर अमेरिका के टैरिफ से बड़ी राहत मिल सकती है।

**पीएम मोदी ने दिवाली की शुभकामनाओं के लिए ट्रंप को कहा धन्यवाद**

### बोले- हम आतंकवाद के खिलाफ एकजुट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दिवाली की शुभकामनाओं के लिए उनका आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि हम आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं और प्रकाश के इस पर्व पर हमारे दो महान लोकतंत्र दुनिया को उम्मीद की किरण दिखाते रहें। पीएम मोदी ने दिवाली की शुभकामनाओं का धन्यवाद करते हुए एक्स पर लिखा, 'राष्ट्रपति ट्रंप, आपके फोन कॉल और दिवाली की हार्दिक शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। इस प्रकाश पर्व पर, हमारी दोनों महान लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं विश्व को आशा की किरणों से रोशन करती रहें और आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ एकजुट रहें। दरअसल, दीवाली के अवसर पर मंगलवार को राष्ट्रपति ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पारंपरिक दीपक जलाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ये दीपक अंधेरे पर प्रकाश, अज्ञानता पर ज्ञान और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। दिवाली समारोह से पहले ट्रंप ने मीडिया को बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बातचीत की, जिसमें मुख्य रूप से ट्रेड संबंधी मुद्दों पर चर्चा हुई। व्हाइट हाउस दिवाली समारोह में एफबीआई निदेशक काश पटेल, राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गब्बार्ड, व्हाइट हाउस के उप प्रेस सचिव कुश देसाई, अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा और नई दिल्ली में वाशिंगटन के दूत सर्जियो गोर समेत प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए. इसमें भारतीय-अमेरिकी व्यापारिक नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल भी भाग लिया।

**महाकाल मंदिर के गर्भगृह की घटना**

# ड्रेस कोड और पगड़ी को लेकर विवाद, गाली-गलौज और हाथापाई की 'नौबत'


विद्वत परिषद के पदाधिकारियों ने घटना की निंदा की


महंत महावीरनाथ

**गर्भगृह में पुजारी महेश शर्मा और नाथ संप्रदाय के महंत महावीरनाथ के बीच गाली-गलौज**

**दोनों ने मंदिर प्रशासक व कलेक्टर से शिकायत की, महेश पुजारी पर परेशान करने का आरोप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में बुधवार को एक अप्रिय घटना हुई। मंदिर के गर्भगृह में पुजारी महेश शर्मा और नाथ संप्रदाय के महंत महावीरनाथ के बीच विवाद हो गया। विवाद ड्रेस कोड और पगड़ी उतारने को लेकर हुआ।

यह विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ने एक-दूसरे के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया। जानकारी के मुताबिक ऋणमुक्तेश्वर मंदिर के महंत महावीरनाथ, गोरखपुर से आए महंत शंकरनाथ महाराज के साथ सुबह सवा आठ बजे दर्शन पूजन के लिए महाकाल मंदिर पहुंचे थे। गर्भगृह में प्रवेश के समय मंदिर के पुजारी महेश शर्मा ने उनसे कहा कि वे ड्रेस कोड का पालन करें और पगड़ी उतारें। इसी बात पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। महंत महावीरनाथ ने आरोप लगाया कि पुजारी महेश शर्मा सभी श्रद्धालुओं को परेशान करते हैं। उन्होंने बताया कि उनके साथ आए महंत हार्ट पेशेंट हैं, फिर भी उनसे पगड़ी और कपड़े उतरवाए गए। महंत ने कहा कि वे कलेक्टर को ज्ञापन देकर महेश शर्मा को मंदिर से हटाने की मांग करेंगे।

**एक एकड़ जमीन पर दो पक्षों में विवाद**

# दुकान पर दीया जला रहे दो भाइयों का 'कत्ल'

**तीसरे की हालत गंभीर**

एक भाई ने मौत से पहले रिकॉर्ड किया मैसेज


चौकी प्रभारी

**परिजनों ने नेशनल हाईवे 43 पर चक्काजाम कर दिया**

**चौकी प्रभारी आशीष झारिया लाइन हाजिर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहडोल

शहडोल जिले में तलवार से वार कर दो भाइयों की हत्या कर दी गई। बचाने पहुंचे तीसरे भाई पर भी हमला किया। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। हत्या के मुख्य आरोपी ने अपने कुछ साथियों के साथ बुढ़ार थाने में सरेंडर कर दिया है। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक ने केशवाही चौकी प्रभारी आशीष झारिया को लाइन हाजिर कर दिया। घटना मंगलवार रात बलबहरा गांव की है।

**न्यायाधीशों को डीए देने के आदेश जारी**

# मप्र में जजों को मिलेगा 3% डीए, कर्मचारियों को इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के करीब साढ़े सात लाख कर्मचारियों को जहां महंगाई भत्ते (डीए) में बढ़ोतरी का इंतजार है, वहीं राज्य सरकार ने न्यायिक सेवा के अधिकारियों को राहत दी है। सरकार ने उनका केंद्र के समान 3% महंगाई भत्ता बढ़ाने के आदेश जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही अब न्यायाधीशों और न्यायिक अधिकारियों को 58% डीए का भुगतान किया जाएगा। विधि और विधायी कार्य विभाग ने एमपी हाईकोर्ट जबलपुर के रजिस्ट्रार जनरल को भेजे



निर्देश में कहा है कि केंद्र सरकार के कर्मचारियों को वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग ने 1 जुलाई 2025 से 3% बढ़ा महंगाई भत्ता स्वीकृत किया है। इसके तहत मध्यप्रदेश न्यायिक सेवा (वेतन, पेंशन तथा अन्य सेवानिवृत्ति लाभों का पुनरीक्षण) नियम 2022 के नियम-9 के अंतर्गत यह बढ़ोतरी न्यायिक सेवा अधिकारियों पर भी लागू होगी।

## इंदौर में गोशाला में गोवर्धन पूजा में शामिल हुए सीएम ने कहा



**निराश्रित गायों को पिंजरे में नहीं, गोशालाओं में 'सुरक्षित' रखा जाएगा**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि प्रदेश में गोशालाओं का संचालन नगरीय निकायों की ओर से सुव्यवस्थित रूप से किया जाएगा। प्रदेश में खुले में विचरण करने वाली निराश्रित गायों को पिंजरे में नहीं बल्कि गोशालाओं में सुरक्षित रूप से रखने के प्रबंध कर उनकी बेहतर देखभाल की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को इंदौर जिले के हातोद तहसील के खजूरिया में नगर निगम इंदौर की ओर से स्थापित रेशम केंद्र गोशाला में आयोजित गोवर्धन पूजा कार्यक्रम में बोल रहे थे।

**कलाम के गुरु और साराभाई के साथी रहे**

# इसरो वैज्ञानिक डॉ. चिटनिस का 100 साल की उम्र में निधन

**निधन से एक दिन पहले मनाया था 100 जन्मदिन**

एजेंसी ▶▶ पुणे

भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. एकनाथ वसंत चिटनिस का बुधवार को उनके आवास पर निधन हो गया।

परिवार के सदस्यों ने बताया कि वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। सुबह ही उन्हें हृदयाघात हुआ। डॉ. चिटनिस ने मंगलवार को ही अपना 100वां जन्मदिन मनाया था। उनका जाना भारतीय वैज्ञानिक समुदाय के लिए एक बड़ी क्षति है। डॉ. चिटनिस डॉ. विक्रम साराभाई के अंतिम जीवित सहयोगियों में से एक थे। डॉ. विक्रम साराभाई को भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम का पिता कहा जाता है। उन्होंने 1960 के दशक में इसरो की नींव रखी। डॉ. चिटनिस ने उनके साथ मिलकर भारत को अंतरिक्ष क्षेत्र में मजबूत बनाया। डॉ. साराभाई के निधन के बाद भी डॉ. चिटनिस ने उनके सपनों को आगे बढ़ाया। एक और रोचक बात यह है कि डॉ. चिटनिस ने युवा वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को मार्गदर्शन दिया। डॉ. कलाम बाद में भारत के राष्ट्रपति बने और उन्हें मिसाइल मैन कहा गया। डॉ. चिटनिस ने डॉ. कलाम को शुरुआती दिनों में सलाह दी और उन्हें प्रेरित किया। वे केरल के थुम्बा में भारत के पहले रॉकेट लॉन्च स्थल को चुनने में भी मुख्य भूमिका निभाई।



**'पद्म भूषण से नवाजे गए थे डॉ. चिटनिस'**

*भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम, ग्वालियर, जबलपुर और सागर संभागों के जिलों में कुछ जगह बारिश हुई, लेकिन सर्दी नहीं बढ़ी*

**पचमढ़ी से ठंडी रही भोपाल की रात, अभी रात का पारा आधा से एक डिग्री तक और बढ़ने के आसार, दिन में ज्यादा बदलाव नहीं**

# चार दिन तक मौसम भी असमंजस में, कहीं बारिश तो कहीं रात में उमस करेगी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में अगले तीन से चार दिन मौसम अहसज रहेगा। कहीं बारिश होगी, कहीं रात का पारा बढ़ने से उमस और हल्की गर्मी का अहसास रहेगा। 27 अक्टूबर के बाद मौसम बदलेगा, बादल छंटेंगे और सर्दी में इजाफा होगा।इससे पहले गुरुवार को प्रदेश के दक्षिणी और पूर्वी हिस्से में बारिश होगी, जो शुक्रवार से शनिवार के बीच उत्तरी हिस्से तक धीरे धीरे बढ़ेगी। अगले तीन से चार दिन में भोपाल सहित अधिकांश जिलों में बौछारें पड़ने से उमस से राहत मिलेगी। हवाएं अभी 8 से 10 किमी प्रति घंटे की हैं, जो चार दिन बाद राजस्थान के ऊपर बने सकुर्लेशन के कमजोर पडऩे के बाद तेजी पकड़ेंगी।



**नौगांव और शिवपुरी में 17 डिग्री रहा रात का पारा**

भोपाल सहित अधिकांश जिलों में अभी नमी की मात्रा अधिक होने से बादल और धुंध का असर बना हुआ है। इससे दिन के तापमान में लगातार दो दिन से कमी और रात के पारे में बढ़त दर्ज हो रही है। बुधवार को भोपाल में रात का पारा 18.2 डिग्री और पचमढ़ी में 19.2 डिग्री रहा। प्रदेश में औसत अधिकतम पारा 31.3 और औसत न्यूनतम पारा 20 डिग्री रहने से रात में उमस का असर महसूस किया गया। सबसे कम रात का पारा नौगांव और शिवपुरी में 17 डिग्री रहा है। साथ ही अनूपपुर में 17.1, टीकमगढ़ 18.5 और शहडोल में न्यूनतम पारा 18.6 डिग्री दर्ज हुआ है।



चिंतन

# सोने के भाव में उतार चढ़ाव से उलझन बढ़ी

पीली धातु यानि सोने को हमेशा से ही सुरक्षित निवेश का साधन माना जाता रहा है। कहा जाता है कि सोना कभी धोखा नहीं देता। यह वित्तीय सुरक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्य भी जोड़ता है। सदियों से सोना चाहे आभूषण के रूप में हो, सिक्के के रूप में हो या डिजिटल संपत्ति के रूप में-निवेश रणनीतियों का एक प्रमुख घटक रहा है। जब भी अर्थव्यवस्था खराब होती है, निवेशक सोने की ओर दौड़ पड़ते हैं जैसे कि यह आखिरी सहारा हो। साथ ही, उच्च मुद्रास्फीति, बाजार में गिरावट और मुद्राओं के मूल्यह्रास के दौरान, सोने का मूल्य लचीला होता है या यहां तक कि अधिक हो जाता है। यही कारण है कि सोना उन लोगों के लिए एक पसंदीदा संपत्ति है जो आर्थिक पतन के खिलाफ अपनी संपत्ति को सुरक्षित रखना चाहते हैं। जब ट्रंप टैरिफ से दुनिया भर की अर्थव्यवस्था हिचकोले खाने लगी तो न केवल निवेशकों बल्कि दुनियाभर के बैंकों ने सोने में निवेश को उचित समझा और उत्पादन से ज्यादा सोने की खप्त बढ़ गई। इसके चलते सोने के दाम आसमान पर पहुंच गए। सोने के साथ-साथ चांदी ने भी हवा से बातें करनी शुरू कर दी। हालांकि सोने को दीर्घ अवधि में सुरक्षित निवेश के रूप में जाना जाता है, लेकिन इसकी अल्पकालिक कीमतें बहुत अस्थिर हो रही हैं। सोने की कीमतें वैश्विक आर्थिक स्थितियों, केंद्रीय बैंक की नीतियों में उतार-चढ़ाव और भू-राजनीतिक घटनाओं से बहुत प्रभावित होती हैं। उन निवेशकों के लिए जो निवेश करना चाहते हैं तुरंत रिटर्न के मामले में, जब सोने की कीमत में उतार-चढ़ाव हो रहा है वो बहुत अप्रत्याशित है। दिवाली के बाद सोना-चांदी के दाम में भारी गिरावट आई है। सोना अपने ऑल टाइम हाई से 5,677 रुपये और चांदी भी रिकॉर्ड हाई से 25,599 रुपये सस्ती हो गई है। 22 अक्टूबर को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 3,726 रुपये घटकर 1,23,907 रुपए के स्तर पर आ गया। इससे पहले 20 अक्टूबर को यह 1,27,633 रुपये पर था। वहीं 17 अक्टूबर को सोने ने 1,29,584 रुपये का ऑल टाइम हाई बनाया था। चांदी के दाम भी 10,549 रुपये घटकर 1,52,501 रुपये प्रति किलो पर आ गए हैं। इससे पहले चांदी 1,63,050 रुपये प्रति किलो थी। वहीं 14 अक्टूबर को चांदी 1,78,100 रुपये के ऑल टाइम हाई पर पहुंची थी। ऐसा माना जा रहा है कि दिवाली जैसे फेस्टिवल के बाद इंडिया में सोने-चांदी की खरीदारी का सिलसिला थम गया। इससे सोना-चांदी की डिमांड में कमी आई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी माहौल में कुछ नरमी दिख रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के शी जिनपिंग के बीच अगले हफ्ते मीटिंग होने वाली है। इससे ट्रेड वॉर की चिंता कम हुई है। माना जा रहा है कि दोनों की मुलाकात के बाद टैरिफ वॉर में कमी आएगी। वहीं कुछ निवेशक मान रहे हैं कि सोने-चांदी की कीमतें ओवरबॉट जोन में पहुंच चुकी थीं। इसलिए ट्रेंड फॉलोअर्स और डीलर्स ने बिकवाली शुरू कर दी है। इसके चलते सोने और चांदी के दाम हिचकोले खा रहे हैं। अब जो माहौल बना है, उससे उन निवेशकों में मायूसी है, जो सोने को तुरंत लाभ का निवेश मानकार चल रहे थे। हालांकि अभी भी सोना निवेश के विपरीत, सोना एक भौतिक, मूर्त संपत्ति जरूर बना हुआ है। कई निवेशक ऐसी संपत्ति के मालिक बनना पसंद कर रहे हैं। हां, लंबे निवेश के लिए ये फायदे का सौदा जरूर कहा जा रहा है। सरकारी नीतियों पर निर्भर वित्तीय साधनों के विपरीत, सोना निर्वात में रहता है और इसे बिना खराब हुए सालों तक संग्रहित किया जा सकता है, जो लाभ भी देता है।



अर्थव्यवस्था
सतीश सिंह

# ऋण वितरण से विकास में आएगी तेजी

बैंकों की ऋण वृद्धि दर पिछले साल की तुलना में 11.4 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई, जबकि जमा वृद्धि दर 9.9 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई। इस दौरान 3.63 लाख करोड़ रुपये से अधिक राशि के ऋण वितरित किए गए, जबकि इससे पिछले पखवाड़े में ऋण के रूप में वितरित की गई राशि 1.02 लाख करोड़ रुपये थी। वहीं, इस अवधि के दौरान बैंकों में जमा वृद्धि राशि 5.51 लाख करोड़ रुपये थी। निष्कर्ष के तौर पर कह सकते हैं कि त्योहारी सीजन, करों को युक्तिसंगत बनाने, राजकोषीय और मौद्रिक मोर्चों पर लिए गए नीतिगत निर्णयों से चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में बैंकों के ऋण वितरण और आर्थिक गतिविधियों दोनों में तेजी आने के आसार हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुसार 20 सितंबर से 3 अक्टूबर के दौरान बैंकों की ऋण वृद्धि दर पिछले साल की तुलना में 11.4 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई, जबकि जमा वृद्धि दर 9.9 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई। इस दौरान 3.63 लाख करोड़ रुपये से अधिक राशि के ऋण वितरित किए गए, जबकि इससे पिछले पखवाड़े में ऋण के रूप में वितरित की गई राशि 1.02 लाख करोड़ रुपये थी। वहीं, इस अवधि के दौरान बैंकों में जमा वृद्धि राशि 5.51 लाख करोड़ रुपये थी।

गौरतलब है कि चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में ऋण वृद्धि दर 9.5 प्रतिशत रही थी, जो दूसरी तिमाही तक बढ़कर लगभग 11.4 0 प्रतिशत के स्तर तक पहुंच चुकी है। घरेलू क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के अनुसार भी बैंकों की ऋण वृद्धि दर में वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही के अंत तक 12 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच जाएगी। माना जा रहा है कि त्योहारी सीजन, सरकारी और नियामकीय उपायों और कॉरपोरेट कर्जदारों के बॉन्ड बाजार जैसी वैकल्पिक व्यवस्था से बैंक उधारी को पंख लगेंगे। हालांकि, निजी पूंजीगत व्यय की वृद्धि में थोड़ा वक्त लगेगा, क्योंकि निजी कंपनियों का विस्तार वैश्विक अनिश्चितताओं की वजह से अपेक्षित गति से नहीं हो पा रहा है। आम लोगों का बैंक जमा में योगदान भी विगत 5 सालों में 64 प्रतिशत से घटकर 60 प्रतिशत रह गया है, जिससे बैंकों के कासा डिपॉजिट में कमी आई है। ऐसी डिपॉजिट में ग्राहकों को कम ब्याज दिया जाता है, जिसके कारण यह बैंक के लिए मुफीद होती है। बहरहाल, इसके बाद भी बैंकों के पास उधारी में तेजी लाने के लिए पर्याप्त पूंजी उपलब्ध है। पिछले 3 सालों में अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में कुल ऋण में वृद्धि दर घटकर 30 मई, 2025 को समाप्त हुए पखवाड़े में 8.97 प्रतिशत रह गई, जिसका प्रमुख कारण पूँजी की कमी और हाल ही में माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र में बैंकों के गैर निष्पादित संपत्ति (एनपीए) राशि में इजाफा होने के कारण विशेष सतर्कता बरतना है।

इस क्षेत्र में सकल एनपीए चालू वित्त वर्ष के अंत तक बढ़कर 16 प्रतिशत होने का अनुमान है, जो पिछले वित्त वर्ष के 8.8 प्रतिशत से लगभग दोगुना है। इसलिए, बैंक परिसंपत्ति की गुणवत्ता को प्राथमिकता दे रहे हैं। साथ ही,वे अंडरराइटिंग मानकों को लगातार सख्त बना रहे हैं, ताकि एनपीए में वृद्धि न हो। कुल उधारी में वृद्धि की धीमी गति के कारण बकाया ऋण भुगतान अनुपात (एलडीआर) घटकर 78.9 प्रतिशत रह गया। इन्क्रीमेंटल एलडीआर भी 1 साल पहले के 98.9 प्रतिशत से घटकर 72.7 प्रतिशत रह गया। बता दें कि यह किसी बैंक के कुल ऋणों और उसकी कुल जमा राशि के बीच का अनुपात होता है, जो किसी बैंक की तरलता और वित्तीय सेहत को मापने के लिए एक महत्वपूर्ण संकेतक है।

पिछले साल की समान अवधि में जमा वृद्धि की तुलना में ऋण वृद्धि काफी अधिक रही और इसमें 700 आधार अंकों का अंतर रहा, जिसके कारण बैंकिंग प्रणाली में एलडीआर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई. बैंकों में कुल जमा वृद्धि पिछले साल के मुकाबले 9.9 प्रतिशत की दर से बढ़ा, जो कुल ऋण वृद्धि दर से 100 आधार अंक अधिक था। इससे पहले मार्च 2022 में कुल ऋण




वृद्धि 9 प्रतिशत से नीचे रही थी। केंद्रीय बैंक के अनुसार बैंकिंग प्रणाली में कुल जमा राशि 231.7 लाख करोड़ रुपये थी, जबकि कुल ऋण 182.8 लाख करोड़ रुपये था। पिछले साल जुलाई महीने से ऋण वृद्धि में नरमी आई, जिसका प्रमुख कारण उधारी दर का अधिक होना था।स्थिति पर काबू पाने के लिए वर्ष 2025 में फरवरी महीने से अब तक रेपो दर में कुल 100 आधार अंकों की कटौती की गई है। फिर भी, फरवरी तक ऊंचे ब्याज दर के कारण कई कोर्पोरेट्सने विदेशों के ऋण पूंजी बाजार की तरफ रुख किया।

शीर्ष रेटिंग वाली कंपनियां तो अभी भी सस्ती दर पर उधारी पाने के लिए बैंकों के मुकाबले डेट पूंजी बाजार जैसे विकल्प को प्राथमिकता दे रहे हैं। विदेशों के ऋण पूंजी बाजार, वैसे वित्तीय बाजार हैं, जहाँ सरकार और कंपनियाँ विभिन्न देशों में निवेशकों को बॉन्ड और ऋण जैसे वित्तीय साधन बेचकर धन जुटाती हैं। इन बाजारों के माध्यम से, कंपनियां विस्तार के लिए पूंजी जुटा सकती हैं, जबकि निवेशक ब्याज के रूप में आय अर्जित कर सकते हैं। इस साल दीवाली में कारोबार पिछले साल के मुकाबले 25 प्रतिशत के उछाल के साथ 5.40 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया, जबकि सेवाओं में 65,000 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। यह आंकड़ा दर्शाता है कि इस साल भी हमनें चाइना मेड उत्पादों की जगह मेड इन इंडिया उत्पादों को तरजीह दी है। उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष दीवाली में कारोबारियों का कारोबार 4.25 लाख करोड़ रुपये का हुआ था।फिलहाल, मामले में बैंक ऋण के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन इतना निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि दीवाली में हुई बिक्री में बैंक उधारी का बड़ा योगदान रहा है, जिसका पता आगामी पखवाड़े में रिजर्व बैंक द्वारा जारी आंकड़ों से चलेगा।

केंद्र सरकार की सकारात्मक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर नीतियों से कर प्रणाली सरल, पारदर्शी और व्यापार-अनुकूल हुई है. जीएसटी और प्रत्यक्ष करों में सुधार से उपभोक्ता खर्च, निवेश, और आर्थिक गतिविधियों और विकास को बढ़ावा मिल रहा है। कर दरों को तर्कसंगत बनाने, अनुपालन को सरल करने और एक स्थिर कर नीति को लागू करने से भारत वैश्विक व्यापार और निवेश के लिए एक मजबूत केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है. बाईस सितंबर से जीएसटी की नई दरें लागू हुई हैं, जिससे निरंतर बचत और व्यय को बढ़ावा मिल रहा है. आयकर के तहत भी नई कर व्यवस्था से मध्यम वर्ग को राहत मिली है. रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति से महंगाई काबू में आई है और रेपो दर में इस साल 100 आधार अंकों की कटौती से बैंकों ने खुदरा और कॉरपोरेट दोनों उधारकर्ताओं के लिए ऋण को सस्ता किया है, जिससे आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने में मदद मिल रही है।

केंद्रीय बैंक ने अर्थव्यवस्था में ऋण प्रवाह को बढ़ावा देने और बैंकिंग लागत को कम करने के के लिए हाल में कई सुधारों को भी अमलीजामा पहनाया है, जिनमें बैंकों को गैर-वित्तीय क्षेत्र की भारतीय कंपनियों के अधिग्रहण के लिए रकम मुहैया कराना, प्रतिभूतियों के एवज में ऋण एवं आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के वित्तपोषण की अधिकतम सीमा बढ़ाना और गृह ऋण और अन्य ऋणों पर जोखिम भार में बदलाव शामिल हैं। निष्कर्ष के तौर पर कह सकते हैं कि त्योहारी सीजन, करों को युक्तिसंगत बनाने, राजकोषीय और मौद्रिक मोर्चों पर लिए गए नीतिगत निर्णयों से चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में बैंकों के ऋण वितरण और आर्थिक गतिविधियों दोनों में तेजी आने के आसार हैं।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मंथन
प्रो. (डॉ.) भारत




# सभ्य समाज की अमृतधारा संवाद, संवेदना व संस्कार

आज के इस बदलते युग में, जहां सूचना और तकनीक ने दुनिया को एक क्लिक की दूरी पर ला दिया है, वहीं मनुष्य और मनुष्य के बीच का आत्मीय जुड़ाव कहीं खोता जा रहा है। संचार के साधन बढ़े हैं, पर संवाद की आत्मा क्षीण हो रही है। यह विडंबना हमारे समय की सबसे बड़ी चुनौती है। दरअसल, संवाद, संवेदना और संस्कार- ये तीन तत्व किसी भी सभ्य समाज की अमृतधारा हैं। इन्हीं के संतुलित संगम से एक सशक्त, मानवीय और विकसित भारत की आधारशिला रखी जा सकती है। लोकतंत्र का प्राणतत्व संवाद को लोकतंत्र की जीवनरेखा कहा जा सकता है। संवाद का अर्थ केवल बोलना नहीं, बल्कि सुनना, समझना और स्वीकारना भी है। यह विचारों के संघर्ष से नहीं, बल्कि उनके समन्वय से जन्म लेता है। जब व्यक्ति या समाज संवादहीन हो जाता है, तब संदेह, असहिष्णुता और विभाजन की दीवारें ऊँची हो जाती हैं। आज सोशल मीडिया और डिजिटल मंचों ने अभिव्यक्ति के अनेक अवसर दिए हैं, परंतु सार्थक संवाद की संस्कृति पीछे छूट गई है। एक क्लिक में मत व्यक्त हो जाता है, पर मन का संबंध नहीं बन पाता। लोकतंत्र तभी फलता-फूलता है जब नागरिक एक-दूसरे की बात सुनने, समझने और उसमें सामंजस्य खोजने की क्षमता रखते हों। परिवार से लेकर संसद तक, हर स्तर पर संवाद का जीवंत रहना ही सामंजस्यपूर्ण समाज की पहचान है।स ंवाद हमें विचारों की विविधता को स्वीकारने की शक्ति देता है। असहमति को विरोध नहीं, बल्कि वैचारिक विस्तार के रूप में देखने की दृष्टि संवाद से ही आती है। मानवीयता की धारा संवेदना सभ्य समाज का हृदय है। यह वह आंतरिक ऊर्जा है जो हमें दूसरों के सुख-दुःख से जोड़ती है, हमें आत्मकेंद्रित होने से रोकती है और समाज के व्यापक हित की ओर प्रेरित करती है। संवेदनशील व्यक्ति न केवल अपने अधिकारों के प्रति सजग होता है, बल्कि दूसरों के अधिकारों की भी रक्षा करता है। आज जब उपभोक्तावाद और भौतिकता ने जीवन को यांत्रिक बना दिया है, तब संवेदना ही हमें मानव बनाए रखने का सबसे बड़ा साधन है। चाहे पर्यावरण संरक्षण की बात हो, सामाजिक न्याय की, लैंगिक समानता की या निर्धन वर्ग के उत्थान की—इन सबके केंद्र में संवेदना ही है। संवेदना के बिना हुआ विकास अधूरा है, क्योंकि उसमें मानवीय मूल्यों का स्पंदन नहीं रहता। संस्कृति की आत्मा संस्कार किसी राष्ट्र की सांस्कृतिक चेतना का केंद्र हैं। वे केवल परंपराओं का पालन नहीं, बल्कि मूल्य आधारित जीवन का मार्गदर्शन हैं। संस्कार व्यक्ति को अनुशासन, सत्यनिष्ठा, सहिष्णुता और करुणा की ओर प्रेरित करते हैं।

संस्कारित नागरिक ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। विद्यालय, परिवार और समाज मिलकर व्यक्ति में ऐसे संस्कारों का बीजारोपण करते हैं जो उसे कर्तव्यपरायण नागरिक बनाते हैं। आज जब नैतिक मूल्य चुनौतियों के दौर से गुजर रहे हैं, तब संस्कार ही वह दीपक हैं जो अंधकार के बीच भी मार्ग दिखाते हैं। भारतीय परंपरा में शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण रहा है। यही कारण है कि हमारे गुरुकुलों से लेकर आधुनिक विश्वविद्यालयों तक, शिक्षा को 'विद्या ददाति विनयम्' अर्थात विद्या विनम्रता देती है... के रूप में देखा गया। संस्कार विनम्रता और संयम के माध्यम से व्यक्तित्व को संतुलन प्रदान करते हैं। अमृतधारा का समन्वयः समरस समाज की आधारशिलासंवाद, संवेदना और संस्कार- तीनों स्वतंत्र नहीं, परस्पर पूरक हैं। संवाद हमें जोड़ता है, संवेदना हमें जगाती है और संस्कार हमें दिशा देते हैं। इन तीनों का प्रवाह समाज में जितना सशक्त होगा, उतनी ही उसकी समरसता गहरी होगी। आज के भारत को केवल आर्थिक रूप से नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और नैतिक रूप से भी विकसित बनने की आवश्यकता है। तकनीकी प्रगति तभी सार्थक है जब उसमें मानवीयता की गंध बनी रहे। अगर संवाद की ऊष्मा, संवेदना की कोमलता और संस्कारों की दृढ़ता हमारे सामाजिक जीवन में पुनः स्थापित हो जाए, तो विभाजन की रेखाएं स्वतः मिट जाएंगी और समरसता का प्रवाह तीव्र हो उठेगा। भारतीय जीवन-दर्शन की पुनर्स्थापनासंवाद, संवेदना और संस्कार केवल शब्द नहीं, बल्कि भारतीय जीवन-दर्शन के तीन स्तंभ हैं। इनकी पुनर्स्थापना ही हमारे राष्ट्र के आत्मबोध की पुनर्जागृति है। आज जब विश्व दिशाहीनता से जूझ रहा है, तब भारत के पास वह आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पूंजी है जो विश्व को नया मार्ग दिखा सकती है। यदि हर नागरिक इन तीनों मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात कर ले... संवाद से सहमति का पुल बनाए, संवेदना से करुणा का विस्तार करे और संस्कार से आचरण को उज्ज्वल बनाए तो भारत पुनः 'विश्वगुरु' के रूप में उभरेगा।

(लेखक पंजाब विवि चंडीगढ़ में वरिष्ठ प्रवक्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है



संकलित
दर्शन

जिस प्रकार संपूर्ण जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है, उसी प्रकार मनुष्यों का विकास भी प्रारंभिक मानवीय प्रतिभाओं से आरंभ होकर विकास की उच्चतर अवस्थाओं तक होता है। उनकी क्षमता एक जन्म के बाद दूसरे जन्म में निरंतर और अधिकाधिक विकसित होती रहती है। संपूर्ण मानव जाति विकास एवं प्रतिविकास के चक्रों से गुजरती रहती है, जिन्हें शास्त्रों में युगों के नाम से संबोधित किया जाता है। उनका आरोहण और अवरोहण होता रहता है। इस समय हम एक ऐसे युग में हैं, जो आरोहण की अवस्था में है। दूसरे शब्दों में, वर्तमान काल में जन्म लेने वाले आत्माएं अपने दादा-दादी और परदादा-परदादी की अपेक्षा विकास की उच्चतर अवस्था में हैं।- आज के बच्चों को देखें, उनके अंदर स्वाभाविक रूप से यह भावना है-, 'नहीं, केवल किसी की त्वचा के रंग के कारण मेरे हृदय में उनके प्रति घृणा उत्पन्न नहीं होगी,' और इन बच्चों के हृदयों में एक अन्य प्रकार की मानवीय अज्ञानता के प्रति एक स्वाभाविक अस्वीकृति है, जिसमें संपूर्ण विश्व के सभी देशों में पुरानी पीढ़ियां दृढ़तापूर्वक विश्वास करती थीं। यह लगभग ऐसा है कि जैसे वे पहले से ही थोड़ी-बहुत तैयारी करके आते हैं। मेरे विचार से, जब आपकी आयु मेरी वर्तमान आयु के बराबर होगी, तो संभवतः आप और भी बहुत अधिक विकास को देखेंगे। तब आप पीछे मुड़कर देखेंगे और कहेंगे, 'ओह, उन पिछली पीढ़ियों के लोग ऐसे कैसे हो सकते थे?'

# क्या भगवान का अस्तित्व है?



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति नाई की दुकान पर अपने बाल कटवाने गया। तभी नाई ने कहा- मैं भगवान के अस्तित्व को नहीं मानता और इसीलिए तुम मुझे नास्तिक भी कह सकते हो। तुम ऐसा क्यों कह रहे हो व्यक्ति ने पूछा। नाई ने कहा- बाहर जब तुम सड़क पर जाओगे तो तुम समझ जाओगे कि भगवान का अस्तित्व नहीं है। अगर भगवान होते, तो क्या इतने सारे लोग भूखे मरते? क्या इतने सारे लोग बीमार होते? व्यक्ति ने थोड़ा सोचा लेकिन वह वाद-विवाद नहीं करना चाहता था। नाई ने अपना काम खत्म किया और वह व्यक्ति नाई को पैसे देकर दुकान से बाहर आ गया। वह जैसे ही नाई की दुकान से निकला, उसने सड़क पर एक लम्बे-घने बालों वाले एक व्यक्ति को देखा जिसकी दाढ़ी भी बढ़ी हुई थी और ऐसा लगता था शायद उसने कई महीनों तक अपने बाल नहीं कटवाए थे। वह व्यक्ति वापस मुड़कर नाई की दुकान में दुबारा घुसा और उसने नाई से कहाः क्या तुम्हें पता है? नाइयों का अस्तित्व नहीं होता। नाई ने कहा- तुम कैसी बेकार बातें कर रहे हो? क्या तुम्हे मैं दिखाई नहीं दे रहा? मैं यहां हूं और मैं एक नाई हूँ। और मैंने अभी अभी तुम्हारे बाल काटे है। व्यक्ति ने कहा- नहीं! नाई नहीं होते हैं। अगर होते तो क्या बाहर उस व्यक्ति के जैसे कोई भी लम्बे बाल व बढ़ी हुई दाढ़ी वाला होता? नाई ने कहा- अगर वह व्यक्ति किसी नाई के पास बाल कटवाने जाएगा ही नहीं तो नाई कैसे उसके बाल काटेगा?

## सटाका




## आज की पाती

### शब्दों का अधूरा ज्ञान सोच की अधूरी उड़ान

आज के दौर में हमारी बोलचाल की भाषा एक अजीब से मिश्रण में बदल गई है आधी हिंदी, आधी अंग्रेजी। असल में यह हमारी भाषाई जड़ों को कमजोर कर रही है। बच्चे और युवा अब किसी भी भाषा में पूरी तरह निपुण नहीं रह गए हैं। वे न तो शुद्ध हिंदी बोल पाते हैं, न ही सटीक अंग्रेजी में अपने विचार रख पाते हैं। आज की पीढ़ी तकनीक में माहिर है, पर अपनी मातृभाषा के अंकों में उलझ जाती है। जब बच्चों से पूछा जाए कि 'चोवन' या 'इक्यावन' कौन सा अंक है, तो वे हिचकिचा जाते हैं। यह स्थिति केवल शिक्षा की नहीं, दिशा की कमी को भी दर्शाती है। हमें यह समझना होगा कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि पहचान का दर्पण है। हमें इस आधी अधूरी भाषा के चलन को तोड़ना होगा। *- पीयूष जोशी, रायपुर*

## ट्रेंड

### 'जोरे साहिब' के दर्शन



गुरु चरण यात्रा श्री गुरु गोबिंद सिंह जी और माता साहिब कौर जी के महान आदर्शों से हमारा जुड़ाव और गहरा करे, यही कामना है। मैं उन क्षेत्रों के लोगों से आग्रह करता हूँ जहाँ यह यात्रा जाएगी, वे पवित्र 'जोरे साहिब' के दर्शन करने अवश्य आएँ।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### हितधारकों के साथ चर्चा




विकासात्मक मुद्दों पर कार्बी आंगलोंग के हितधारकों के साथ चर्चा की। यह क्षेत्र तेज़ी से विकास और युवाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोलने वाला है और हम यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं कि यह क्षेत्र शांतिपूर्वक समृद्ध हो।
**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### छठ स्थलों पर तैयारियां



राजधानी के विभिन्न इलाकों में छठ स्थलों पर तैयारियां तीव्र गति से चल रही हैं। तमाम व्यवस्थाएं उच्चतम मानकों पर सुनिश्चित की जा रही हैं। दिल्ली में इस बार छठ महापर्व केवल आस्था का नहीं, बल्कि अपनत्व, स्वच्छता और समरसता का महाउत्सव होगा।
**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### इंडिया गठबंधन एकजुट



तेजस्वी यादव के साथ बेहद सकारात्मक मुलाकात हुई। बिहार में इंडिया गठबंधन पूरी तरह एकजुट है एवं मजबूती से चुनाव लड़ रहा है। कल महागठबंधन की प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूरी स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।
**-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

## करंट अफेयर

# भारत की सौर परियोजना से 10 देशों की इमारतें रोशन



संयुक्त राष्ट्र में भारतीय दूतावास ने कहा है कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र के सहयोग से प्रशांत क्षेत्र के 10 द्वीपीय देशों में 12 सार्वजनिक इमारतों को सौर ऊर्जा से रोशन किया। यह पहल 15 करोड़ अमेरिकी डॉलर के 'भारत-संयुक्त राष्ट्र विकास साझेदारी कोष' के तहत कार्यान्वित की गई। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने मंगलवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कोष 'हरित ऊर्जा समाधान'' पेश कर रहा है। प्रशांत महासागर के 10 देशों में 12 सार्वजनिक भवनों में सौर ऊर्जा प्रदान की गई है। परियोजना के तहत 74 स्थानीय तकनीशियनों को प्रशिक्षण दिया गया है।' संयुक्त राष्ट्र के दक्षिण-दक्षिण सहयोग कार्यालय (यूएनओएसएससी) ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस परियोजना के तहत 74 स्थानीय तकनीशियनों को प्रशिक्षित किया गया है, 16,500 से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं और 25 वर्षों में लगभग 9,600 टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन से बचने में मदद मिलेगी। यूएनओएसएससी ने अपनी वेबसाइट पर इस बात को रेखांकित किया कि कोष ने विकासशील दुनिया में, विशेष रूप से उन देशों में जहां नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों तक सीमित पहुंच है, स्वच्छ ऊर्जा विकल्पों को समर्थन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## ऑफ बीट

# क्या सैन्य तरीके अपनाने से दो मिनट में नींद आ सकती है



अक्सर एक सलाह होती है सोने के लिए सेना में अपनाए जाने वाले तरीके को आजमाने की। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या इस सलाह से आम लोगों को फायदा होता है। सोशल मीडिया पर कई तरह की बातें कही जाती हैं, जिनमें यह दावा भी शामिल है कि इस तरीके को अपनाने से आपको केवल दो मिनट में नींद आ सकती है। यह बात सुनने में तो बहुत अच्छी लगती है। इस तरीके का उद्देश्य वातावरण की परवाह किए बिना सैन्यकर्मियों के शरीर को नींद के लिए तैयार करने में मदद करना है। इस पद्धति का पहला उल्लेख 'रिलैक्स एंड विन' नामक खेल पुस्तक में मिलता है। इससे जुड़ी जानकारियां स्रोत के आधार पर थोड़ी भिन्न हो सकती हैं। लेकिन तीन प्रमुख घटक समान रहते हैं- 'प्रोग्रेसिव मसल रिलेक्सेशन' (पीएमआर): पीएमआर के जरिये शरीर की विभिन्न मांसपेशियों को सिकोड़कर शिथिल किया जाता है। इसकी शुरुआत चेहरे की मांसपेशियों से की जाती है और फिर कंधों, बाजुओं, छाती व पैरों की मांसपेशियों को आराम दिया जाता है। 'कंट्रोल्ड ब्रीदिंग': इसमें सांस को धीमा और नियंत्रित किया जाता है और लंबी सांस छोड़ने पर जोर दिया जाता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



## लक्ष्मी पूजन के बाद सतरंगी आतिशबाजी से जगमगाया आसमान

# दीवाली की खुशियां बांटने में सराबोर रहा शहर

**जबलपुर**। धन धान्य की देवी लक्ष्मी और विघ्नहर्ता गणेश व भण्डार के अधिष्ठाता भगवान कुबेर की पूजा अर्चना का महापर्व दीपोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राजा हो या रंक, सभी अपनी-अपनी हैसियत के अनुरूप दीवाली की खुशियां बांटी। कोई भी दौर रहा हो, दीपावली पर्व सदैव अपनी नई छठा बिखेरने में सफल रहा। परम्पराओं से जुड़ा यह त्यौहार अपनी वैभवता के अनुकूल पूर्ण खुशहाली के साथ मनाया गया। शहर का हर बाजार (बड़ा अथवा छोटा) धनतेरस के पूर्व से ही जगमग था और आईटमों की नवीनता से चकाचौंध। खरीदी का बाजार महंगाई से प्रभावित नजर आया, लोगों ने औपचारिक खरीददारी की, फल फूल मीठा, नमकीन, पूजन सामग्री सब कुछ इतना महंगा था कि आम आदमी के बस के बाहर था। लोगों ने घर की खुशियां बांटने के लिये औपचारिकताएं ज्यादा की। इसके बावजूद नगर और उपनगरीय क्षेत्र के बाजारों में खरीदी चली। ज्वेलरी, बर्तन, गारमेंट्स और फिर पटाखों की खरीदी ने इस साल नया रिकार्ड बनाया, इसलिए कम बिक्री हुई। दुकानदारों के चेहरे मायूस थे। मिठाई की मिठास ने विचलित किया। लोगों ने अपने प्रतिष्ठानों को बढ़िया तरीके से रोशन किया। प्रतिष्ठानों की दहलीज जगमग दियों से रोशन हुई। पटाखों की आवाजें भी गूंजी। लोगों ने उत्साह के साथ त्यौहार मनाया, एक दूसरे से गले मिले, प्रसाद और उपहार का आदान प्रदान किया।

खास दीवाली के दिन आलम ही निराला था। इस दिन आतिशबाजी की दुकानों में जमकर खरीदी हुई। शाम के समय समृद्धि की देवी लक्ष्मी जी के पूजन के बाद कारोबारी दुकानों में भी परम्परा के अनुसार पूजन किया गया और मिष्ठान का वितरण करने के बाद जमकर आतिशबाजी की गई। हर मुख्य बाजारों की सड़कों पर आतिशबाजी के नजारे देखते ही बनते थे।

## दीपावली पर ऐन पूजन के बाद 1 घंटे झमाझम बारिश

# बारिश ने आतिशबाजी का मजा किरकिरा किया

जबलपुर।

दीपावली की रात आमतौर पर आसमान में रंगों की बरसात और पटाखों की गूंज से जगमग रहती है, लेकिन इस बार इंद्रदेव की अप्रत्याशित मेहरबानी ने पूरे माहौल को बदल दिया। पूजा के ठीक समय हुई तेज बारिश ने लोगों की खुशियों पर पानी फेर दिया। आसमान में गूंजने वाली धूमधड़ाम और गलियों में चमकती आतिशबाजी इस बार काफी हद तक थम गई।महाकोशल के कई शहरों—जबलपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा, मंडला, बालाघाट, नरसिंहपुर, कटनी, सतना, दमोह और सागर—में दीपावली की शाम बारिश ने रफ्तार धीमी कर दी। नतीजा यह रहा कि बाजारों में आई रौनक अचानक ठंडी पड़ गई।

जबलपुर, जो पूरे क्षेत्र का पटाखा व्यापार केंद्र माना जाता है, वहां इस बार कारोबार में करीब 25 करोड़ रुपये की कमी दर्ज की गई। हर साल जहां लगभग 90 करोड़ रुपये तक की बिक्री होती थी, वहीं इस बार आंकड़ा 65 करोड़ रुपये पर ही रुक गया।

### भीड़ आई, पर खरीदार नहीं

पटाखा बाजारों में भीड़ तो खूब नजर आई, लेकिन खरीदारों की जेबें बंद रहीं। दुकानदारों का कहना है कि ग्राहक आते थे, देखते थे, लेकिन बारिश और गीली सड़कों के कारण खरीदारी कम कर रहे थे। कई दुकानों में रखे स्टॉक अब 'ग्यारस' तक बेचने की उम्मीद में हैं।व्यापारियों का कहना है कि मंदी का असर सिर्फ जबलपुर तक सीमित नहीं रहा। आसपास के जिलों में भी आतिशबाजी के बाजार में सुस्ती दिखी। चूंकि जबलपुर से पूरे महाकोशल क्षेत्र में पटाखों की आपूर्ति होती है, इसलिए बिक्री में गिरावट का असर व्यापक रहा।



### सालभर मांग, पर दीपावली में सबसे बड़ा झटका

पटाखा व्यापारियों का कहना है कि दीपावली उनका मुख्य सीजन होता है, मगर सालभर भी पटाखों की मांग बनी रहती है। शादी, बारात स्वागत, धार्मिक जुलूस, जनमाष्टमी, रामलीला और अन्य आयोजनों में आकाशीय पटाखों की मांग लगातार रहती है। फिर भी दीपावली में आई यह गिरावट उनके लिए बड़ा झटका साबित हुई है।

### लोकल फुलझड़ी बनी बाजार की स्टार

इस बीच एक अच्छी खबर भी रही। जबलपुर की मंडला रोड स्थित स्थानीय फैक्ट्री द्वारा बनाई गई 'लोकल फुलझड़ी' ने इस बार बाजार में अपनी खास पहचान बनाई। पहले 'बबलू फुलझड़ी' नाम से बिकने वाली इस फुलझड़ी की कीमत अन्य कंपनियों की तुलना में कम थी, लेकिन इसकी चमक और जलने की गुणवत्ता शानदार रही। व्यापारियों का कहना है कि लोगों ने इस लोकल ब्रांड को हाथोंहाथ खरीदा।

### अगले सीजन की उम्मीद

हालांकि इस बार दीपावली की बिक्री उम्मीद के मुताबिक नहीं रही, लेकिन व्यापारियों को भरोसा है कि आगामी शादी सीजन और धार्मिक आयोजनों में बिक्री फिर रफ्तार पकड़ेगी। फिलहाल, मौसम की वजह से मंदे पड़े बाजारों में अब उम्मीदों की नई किरणें खोजी जा रही हैं।

### प्रकाश पर्व पर छाया अंधकार

दीपावली के दिन रात 9 बजे से 10 के बीच तेज बारिश हुई, इस दौरान 18 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। प्रकाश पर्व पर जगमगा रहे शहर के कई क्षेत्र में 10 मिनिट के लिए अंधकार छा गया था। बिजली गोल हो गई थी, इससे पहले नाराजगी बढ़ती उससे पहले विद्युत विभाग ने बिजली आपूर्ति को बहाल किया।

# ई-टोकन प्रणाली में नई सुविधा : अब किसान स्वयं जोड़ सकेंगे भूमि का विवरण

जबलपुर।

किसानों को खाद की सुगम और समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू की गई उर्वरक वितरण की ई-टोकन प्रणाली को और अधिक किसान-हितैषी बनाने के लिए शासन द्वारा एक नई सुविधा शुरू की गई है।

अब किसान स्वयं अपनी भूमि का विवरण पोर्टल पर दर्ज कर सकेंगे, खासकर तब जब उनकी भूमि एग्रीस्टेक के माध्यम से पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं हो रही हो। इसके लिए वेब पोर्टल पर "भू अभिलेख जोड़ें" नामक नया लिंक उपलब्ध कराया गया है।

**शासन ने वेब पोर्टल पर "भू अभिलेख जोड़ें" लिंक उपलब्ध कराया**

इस लिंक पर क्लिक करके किसान को पोर्टल पर आवश्यक जानकारी भरनी होगी। किसान चाहें तो एक से अधिक भूखंडों की जानकारी भी दर्ज कर सकते हैं। जानकारी भरने के बाद किसान को उसे सत्यापित कर सबमिट करना होगा।

सबमिट की गई जानकारी का सत्यापन संबंधित एसडीएम या पटवारी द्वारा किया जाएगा। सत्यापन पूर्ण हो जाने पर किसान अपनी आवश्यकता अनुसार पोर्टल से उर्वरक के लिए ई-टोकन जनरेट कर सकेंगे।

कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग ने जिले के किसानों से अनुरोध किया है कि वे इस प्रक्रिया का पालन करें, ताकि खाद वितरण की सुविधा उन्हें समय पर और सरलता से प्राप्त हो सके।

### ई-टोकन हेतु भूमि विवरण जोड़ने की प्रक्रिया

जिन किसानों की भूमि एग्रीस्टेक पोर्टल पर नहीं दिख रही है वो ई-टोकन पोर्टल पर जाएं "भू अभिलेख जोड़ें" लिंक पर क्लिक करें मांगी गई जानकारी दर्ज करें (एक से अधिक भूमि भी) जानकारी सत्यापित कर सबमिट करें, इसके बाद संबंधित एसडीएम या पटवारी द्वारा भूमि का सत्यापन किया जाएगा सत्यापन पूर्ण होने पर किसान ई-टोकन जनरेट कर सकेंगे।

# नहीं रहा प्रतिबंध का असर

## रातभर फूटे कानफोडू बम

जबलपुर।

तमाम प्रतिबंध के बावजूद कानफोडू शोर देर रात तक होता रहा। हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद रात 12 बजे के बाद भी 125 डेसिबल से अधिक के बम फूटते रहे। शराबी जुआं और बमों को लेकर दीवाली की आड़ में आतंक मचाते रहे। जुआड़ी रात भर फड़ जमाये रहे। शराब की कलारियां रात भर खुली रहीं और पुलिस भी अपनी दीवाली मनाने में मस्त रही। यहां उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देश के मुताबिक रात 10.30 बजे के बाद आतिशबाजी करना प्रतिबंधित है। दीवाली का त्यौहार है, लोग फटाखे तो फोड़ेंगे ही, लेकिन जान बूझकर लोगों को तंग करने शरारती और शराबी तत्वों द्वारा रात 12 बजे के बाद तेज आवाज के बमों को फोड़ने का सिलसिला शुरू हो गया। अनेक संवेदनशील स्थानों पर इस तरह के कृत्य हुये। कई जगह पटाखे फोड़ने को लेकर विवाद भी हुये। लेकिन जिला और पुलिस प्रशासन प्रतिबंधात्मक आदेशों का पालन कराने में असफल रहा। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा भी यह नियम तय किये गये थे कि 125 डेसिबल से अधिक के बमों की न बिक्री होगी और न ही इस्तेमाल होगा। इसके बावजूद धड़ल्ले से 125 डेसिबल से अधिक के बम न केवल बिके, बल्कि उनका इस्तेमाल भी जमकर हुआ। लार्डगंज थाने के सामने पूरे दिन चौराहे पर शरारती लोग हाथ जलाकर लगातार बम फेंकते रहे और पुलिस मूकदर्शक बनी रही। कई बार दुर्घटना होते हुए बची, दरअसल तेज आवाज बमों के निर्माण पर ही प्रतिबंध लगा देना चाहिए। आजकल एक से बढ़कर एक ग्रीन पटाखे और फैंसी पटाखे आ गए हैं, जिनका प्रदर्शन आकर्षक होता बल्कि मन मोह लेता है, जबकि तेज आवाज वालो बमों से वायु, ध्वनि प्रदूषण के साथ साथ अन्य तरह के नुकसान होते हैं इन्हें सिर्फ शरारती तत्व ही इस्तेमाल करते है।

### एग्जास्ट फैन तोड़कर घुसे चोर, फल दुकान से ले गये दो लाख नगद

**जबलपुर**। विजय नगर थाना अंतर्गत कृषि उपज मंडी स्थित एक फल व्यापारी की दुकान में चोरों ने घुसकर दो लाख रुपये नगद चोरी किये और फरार हो गये. पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई. घटना के संबंध में विजय नगर थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपावली पूजन के बाद दुकानदार हेमंत बहारे दुकान बंद करके चले गये थे. इस बीच दुकान में लगे एग्जास्ट फैन को तोड़कर छेद से अंदर घुसे चोर गल्ले में रखे दो लाख रुपये पार कर ले गये. मंगलवार की सुबह जब वे दुकान खोलने पहुंचे तो उन्होंने देखा कि दुकान में लगा एडजास्ट फैन टूटा था वहीं गल्ले में रखे 2 लाख रुपए गायब थे। पुलिस सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही।

# लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने की गोवर्धन पूजा

## उमरिया गौशाला में किया गौ पूजन, प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

**जबलपुर**। भारतीय संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और पशुधन संवर्धन के प्रतीक पर्व गोवर्धन पूजा के अवसर पर मंगलवार को प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने उमरिया स्थित नगर निगम की गौशाला में भगवान गोवर्धन की विधिवत पूजा की। उन्होंने मंत्रोच्चार के बीच गौ पूजन भी किया और प्रदेशवासियों को गोवर्धन पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी, संतोष वरकड़े, नगर निगम अध्यक्ष कुंज विज, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्वागत एवं पूजा कार्यक्रम

गौशाला पहुंचने पर नगर निगम द्वारा मंत्री श्री राकेश सिंह का सौजन्यपूर्ण स्वागत किया गया। इसके पश्चात उन्होंने उपस्थित संतों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के साथ गोवर्धन की पूजा की। कार्यक्रम में स्वामी नृसिंह दास जी महाराज एवं संत ज्ञानेश्वरी दीदी का विशेष सान्निध्य प्राप्त हुआ।

### स्वामी नृसिंह दास जी का संबोधन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वामी नृसिंह दास जी महाराज ने गोवर्धन पूजा के धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व प्रकृति और मानव के संबंधों को मजबूत करने वाला है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इस पर्व को शासकीय स्तर पर मनाए जाने की पहल के लिए साधुवाद भी दिया।

### समापन में संतों का सम्मान

समारोह के समापन पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने स्वामी नृसिंह दास जी महाराज एवं संत ज्ञानेश्वरी दीदी को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

# राधा रमण सरकार को छप्पन भोग अर्पित कर मनाया गया अन्नकूट

जबलपुर।



राधा रमण सरकार को अर्पित छप्पन भोग के साथ अनोखे अंदाज में मनाया गया अन्नक दीपावली के बाद बुधवार को परमा के दिन गोवर्धन पूजा के साथ जबलपुर शहर के विभिन्न मंदिरों में अन्नकूट भी मनाया गया। प्राचीन काल से चली आ रही परंपरा को वर्तमान में संस्कारधानी के अनेक मंदिरों में निर्वहित किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को सराफा बाजार स्थित प्रसिद्ध श्री राधा रमण सरकार मंदिर में अन्नकूट का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। भगवान राधा रमण सरकार को इस अवसर पर छप्पन भोग अर्पित किया गया। विभिन्न प्रकार के व्यंजनों से सुसज्जित भगवान के दरबार में श्रद्धालु उमड़ पड़े। भोग आरती के बाद इस प्रसाद को श्रद्धालुओं में वितरित किया गया, जिसे लेने दूर-दूर से लोग आए। बुंदेलखंडी परंपरा के निर्वहन के चलते संस्कारधानी में कई प्राचीन एवं अद्भुत वास्तु कला शिल्प कला द्वारा निर्मित मंदिरों में भगवान श्री कृष्ण एवं राधा जी के विग्रह स्थापित है। संस्कारधानी में सर्वाधिक मंदिरों वाला क्षेत्र उत्तर मध्य विधानसभा है।





# दादा गुरु के सानिध्य में हुई सामूहिक गोवर्धन पूजा

**जबलपुर**। गोवर्धन पूजन के अवसर पर बुधवार को अमखेरा रोड स्थित पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भारत सिंह यादव के निवास पर सामूहिक गोवर्धन पूजन का आयोजन किया गया। यह धार्मिक आयोजन संत एवं नर्मदा मिशन के प्रमुख समर्थ भैया जी सरकार दादा गुरु के पावन सानिध्य में आयोजित हुआ। तत्पश्चात सुशीला मैरिज गार्डन अमखेरा रोड पर भी कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता रही। इस मौके पर पूर्व महापौर प्रभात साहू पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भारत सिंह यादव, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, प्रभा यादव, रागिनी कंचन तिवारी, पिंकी राठौर, अर्चना शर्मा, कांग्रेस नेता विनीता यादव दीक्षित, पूर्व मंडी अध्यक्ष प्रदीप यादव, राजेश्वर पटेल, कैलाश पटेल, पूर्व पार्षद प्रदीप यादव, पूर्व पार्षद मुकेश यादव, प्रीति यादव, भाजपा नेता आलोक तिवारी, पार्षद पनागर जनपद की पूर्व अध्यक्ष रजनी यादव, प्रशांत यादव, भूपेंद्र यादव, राजेश यादव, रामनिवास गौतम, संतोष सैनी, पूर्व पार्षद मुरली दुबे, विजय यादव, भाजपा नेता सुरेंद्र गिरी, लक्ष्मी शुक्ला, उदल सिंह यादव, दीपक शर्मा, टिम्मी राजेश यादव, गुड्डा आशीष पटेल, चंदन यादव, मुकेश पटेल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक श्रद्धालु एवं विशिष्टजन उपस्थित रहे।

### मनमोहक अहीर नृत्य की प्रस्तुति

हवन पूजन के उपरांत पूजन स्थल पर मौजूद यादव समाज की टोली ने पारंपरिक वेशभूषा में मनमोहक अहीर नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मौजूद नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर भी उनकी प्रस्तुति देखकर अपने आपको नहीं रोक पाए और उन्होंने भी ग्वालों के साथ नृत्य किया।

### घरों, प्रतिष्ठानों में हुआ लक्ष्मी गणेश पूजन

# धूमधाम से मनाया गया दीपोत्सव का पर्व




**सिहोरा।** पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व पर सोमवार को महालक्ष्मी पूजन आकर्षक विद्युत साज सज्जा एवं मनोरमी आतिशबाजी के साथ धूमधाम से मनाया गया।

घरों एवं प्रतिष्ठानों को महालक्ष्मी एंव गणेश जी के आगमन को लेकर सुंदर ढंग से सजाया गया था। मनोरम रंगोलियां बनाई गई थीं। इस दौरान पूरा शहर रंग-बिरंगी रोशनी से सराबोर दिखा। बाहर रहने वाले लोगों ने अपने परिवार वालों के साथ दिवाली पर त्यौहार का जश्न मनाते नज़र आए चारों तरफ इमारतें और घर रंग-बिरंगी लाइट और दीयों से रोशन रहे मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही।

### आतिशबाजी से सराबोर रहा माहौल

नगर उपनगर में देर रात तक आतिशबाजी और दीपावली के उत्साह में माहौल पूरी तरह जश्न से सराबोर रहा। लोगों ने दीपावली पर लक्ष्मी-गणेश की विशेष पूजा-अर्चन कर दीप जलायें। नगर में स्थित प्रतिष्ठानों को लोगों ने फूलों व इलेक्ट्रॉनिक झालरों से सजाया। जिससे बाजार की आभा देखते ही बन रही थी। लक्ष्मी पूजन के बाद पटाखे फोड़े। गली-मोहल्ले और रिश्तेदारों के यहां मिठाई बांटकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर पर भी दिवाली के शुभकामना संदेश की खूब आवाजाही रही।

### पिकनिक स्पॉट पर रही भीड़

उसके बाद बच्चे युवा और बड़ों ने जमकर आतिशबाजी की। चकरी,लड़ी,अनार,सुतली बम,मुर्गा झाप, पेंसिल,रॉकेट आदि फोड़े। बच्चे और युवाओं ने रंग-बिरंगी पोशाक पहनकर त्यौहार मनाया दूसरे दिन परीवा पर लोगों ने घर पार्कों में पिकनिक मनाकर इंज्वॉय किया मंदिरों में भी पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। खरीदारी के लिए बाजारों में भारी भीड़ रही।

### भगवान राम बनवास पूरा कर वापस आये थे

ऐसी मान्यता है कि भगवान श्रीराम 14 वर्ष का वनवास पूरा करने के बाद अयोध्या लौटे तो लोगों ने खुशी में घी के दीये जलाए। इसके अलावा दिवाली मनाने को लेकर और भी मान्यताएं हैं। कहा जाता है कि लक्ष्मी जी इसी दिन समुद्र मंथन से प्रकट हुई थीं। छोटे-बड़े व्यापारियों ने भी अपने प्रतिष्ठानों पर लक्ष्मी का पूजन किया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी पर्व की धूम रही। इस बार अधिकांश लोगों ने घरों में लोकल लोगों से मिट्टी के दीये खरीदकर अंधेरे को मिटाया। चाइनीज झालर और बल्ब की भी सजावट खूब हुई। पूजन के बाद लोगों ने गली-मोहल्लों में उपहार देकर लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं दी।

### महिलाएं कैसे मनायेंगी छठ महापर्व

# हिरन के घाटों में जमी सिल्ट, चहुंओर गंदगी



**सिहोरा।** सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा की शुरुआत नहाय-खाय से होती है जो कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। इस वर्ष यह तिथि 25 अक्टूबर शनिवार को पड़ेगी इस दिन स्नान करने के बाद घर के कुल देवता और सूर्य देव की पूजा की जाती है। लेकिन नगर की पालक संस्था नगर पालिका ने खितौला स्थित हिरन नदी के घाटों की साफ सफाई तक नहीं कराई है नदी के दो घाटों में से एक में तो मिट्टी सिल्ट जमा होने के साथ गंदगी है।

विदित हो छठ पर्व मनाने वाले उत्तर भारतीयों की संख्या नगर में प्रतिवर्ष बढ़ रही है इसके बाबजुद नगर की पालक संस्था पर्व के पूर्व किसी प्रकार की तैयारी नही करती जिसका खामियाजा ब्रती महिलाओं को उठाना पड़ता है। नगर में छठ महापर्व को लेकर काफी उत्साह हैं। पर्व की तैयारियां घाटों की साफ-सफाई से लेकर प्रकाश व्यवस्था न होने के कारण महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका से घाटों की साफ सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने की मांग की है।

### स्थानीय उत्पादों को अपनाने लोगों को दिया सन्देश

# लोक निर्माण मंत्री सिंह ने खरीदे मिट्टी के बने दीपक

**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह दीपावली पर सोमवार को दोपहर गढ़ा बाजार पहुँचे और मिट्टी से बने दीपक खरीदकर लोगों को स्थानीय उत्पादों को अपनाने का संदेश दिया। श्री सिंह ने कहा कि दीपावली हमारे लिये पवित्र त्यौहार है और इस अवसर पर सभी को स्वदेशी और स्थानीय की तरफ बढ़ना चाहिये तथा मिट्टी से बने उत्पादों को खरीदना चाहिये।

लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल के आव्हान को पूरे देश ने स्वीकार किया है। लोग हर वर्ष स्थानीय उत्पादों की तरफ कदम आगे बढ़ाते जा रहे हैं। विशेष रूप से इस वर्ष जो अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां हैं, उसे देखते हुये देशवासियों में प्रधानमंत्री श्री मोदी के आव्हान पर स्वदेशी और स्थानीय उत्पादों को खरीदने के प्रति जो संकल्प दिखाई दिया है, उससे स्पष्ट नजर आ रहा है कि भारत अब जल्दी ही पूरे तौर पर आत्मनिर्भर और विकसित भारत के रूप में दुनिया के सामने होगा।

लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने दीपावली को देश का सबसे बड़ा त्यौहार बताया। सभी जानते हैं कि इस त्यौहार पर बड़ी संख्या में लोग खरीदारी करते हैं। इस बार की दीपावली की प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी की दरों में कटौती कर खास और ऐतिहासिक बना दिया है। जीएसटी की दरों में कटौती का सबसे बड़ा लाभ मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों को मिला है। इस सौगात के फलस्वरूप लोग स्वदेशी की तरफ आगे बढ़े हैं और खरीदारी कर रहे हैं। लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने लोगों से स्वदेशी वस्तुओं और स्थानीय उत्पादों को खरीदने का आग्रह किया। उन्होंने संस्कारधानी के सभी नागरिकों और प्रदेशवासियों को दीपावली की शुभकानाएं दी तथा विश्वास जताया कि केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एवं प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में हम आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की तरफ तेजी के साथ आगे बढ़ेंगे।

### नृसिंह टेकरी में श्री वासुदेव यज्ञ का आयोजन 27 तक

**सिहोरा।** भक्तों की आस्था के केन्द्र श्री नृसिंह टेकरी खितौला में 20 से 27 अक्टूबर तक श्री वासुदेव यज्ञ का आयोजन किया गया है। महंत स्वामी गोविंददास जी महाराज ने बताया यज्ञ के समापन तथा परम पूज्य स्वामी द्वारिका दास जी महाराज की 22 वीं पुण्यतिथि पर 27 अक्टूबर को संत समागम,श्रद्धांजलि एंव विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है । इस धार्मिक आयोजन में सभी भक्तों से पहुंचने की अपील मंदिर समिति खितौला ने की है।

### अन्नकूट पूजन आरती का आयोजन

# अन्नकूट उत्सव में भगवान को लगे छप्पन भोग



**जबलपुर।** वात्री साहू समाज द्वारा संचालित श्री जगदीश स्वामी कर्मा माई शंकर भगवान मंदिर ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ स्वामी को साहू धर्मशाला गढ़ाफाटक में आरती के पश्चात छप्पन भोग अर्पित किया गया। ट्रस्ट के कोठिया श्रीकान्त साहू ने बताया वात्री साहू समाज द्वारा दीपावली की परमा को अन्नकूट के अवसर पर हर वर्ष भगवान जगन्नाथ स्वामी, बड़े भाई बलभद्र, देवी सुभद्रा की महाआरती की महाआरती के पश्चात भगवान को छप्पन प्रकार के भोग अर्पित किए जाते है और उपस्थित भक्तो को भगवान के भोग प्रसाद वितरित किया जाता है। इस अवसर पर मुखिया मेहते राजेंद्र साहू, चौधरी मुकेश साहू, रविशंकर साहू, हरीश साहू, नरेंद्र साहू, राजेश साहू, राकेश साहू, रवि मेहते, पस्स लाल साहू, पप्पी साहू, जयप्रकाश साहू, सुरेश साहू, उमाशंकर साहू, विनोद साहू, सुभाष साहू, गुड्डा साहू, विशाल साहू आदि समाजिक जन उपस्थित थे।

### हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट बना वृंदावन

संगमरमर वादियो के बीच में बने हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में स्वामी रामचंद्र दास जी महाराज के सानिध्य में हलुआ का पहाड़ बनाकर गोवर्धन पूजन कर संकीर्तन मंडलों ने 108 प्रकार की धुनों से भगवान गोवर्धन की परिक्रमा कर आनंद उत्सव बनाया भगवान श्री राधा कृष्ण को 56 प्रकार के पकवानों का भोग अर्पित किया गया। गौमाता का पूजन अर्चन गुड़ खिलाकर पुण्य लाभ प्राप्त कर महाआरती के साथ छप्पन भोग एवं भंडारे का प्रसाद भक्तों ने पाया। आश्रम के व्यवस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल ने सभी भक्तों को वृंदावन धाम से पूजित मोर पंखों का वितरण किया गया उस समय वृंदावन जैसा नजरा लग रहा था। विशेष पूजन डॉ वाय आर यादव डॉ नरेंद्र कोष्टी बाबूसिंह राजपुरोहित मनोहर सिंह राजू सिंह देवीराजूसिंह सोहन बाबूसिंह लाचमन सिंह बीएम शर्मा सेंगरजी अशोक महादेव कार्तिक ने किया। कार्यक्रम का संचालन शरद अग्रवाल ने किया आभार प्रदर्शन मुन्ना बनारसी ने किया।

# चाकूबाजी की वारदात में 2 घायल



**जबलपुर।** सिहोरा और भेड़ाघाट थाना क्षेत्र में मारपीट की वारदातों में दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिहोरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंजताल निवासी शेखर उर्फ रामजी चौधरी शाम 7.30 बजे बड़ा मंदिर तालाब के पास गुटखा खरीद रहा था तभी मोहल्ले के आशीष उर्फ मोनू चौधरी और अखिलेश चौधरी ने उससे गुटखा मांगा, अखिलेश चौधरी ने आशीष चौधरी को गुटखा दिया तो आशीष चौधरी ने गुटखा फेंक दिया, तभी आशीष चौधरी संजय चौधरी से 1 हजार रुपये शराब पीने के लिये मांगा, रुपए देने से मना करने पर आशीष उर्फ मोनू चौधरी ने संजय चौधरी पर चाकू से हमला कर दिया। सिहोरा अस्पताल में ईलाज के बाद डॉक्टर ने जबलपुर रैफर कर दिया है। रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 119(1), 109 बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया

इसी तरह भेड़ाघाट में सहजपुर झाड़ू मोहल्ला में, सूपाताल लड़िया मोहल्ला निवासी पेंटर रोहित अहिरवार अपने मामा के लड़के अमन अहिरवार एवं अन्य दोस्त सोहिल अहिरवार विजय उर्फ कल्लू अहिरवार तथा दीपक बंशकार के साथ सहजपुर झाडू मोहल्ला भेड़ाघाट विजय उर्फ कल्लू अहिरवार के ममेरे भाई अतुल अहिरवार के यहां ब्लूटूथ के बक्से में गाने बजा रहे थे उसी समय अतुल अहिरवार के पडोस में रहने वाला सतीश अहिरवार आया और बक्सा बजाने की बात को लेकर गालिया देने लगा, इसके बाद जब ये लोग अपने घर सूपाताल जाने के लिये निकल रहे थे तभी शाम लगभग 5 बजे अमन अहिरवार सहजपुर सर्विस रोड़ पुलिया कलारी मोड़ के पास सिगरेट खरीदने लगा, तभी वहां पर सतीश अहिरवार आया और गाली गलौज करते हुए बोला बाहर से आकर यहां गुण्डा गर्दी करता है और चाकू से हमला कर दिया। जिससेमें अमन अहिरवार घायल हो गया, जिसे मेडीकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। रिपोर्ट पर धारा 296, 109(1) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## घर आंगन में रखी 340 पाव देशी शराब जप्त

**जबलपुर।** गोरखपुर पुलिस ने इंद्रानगर में एक घर पर छापा मारकर आंगन में रखी 340 पाव अवैध देशी शराब जब्त कर ली है। वहीं आरोपी मौके से फरार हो गया है। गोरखपुर थाना प्रभारी नितिन कमल ने बताया कि गत दिवस मुखबिर की सूचना पर इंद्रानगर रेंजर किराना स्टोर के पास निवासी सोनू पासी के घर पर दबिश दी, जहां आरोपी सोनू मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के घर के आंगन में बेचने के लिए रखी 340 पाव देशी शराब जब्त की है। जब्त शराब की कीमत लगभग 36 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपी सोनू पासी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। आरोपी सोनू फरार है।

## जहर खाने से युवक की मौत

**जबलपुर।** मदनमहल थाना अतंर्गत कालीमठ मंदिर सुदामा नगर निवासी 38 वर्षीय एक युवक की जहरीली वस्तु का सेवन करने पर इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। मदनमहल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कालीमठ मंदिर सुदामा नगर निवासी 38 वर्षीय राकेश साहू को गत रात लगभग 10 बजे अज्ञात जहर का सेवन करने पर पत्नी रश्मि साहू द्वारा इलाज के लिए मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान गत देर रात 12.25 बजे राकेश साहू की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए धारा 194 बी.एन. एस. एस. कायम कर जाँच मे लिया गया

## ऑटो चालक की हत्या का प्रयास



**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत चुंगी राजीवगांधी नगर में मंगलवार की शाम एक आटो चालक पर पांच लोगों ने मिलकर चाकू से हमला कर प्राणघातक हमला किया। हमले में घायल आटो चालक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गली नंबर 5 राजीव गांधी नगर निवासी 18 वर्षीय आटो चालक सुमित चौधरी उर्फ अन्नू आटो लेकर चुंगी नाका तरफ जा रहा था तभी रात लगभग 8.30 बजे राजीव गांधी नगर रविदास मंदिर के पास अरविन्द पटेल, साहिल भाट, नरेन्द्र भाट, तथा शुभम भाट मिल गये और और उसे गाली गलौज करने लगे , उसने गाली देने से मना किया तो अरविन्द पटेल उसे जान से मारने की नियत से चाकू से तथा शुभम भाट, साहिल भाट , नरेन्द्र भाट ने हाथ मुक्कों से मारपीट किये है चाकू लगने से उसके सिर , बाये हाथ की भुजा , बाये गाल , बाये पैर में चोट आई है। रिपोर्ट पर धारा 296,109,3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस मामलें में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर चाकू जब्त कर लिया है।

**श्री सुशील कुमार तिवारी-** सिहोरा, कालभैरव चौक वार्ड नं.5 निवासी श्री सुशील कुमार तिवारी का 55 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था अंतिम संस्कार कुर्रे रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। आप विभलव,आकाश, अमित,विक्रांत तिवारी के चाचा थे।



**श्री विजय साहू-** सिहोरा, कालभैरव चौक वार्ड क्रमांक 5 निवासी श्री विजय साहू का 78 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। अंतिम संस्कार गंजताल स्थित मुक्तिधाम में किया गया। आप संदीप साहू के पिता एंव हिमांशु साहू के चाचा थे।



**श्रीमती उर्मिला गोस्वामी-** हाथीताल कॉलोनी निवासी श्री ओम प्रकाश गोस्वामी की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला गोस्वामी (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुखदेव सिंह संधू-** गुप्तेश्वर रोड गुडलक अपार्टमेंट के पास निवासी श्री सुखदेव सिंह संधू (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री रमेश ठाकुर-** तिलहरी फेस 1, रानी दुर्गावती नगर निवासी श्री रोशन लाल ठाकुर के पुत्र श्री रमेश ठाकुर (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कांता देवी चेतवानी-** चुंगी चौकी द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री सुंदर लाल चेतवानी की धर्मपत्नी श्रीमती कांता देवी चेतवानी (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नाहर सिंह यादव-** विवेकानंद वार्ड विजयनगर निवासी श्री नाहर सिंह यादव (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गोविंद सिंह यादव-** शिवधाम नगर आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्री गोविंद सिंह यादव (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री रंजीत देव-** स्नेहनगर साईं बाबा कॉलोनी के पास निवासी श्री रंजीत देव (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती माया प्रजापति-** सिद्धबाबा वार्ड आशा चक्की के पास निवासी श्री दिलीप प्रजापति की धर्मपत्नी श्रीमती माया प्रजापति (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मुकेश सिंह-** जीसीएफ सतपुला छुई खदान के पास निवासी श्री मुकेश सिंह (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सरला देवी मलिक-** महानद्दा रोड तारासिंह के बंगले के सामने निवासी श्री एसएच मलिक की धर्मपत्नी श्रीमती सरला देवी मलिक (99) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती शकुंतला भोसले-** समदड़िया कॉलोनी कमिश्नर आफिस के पास निवासी श्री सुखराम भोसले की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला भोसले (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जानकी बाई अहिरवार-** सिंधी कैंप पुलिस चौकी के पास निवासी श्री दुलीचंद अहिरवार की धर्मपत्नी श्रीमती जानकी बाई अहिरवार (96) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजू ठाकुर-** लकडग़ंज निवासी श्री राजू ठाकुर (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गोविंद अहिरवार-** राजीव गांधी नगर माढ़ोताल रविदास मंदिर के पास निवासी श्री कल्लू अहिरवार के पुत्र श्री गोविंद अहिरवार (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती ललता बाई यादव-** टैगोर कॉलोनी बादशाह हलवाई मंदिर के पास गौरीघाट रोड निवासी श्री कल्याण सिंह यादव की धर्मपत्नी श्रीमती ललता बाई यादव (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति बाई डोंगरे-** कंजड़ मोहल्ला छोटी ओमती निवासी श्री सुम्मी लाल डोंगरे की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई डोंगरे (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री करन चौधरी-** धोबीघाट रोड निवासी श्री ओम प्रकाश चौधरी के पुत्र श्री करन चौधरी (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राकेश साहू-** सुदामा नगर मदनमहल निवासी श्री राकेश साहू का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।




**श्री सोनू मलिक-** बिलहरी कांति विला रोड निवासी श्री राजेश कुमार मलिक के पुत्र श्री सोनू मलिक (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अरविंद मलिक-** महानद्दा रोड तारासिंह के बंगले के सामने निवासी श्री अरविंद मलिक (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री बृजराज सिंह-** रामनगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री बृजराज सिंह (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शिवकुमारी ठाकुर-** लालमाटी शुक्ला होटल के पास निवासी श्री रामदीन सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती शिवकुमारी ठाकुर (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री शेखर सिंह ठाकुर-** गली नं. 4 शांति नगर दमोहनाका रोड निवासी श्री शेखर सिंह ठाकुर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती देवकी बाई प्रजापति-** शीलतामाई बंबा देवी निवासी श्री कुंजी लाल प्रजापति की धर्मपत्नी श्रीमती देवकी बाई प्रजापति (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गुड्डी बाई अहिरवार-** तिलहरी रानी दुर्गावती नगर निवासी श्री लाल सिंह अहिरवार की धर्मपत्नी श्रीमती गुड्डी बाई अहिरवार (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**आयुश ठाकुर-** गौरीघाट पानी की टंकी के पास निवासी श्री नरबद सिंह ठाकुर के पुत्र आयुश ठाकुर (17) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री मदन लाल कांडा-** आस्था नगर गौरीघाट रोड निवासी श्री मदन लाल कांडा (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
शादी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
ब्लैक&व्हाईट 300/-
रंगीन 400/-
रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362100

# दिवाली की धूम... 50 करोड़ की पूजन सामग्री, 30 करोड़ के पटाखे, 50 ट्रक फूलों से गुलजार शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

दीपावली का पर्व न्यायधानी बिलासपुर में इस बार रौनक और चमक-धमक का नया रिकॉर्ड बना गया। शहर की गलियां और बाजार उत्सव के रंग में डूबे नजर आए।

अनुमान है कि इस बार पूजन सामग्री की बिक्री 50 करोड़ रुपए तक पहुंची, वहीं पटाखों का कारोबार 30 करोड़ रुपए पार कर गया। इसके अलावा करीब 500 कार, बाइक और स्कूटर दिवाली पर ग्राहकों को डिलीवर किए गए और 50 ट्रक गेंदे के फूलों से पूरी न्यायधानी सजाई गई।

**50 ट्रक गेंदे के फूलों से पूरी न्यायधानी सजाई गई**



### खचाखच बाजार, पूजन सामग्री और मूर्तियों की खरीद जोरों पर रही

*गोलबाजार, शनिचरी, तेलीपारा, लिंक रोड, राजीव प्लाजा और रिवर व्यू से लेकर ग्रीन गार्डन तक हर बाजार खचाखच भरा रहा। धनतेरस पर जहां सराफा, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल और रियल एस्टेट सेक्टर में रिकॉर्ड बिक्री दर्ज हुई, वहीं पटाखों की दुकानों पर भीड़ उमड़ पड़ी। मुंगेली नाका, रिवर व्यू, बुधवारी बाजार और ग्रीन गार्डन मैदान में करीब 350 पटाखा दुकानें सजीं, जिनमें नए-नए ग्रीन पटाखों ने बच्चों और युवाओं को आकर्षित किया। धनतेरस पर पटाखों की 15 करोड़ की बिक्री हुई थी और दिवाली तक यह आंकड़ा 30 करोड़ के पार का अनुमान है। पूजन सामग्री और मूर्तियों की खरीद भी पूरे जोरों पर रही। बाजारों में लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां, कलश, दीप, अगरबत्ती, रोली, चांदी के सिक्के और शुभ चिन्हों की जमकर बिक्री हुई। अनुमान है कि अकेले पूजन सामग्री की बिक्री 50 करोड़ रुपये तक पहुंची। सराफा और बर्तन बाजारों में मेड इन इंडिया उत्पादों की मांग खास रही।*

### फूलों की महक में शहर

*इस बीच, गेंदे और गुलाब के फूलों से पूरा शहर महका। कोलकाता, नासिक और बंगलुरु से आए फूलों ने बाजार की रौनक और बढ़ा दी। गेंदा फूलों की लड़ी 40 से 180 रुपये में बेची गई है। लक्ष्मी पूजन के लिए कमल फूलों की मांग भी अधिक रही। स्थानीय किसानों ने तालाबों से कमल निकालकर अच्छी कमाई की। अनुमान है कि फूलों का कारोबार 50 ट्रक तक पहुंच गया है। फल बाजारों में भी भीड़ रही। केले, सेब, अनार और नारियल की खरीदी जोर पकड़ती रही। कारोबारियों के अनुसार, फलों का लगभग पांच करोड़ रुपए का कारोबार हुआ और कीमतों में 10 से 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।*

---

### चित्रकूट में 2800 करोड़ रुपए के निर्माण कार्य अगले वर्ष अप्रैल तक हो जाएंगे पूरे

# प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक विरासत को सुरक्षित रखते हुए होगा चित्रकूट का विकासः सीएम डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि चित्रकूट के प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक विरासत को सुरक्षित रखते हुए इसका विकास किया जाएगा। चित्रकूट में बड़े निर्माण कार्यों की आवश्यकता नहीं है। मंदाकिनी नदी स्वच्छ और सदानीरा बनी रहे, भगवान कामतानाथ के सुगमता से दर्शन हो सके और भक्तों को सरलता से भोजन प्रसाद मिल सके ऐसे निर्माण कार्य किए जाएंगे। चित्रकूट का विकास प्रबुद्धजन, संतों और आमजन के सुझाव के आधार पर होगा। भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट को धार्मिक पर्यटन और ग्रामीण पर्यटन का केंद्र बनायेंगे। चित्रकूट में सड़क चौड़ीकरण, परिक्रमा पथ के सौदर्यीकरण और धार्मिक स्थलों के विकास के कार्य तेजी से पूरे किये जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को चित्रकूट में आरोग्यम में प्रबुद्धजन से चित्रकूट के विकास पर चर्चा के दौरान यह बात कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चित्रकूट में विकास के लिए 163 स्थानों पर लोगों ने स्वेच्छा से अपने भवन तोड़कर जमीन उपलब्ध कराई हैं। यह बहुत सराहनीय पहल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय तथा दीनदयाल शोध संस्थान किसानों और युवाओं को पशुपालन की आधुनिक तकनीक देकर दुग्ध उत्पादन बढ़ाने में सहयोग करें। चित्रकूट के विकास के लिए जारी 2800 करोड रूपये के निर्माण कार्य अगले वर्ष अप्रैल माह तक पूरे हो जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि होम-स्टे को बढावा देकर ग्रामीण पर्यटन विकास के साथ रोजगार के नये अवसर मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने सभी को दीपावली की शुभकामनायें दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कलेक्टर सतना संतो, प्रबुद्ध और आमजनता से चित्रकूट के विकास के लिए सुझाव प्राप्त कर उसके अनुरूप कार्य योजना तैयार करें। मुख्यमंत्री ने आरोग्य में भारतरत्न राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किये।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की सनातन संस्कृति समृद्ध हो रही है।

**खास बातें**

- संतों, प्रबुद्धजन और आमजनों के सुझावों के आधार पर होगा चित्रकूट का विकास
- मुख्यमंत्री ने चित्रकूट के विकास के संबंध में संतों तथा प्रबुद्धजन से किया संवाद



### मुख्यमंत्री ने चित्रकूट के पंचवटी घाट पर किया दीपदान

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चित्रकूट प्रवास के दौरान दीपावली मेला के अवसर पर आरोग्य धाम में मां मंदाकिनी के पंचवटी घाट पर दीपदान किया। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना के साथ दीपावली की शुभकामनाएं दी। मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की सरकार मिलकर चित्रकूट के आध्यात्मिक, पर्यटन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विकास के लिए अनेक कार्य कर रही है। आगामी समय में चित्रकूट का वैभव तथा गौरव और भी बढ़ेगा।*

### पुस्तिका 'रामचन्द्र' श्रीराम राजा सरकार के चरित्र की चित्रकथा का किया विमोचन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद द्वारा प्रकाशित पुस्तिका 'रामचन्द्र' श्रीराम राजा सरकार के चरित्र की चित्रकथा का विमोचन किया। समारोह में डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन ने मुख्यमंत्री और अतिथियों का स्वागत करते हुए चित्रकूट के विकास के संबंध में किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। बैठक में नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खडेलवाल, सांसद गणेश सिंह, विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार, नगर पंचायत अध्यक्ष साधना पटेल, कुलगुरू ग्रामोदय विश्वविद्यालय प्रो. भरत मिश्रा, पद्मश्री डॉ. बीके जैन, सीताराम बाथम, गायत्री परिवार के प्रतिनिधि रामनारायण त्रिपाठी, कमिश्नर रीवा संभाग बी.एस. जामोद, आईजी गौरव राजपूत सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आरोग्यधाम चित्रकूट में साधु- संत और प्रबुद्धजनों के साथ चित्रकूट विकास पर मंथन किया।

### सीएम ने बच्चों के साथ बांटी दीपावली की खुशियां

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पंचवटी घाट पर श्रीराम के गुणों पर केन्द्रित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर दीवारी नृत्य कर रहे कलाकार दलों के बच्चों को प्रोत्साहित किया और बच्चों के बीच पहुंचकर मिष्ठान और उपहार देकर दीपावली की खुशियाँ बांटी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पंचवटी में चित्रकूट के साधु-संतों से भेंटकर उनका सम्मान भी किया।

### मुख्यमंत्री ने दीपावली पर प्रदेशवासियों को दी बधाई और मंगलकामनाएं

राज्यपाल मंगु भाई पटेल व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दीपावली के पावन पर्व पर समस्त प्रदेशवासियों को बधाई और मंगलकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र देश का हृदय प्रदेश है, यहां की लगभग 9 करोड़ जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प में सरकार के साथ सहभागी है। मप्र के नागरिक विकास प्रिय हैं। विकास के यज्ञ में हर नागरिक आहुति दे रहा है। सरकार प्रत्येक अंचल तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दीपावली पर उल्लास का वातावरण है। स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को प्रदेश में सरकार और समाज ने मिलकर बढ़ावा दिया है। प्रदेश अनेक योजनाओं के क्रियान्वयन में भी देश में प्रथम स्थिति में है। अब हमारी प्रगति की रफ्तार बढ़ने से उत्पन्न उल्लास, पर्व की उमंग और उल्लास को दोगुना कर रहा है। राज्यपाल व मुख्यमंत्री दोनों ने नागरिकों को दीपावली के साथ ही छोटी दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाईदूज की बधाई दी।

---

### दिवाली पर स्वदेशी वस्तुओं को करें प्रोत्साहित

# कलेक्टर्स संवेदनशील घटनाओं और खबरों पर तत्काल संज्ञान लें, मौके पर जाकर स्थिति को समझें



### आत्मनिर्भर भारत और जीएसटी उत्सव का सभी विधानसभा क्षेत्रों में हो आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वदेशी दीपावली मनाते हुए आत्मनिर्भर भारत के भाव को सशक्त करने के उद्देश्य से त्यौहारों में स्वदेशी वस्तुओं के क्रय विक्रय को प्रोत्साहित किया जाए। आत्मनिर्भर भारत और जीएसटी उत्सव के कार्यक्रम 25 दिसंबर तक जारी रहेंगे। सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधि और कलेक्टर्स परस्पर समन्वय से तिथियां निर्धारित करते हुए आत्मनिर्भर भारत, जीएसटी उत्सव के कार्यक्रम आयोजित करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आगामी

### सभी ओर हो पुलिस की उपस्थिति, जनसामान्य करे सुरक्षा की भावना महसूस

त्यौहारों के संबंध में रविवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से सांसद, विधायक, सहित सभी जिलों के कलेक्टर-पुलिस अधीक्षक-नगरीय निकायों के पदाधिकारी और अधिकारियों को वीसी के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इन आयोजनों में स्वदेशी वस्तुओं के प्रदर्शन एवं क्रय-विक्रय को बढ़ावा दिया जाए। प्रत्येक जिले में सामाजिक समरसता के आयोजन सम्पन्न किए जाएं। इन आयोजनों में सामाजिक चेतनाशील प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए। सामाजिक समरसता की दिशा में सकारात्मक वातावरण बनाने के लिए विचार-विमर्श भी हों।

### संवेदनशील घटनाओं और खबरों पर तत्काल संज्ञान ले

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि कलेक्टर्स संवेदनशील घटनाओं और खबरों पर तत्काल संज्ञान लें। कलेक्टर्स की जिम्मेदारी है कि वे ऐसी घटनाओं और समाचारों के संबंध में प्रभारी मंत्री, स्थानीय सांसद तथा विधायकगण को वस्तुस्थिति से तत्काल अवगत कराएं। उनकी ओर से आवश्यकतानुसार मौका स्थल का भ्रमण भी किया जाए। जिला कलेक्टर्स ऐसी सूचनाओं और खबरों पर तत्काल फैक्ट चेक और आवश्यकता हो तो खंडन जारी करें। प्रभारी मंत्री, विभागीय मंत्री, सांसद, विधायक भी भ्रामक और समाज में सद्भावना बिगाड़ने वाली खबरों के संबंध में सही स्थिति रखें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पुलिस आवश्यक रूप से घनी बस्ती और चौराहों पर रहे, पुलिस बल भी इलाके में घूमें, पुलिस की उपस्थिति जनता के बीच दिखना चाहिए, जिससे जनता में सुरक्षा की भावना महसूस हो। विधायक एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, संगठन मंत्री हितानंद शर्मा और विधायक भगवानदास सबनानी ने भी अपने विचार रखे।

---

### आगर-मालवा एवं उज्जैन जिले के किसानों के लिए 403 करोड़ रुपए की राहत राशि की अंतरित

# मध्यप्रदेश सरकार किसानों के जीवन को बेहतर करने के लिए कर रही है लगातार कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों, गरीबों, युवाओं, महिलाओं सहित सभी के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिवृष्टि से नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए अबतक 1800 करोड़ राहत राशि वितरित की जा चुकी हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को उज्जैन जिले की तराना तहसील में आयोजित राहत राशि वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

### उज्जैन जिले के किसानों के लिए 265 करोड़ रुपए की राशि दी

*मुख्यमंत्री ने अतिवृष्टि से हुई फसल क्षति के लिए आगर-मालवा जिले के किसानों के लिए 138 करोड़ रुपए एवं उज्जैन जिले के किसानों के लिए 265 करोड़ रुपए इस प्रकार कुल 403 करोड़ रुपए की राहत राशि तथा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की हितग्राहियों सहित गैर उज्ज्वला, विशेष पिछड़ी जनजाति की प्रदेश की कुल 29 लाख बहनों को 45 करोड़ रुपए की सहायता राशि सिंगल क्लिक से प्रदान की।*

### आंख फाड़कर मस्तिष्क तक जा घुसी पूजा की घंटी

**बिलासपुर।** दिवाली की रात एक दर्दनाक हादसा जब हुआ जब घर वाले दिवाली की पूजा कर रहे थे, उस दौरान एक दस वर्षीय मासूम बच्ची खेलते-खेलते अचानक फिसल कर गिर गई। गिरते समय उसकी आंख में पूजा करने वाली घंटी घुस गईं, जो सीधे आंख को चिरते हुए मस्तिक में घुस गईं। गंभीर हालत में बच्ची को देर रात सिम्स लाया गया। जहां इलाज के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए तत्काल रायपुर एम्स रेफर कर दिया गया। जहां डाक्टरों की विशेष टीम उसका इलाज कर रही है। मस्तूरी निवासी दीपक सिंह अपने परिवार के साथ 20 अक्टूबर की रात पूजा कर रहेगा थे। जहां पर ही उसकी दस साल की बेटी काव्या सिंह खेल रही थी और इसी समय पूजा के पास आकर खेलने लगी और अचानक ही उसका पैर फिसल गया और गिरने पर नीचे रखी पूजा करने वाली घंटी आंख में धस गईं और देखते ही देखते दिवाली की खुशी गमगीन हो गईं और घर में हड़कंप मच गया। इसके बाद उसे नजदीक के अस्पताल में लाया गया, जहां से उसे सिम्स रेफर किया गया। एम्स रायपुर में सर्जरी कर घंटी को निकाला गया है।

---

# छत्तीसगढ़ सरकार ने बलिदानी एएसपी आकाश राव गिरिपूंजे की पत्नी को डीएसपी नियुक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने बलिदानी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) आकाश राव गिरिपूंजे की पत्नी स्नेहा गिरिपूंजे को अनुकंपा के आधार पर उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) पद पर नियुक्त किया है।

यह निर्णय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंत्रिमंडल द्वारा पहले ही लिया जा चुका था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरिपूंजे नौ जून को सुकमा जिले में माओवादियों द्वारा किए गए आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) विस्फोट की चपेट में आने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री साय ने उनकी मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया था। हाल ही में स्नेहा का एक बयान सामने आया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि वे किसी अन्य विभाग का विकल्प चुन सकती थी, लेकिन उन्होंने पुलिस को सेवा को ही चुना। यह वह विभाग है, जिसे वह सबसे अच्छी तरह समझती हैं। उनका कहना है कि उनके पति ने उन्हें कभी कमजोर नहीं समझा। वह सभी चुनौतियों को स्वीकार कर सकती हैं। उनका कहना है कि वर्दी हमेशा साहेब यानी उनके बलिदानी पति को उनके करीब रखेगी।



---

### मचा हड़कंप, सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

# अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज के जेल वार्ड से दो कैदी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरगुजा

जिले के अंबिकापुर में दीपावली की रात एक बड़ी सुरक्षा चूक सामने आई है, जहां अंबिकापुर सेंट्रल जेल से दो विचाराधीन कैदी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के जेल वार्ड से फरार हो गए। यह 15 दिनों में दूसरी बार है, जब जेल से कैदियों के भागने की खबर आई है, जिससे जेल प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।

कैदियों के फरार होने की सूचना मंगलवार सुबह जेल अधिकारियों के साथ-साथ सरगुजा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और दोनों कैदियों की तलाश में व्यापक अभियान चलाया गया है। सेंट्रल जेल में बंद दो कैदी, रितेश सारथी (ग्राम अंधला, लखनपुर) और पवन पाटिल (ग्राम जमड़ी, भैयाथान, सूरजपुर), तबीयत खराब होने के कारण मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती थे। दीपावली की रात लगभग तीन बजे, दोनों कैदियों ने जेल वार्ड में तैनात सुरक्षा प्रहरियों को चकमा देते हुए चुपके से वार्ड से निकलकर फरार होने में सफल हो गए। सुरक्षा कर्मियों को इस घटना की भनक तक नहीं लगी। फरार हुए कैदियों में रितेश सारथी एक विचाराधीन बंदी है, जिसे पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया था। वहीं, पवन पाटिल एनडीपीएस एक्ट का आरोपी है, जिसे सूरजपुर जेल से अंबिकापुर शिफ्ट किया गया था। सेंट्रल जेल के अधीक्षक अक्षय राजपूत ने दोनों कैदियों के फरार होने की पुष्टि की है और बताया है कि इस संबंध में पुलिस को सूचित कर दिया गया है।



---

### पटवारी ने ऐसे दिया ठगी को अंजाम

# जमीन बिक्री का झांसा देकर शिक्षकों से 14 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

सरगुजा ज़िले के धौरपुर थाना क्षेत्र में पदस्थ एक हल्का पटवारी ने शिक्षकों से जमीन बेचने के नाम पर 14 लाख रुपए से अधिक की ठगी कर ली। रजिस्ट्री से इंकार करने पर जब शिक्षकों ने महिला भूस्वामी से मुलाकात की तो पता चला कि वह जमीन नहीं बेच रही है और न ही पटवारी से उसकी कोई बात हुई है। तब शिक्षकों ने पुलिस से शिकायत की। जांच पश्चात पुलिस ने आरोपी पटवारी को गिरफ्तार कर लिया है।




### आरोपी को न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा

*धोखाधड़ी का पता चलते ही प्रार्थी ने धौरपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रकरण में धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। विवेचना के दौरान पुलिस ने पटवारी द्वारा लिखी गई स्टांप की प्रतियां जब्त की और आरोपियों की तलाश शुरू की। जांच में आरोपी जीवन प्रकाश एक्का का पता लगने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने महिला की जमीन को बिक्री करने का झांसा देकर ठगी करना स्वीकार कर लिया। आरोपी को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है।*

### स्टांप पेपर बनाए, लेकिन रजिस्ट्री नहीं की

*जानकारी के अनुसार धौरपुर के ग्राम करौली निवासी शिक्षक मुनेश्वर राम पैकर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके साथी शिक्षक अनुक दास को ग्राम करौली में पदस्थ हल्का पटवारी जीवन प्रकाश एक्का (38)निवासी सिलसिला थाना लुंड्रा ने जमीन बिक्री के नाम पर झांसा दिया। पटवारी ने करौली गांव की हिरमनिया नामक महिला की जमीन को बिक्री करने की बात कहकर कुल 16 लाख रुपए में सौदा तय कराया। प्रार्थी और उसके दो साथी शिक्षकों अनुक दास एवं सूर्यदेव तिग्गा ने आपसी सहमति से रकम की व्यवस्था की और 26 दिसंबर 2024 को पटवारी को नौ लाख रुपए नकद दे दिए। पटवारी ने खुद और कथित विक्रेता हिरमनिया के नाम से स्टांप पेपर पर लिखा-पढ़ी भी की, लेकिन रजिस्ट्री नहीं की।*

### जमीन मालिक के बीमार होने का बहाना बना दिया

*राशि देने वालों ने रजिस्ट्री के लिए कहा तो जमीन मालिक के बीमार होने का बहाना बना दिया। इसके बाद चार जनवरी 2025 को पटवारी ने जमीन विक्रेता की तबीयत खराब होने का हवाला देते हुए और पैसों की जरूरत बताकर 5,12,950 रुपए और ले लिए। जब शिक्षकों ने जमीन की रजिस्ट्री कराने की बात कही, तो पटवारी लगातार बहाने बनाता रहा। संदेह होने पर जब प्रार्थी पक्ष असली भूमि मालिक हिरमनिया से मिला तो उसने स्पष्ट कहा कि उसने कोई जमीन बिक्री नहीं की है और न ही पटवारी को इस संबंध में कोई अधिकार दिया गया है।*

# देश में ऑनलाइन बिक्री की त्योहारों पर निर्भरता घटी : रिपोर्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में ऑनलाइन खरीदारी की आदतें अब धीरे-धीरे त्योहारी मौसम पर कम निर्भर होती जा रही हैं लेकिन इस दौरान मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स श्रेणियों में बिक्री अब भी सबसे अधिक हुई है। एक रिपोर्ट में यह निष्कर्ष पेश किया गया है।

■ ऑनलाइन खुदरा क्षेत्र अधिक संतुलित मांग की राह पर बढ़ रहा

परामर्शदाता कंपनी रेडसीर की तरफ से जारी रिपोर्ट कहती है कि भारत का ऑनलाइन खुदरा क्षेत्र अब पूरे वर्ष में अधिक संतुलित मांग की राह पर बढ़ रहा है। इसके बावजूद मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी श्रेणियां अब भी वार्षिक त्योहारी उछाल पर निर्भर हैं।

## मोबाइल-इलेक्ट्रॉनिक्स का वर्चस्व अब भी कायम

### मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक्स ही बिक्री की रफ्तार तय करते हैं

रेडसीर ने कहा, ''भारत का ऑनलाइन खुदरा परिदृश्य धीरे-धीरे संतुलित मांग वक्र की ओर बढ़ रहा है। लेकिन त्योहारों के दौरान अब भी मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स ही बिक्री की रफ्तार तय करते हैं।''

### मोबाइल खंड में उतार चढ़ाव सबसे अधिक

रिपोर्ट के मुताबिक, मोबाइल खंड में त्योहारी मौसम से जुड़ा उतार-चढ़ाव सबसे अधिक है, जिसका 'मौसमी सूचकांक अंतराल' 1.7 रहा। वहीं इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद 1.3 के साथ दूसरे स्थान पर रहे। इन दोनों श्रेणियों की मांग सितंबर-अक्टूबर के महीनों में सबसे अधिक रहती है। मोबाइल फोन का मासिक सूचकांक 2.3 के करीब है जबकि इलेक्ट्रॉनिक्स का 2.0 के आसपास पहुंचता है।




### पहली तिमाही में मांग सुस्त रहती है

रिपोर्ट कहती है कि विभिन्न ब्रांड को त्योहारी समय पर अपनी निर्भरता घटाने के लिए कैलेंडर वर्ष की पहली तिमाही जैसे सुस्त बिक्री समय में विशेष उत्पादों की पेशकश या प्रचार अभियान शुरू करने पर ध्यान देना चाहिए। राशन के सामान, सौंदर्य उत्पाद और व्यक्तिगत देखभाल वाली श्रेणियों को ऑनलाइन बिक्री के लिहाज से सबसे स्थिर बताया गया है क्योंकि इनमें सालभर मांग लगभग समान रहती है।

### घरेलू साज सज्जा व फर्नीचर की त्योहारी मांग रहती है

यह कम मूल्य वाले, बार-बार खरीदे जाने वाले उत्पादों की विशेषता है। वहीं, घरेलू साज-सज्जा एवं फर्नीचर के साथ फैशन श्रेणियां मध्यम मौसमी प्रवृत्ति दिखाती हैं, जिनमें त्योहारी महीनों में उछाल तो आता है, पर इनमें उतार-चढ़ाव उतना अधिक नहीं होता है।

### ऑनलाइन कारोबार त्योहारी मांग से बाहर निकल रहा

रेडसीर ने कहा कि भारत में ऑनलाइन खुदरा कारोबार धीरे-धीरे त्योहारों के समय की चरम स्थिति से बाहर निकल रहा है। भविष्य में वही कंपनियां बाजार की अग्रणी होंगी जो न केवल त्योहारी उच्च मांग को कुशलता से संभाल सकेंगी, बल्कि सुस्त महीनों में भी मांग पैदा कर सकेंगी।

## खबर संक्षेप

### ओरिएंट इलेक्ट्रिक का लाभ बढ़कर 12.06 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** सीके बिड़ला समूह की कंपनी ओरिएंट इलेक्ट्रिक लि. (ओईएल) का वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 15.51 प्रतिशत बढ़कर 12.06 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने कंपनी को पिछले वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 10.44 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

### हुंडई 2030 तक 45 हजार करोड़ रुपए करेगी निवेश



**मुंबई।** दक्षिण कोरिया की वाहन विनिर्माता हुंडई मोटर कंपनी के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जोस मुनोज ने कहा कि कंपनी की भारतीय इकाई वित्त वर्ष 2029-30 तक 45,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी का लक्ष्य भारत को वैश्विक स्तर पर अपना दूसरा सबसे बड़ा क्षेत्र बनाना है।

### सात्विक ग्रीन एनर्जी को मिले 689.47 करोड़ रुपए के ऑर्डर




**नई दिल्ली।** सौर ऊर्जा समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी सात्विक ग्रीन एनर्जी लि. को सौर पीवी मॉड्यूल की आपूर्ति के लिए 689.47 करोड़ रुपये के ऑर्डर मिले हैं। कंपनी ने कहा कि ये ऑर्डर कंपनी और उसकी अनुषंगी सात्विक सोलर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लि. को मिले हैं।

### एफपीआई ने अक्टूबर में अब तक डाले 6,480 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** पिछले तीन माह तक लगातार निकासी के बाद एफपीआई अक्टूबर में अबतक भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध रूप से 6,480 करोड़ रुपये डाले हैं। इसकी मुख्य वजह मजबूत वृहद आर्थिक कारक हैं। इससे पहले एफपीआई ने सितंबर में 23,885 करोड़ रुपये, अगस्त में 34,990 करोड़ रुपये और जुलाई में 17,700 करोड़ रुपये निकाले थे।

### इंडिया सीमेंट्स को 8.81 करोड़ रुपए का हुआ शुद्ध लाभ

**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी इंडिया सीमेंट्स लि. (आईसीएल) को वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 8.81 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ हुआ। कंपनी को पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 339.13 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा हुआ था। आईसीएल अब अल्ट्राटेक सीमेंट की अनुषंगी कंपनी है। वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 9.31 प्रतिशत बढ़कर 1,117.04 करोड़ रुपये हो गई। जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,021.84 करोड़ रुपये थी।

## इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना मंत्रालय ने जारी किया आईटी नियम में संशोधन


# डीपफेक, कृत्रिम सामग्री के बारे में सोशल मीडिया मंचों की जवाबदेही बढ़ाने का मसौदा पेश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कृत्रिम मेधा (एआई) से बनाए गए डीपफेक और कृत्रिम सामग्री से होने वाले नुकसान से उपयोगकर्ताओं को बचाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने आईटी नियम, 2021 में संशोधन का मसौदा पेश किया है। प्रस्तावित बदलावों का उद्देश्य 'एआई के जरिये कृत्रिम रूप से तैयार सामग्री' (सिंथेटिक कंटेंट) की स्पष्ट पहचान करना और बड़े सोशल मीडिया मंचों की जवाबदेही को बढ़ाना है।

**अब गलत जानकारी पेश करना आसान:-** मंत्रालय ने कहा कि जनरेटिव एआई टूल का इस्तेमाल बढ़ने से अब गलत जानकारी पेश करना और नकली वीडियो एवं ऑडियो क्लिप तैयार करना आसान हो गया है। ऐसी स्थिति में इन पर नियंत्रण पाने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 में कुछ बदलावों का मसौदा पेश किया जा रहा है।

**डीप फेंक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा सकता है:-** मंत्रालय ने कहा, "हाल ही में डीपफेक वीडियो के बहुप्रचारित होने की घटनाओं ने दिखाया है कि जनरेटिव एआई की मदद से ऐसे व्यक्ति के कथन या कृत्य दिखाए जा सकते हैं जो वास्तव में उनके नहीं थे। ऐसा होने से गलत सूचना फैल सकती है, प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच सकता है, चुनावों को प्रभावित किया जा सकता है या धोखाधड़ी भी हो सकती है।"



**पुष्टि के लिए तकनीकी उपाय अपनाने होंगे :-** प्रस्तावित नियमों के तहत, 50 लाख या उससे अधिक उपयोगकर्ताओं वाले बड़े सोशल मीडिया मंचों को यह सुनिश्चित करना होगा कि अपलोड की गई सामग्री कृत्रिम तो नहीं है। इसकी पुष्टि के लिए तकनीकी उपाय अपनाने होंगे और इस सामग्री को प्रमुखता से चिह्नित करना अनिवार्य होगा।

**सामग्री को परिभाषित करना होगा:-** संशोधित नियमों में 'कृत्रिम रूप से निर्मित जानकारी' को ऐसी सामग्री के रूप में परिभाषित किया गया है, जिसे कंप्यूटर के जरिये कृत्रिम या गणना-पद्धति (एल्गोरिद्म) के इस्तेमाल से निर्मित, संशोधित या वास्तविक लगने वाला रूप दिया गया हो।

### पहचान चिन्ह डालना होगा

चिह्नांकन मानकों में वीडियो एवं ऑडियो संकेत शामिल होंगे, जो वीडियो सामग्री के कम-से-कम 10 प्रतिशत या ऑडियो कंटेंट की शुरुआती 10 प्रतिशत अवधि तक दिखाई या सुनाई देंगे। इसी तरह कृत्रिम सामग्री बनाने या संशोधित करने वाले मंच को स्थायी विशिष्ट मेटाडाटा या पहचान-चिह्न डालना होगा, जिसे हटाना या बदलना मना होगा।

### टिप्पणी छह नवंबर तक भेजी जा सकती हैं

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा कि इन संशोधनों का उद्देश्य उपयोगकर्ताओं में जागरूकता बढ़ाना, पहचान को सुनिश्चित करना और जिम्मेदारी तय करना है। इसके अलावा एआई प्रौद्योगिकी में नवाचार को भी प्रोत्साहित करना इसका मकसद है।
इन नियमों के मसौदे पर सुझाव एवं टिप्पणियां छह नवंबर, 2025 तक भेजी जा सकती हैं।

### नुकसान कम करने में मदद करेगी

सरकार का यह मसौदा प्रस्ताव वैश्विक स्तर पर ऐसे कृत्रिम एवं छेड़छाड़ कर बनाए गए वीडियो, तस्वीरों एवं ऑडियो को लेकर बढ़ती चिंता के बीच जारी किया गया है। इसके पीछे सोच यह है कि नियामकीय निगरानी से उपयोगकर्ताओं को नुकसान कम करने में मदद मिलेगी।

# एनएमडीसी ने लौह अयस्क लंप, फाइंस के दाम घटाए



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनएमडीसी ने बुधवार को कहा कि उसने तत्काल प्रभाव से लौह अयस्क ढेलों (लम्प) और उसके फाइन्स की कीमतों में क्रमशः 550 रुपये और 500 रुपये प्रति टन की कटौती की है। देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क खनन कंपनी ने एक नियामकीय सूचना में कहा कि उसने लम्प अयस्क की कीमत 5,550 रुपये प्रति टन और फाइन्स की कीमत 4,750 रुपये प्रति टन तय की है। लम्प अयस्क या उच्च श्रेणी के लौह अयस्कों में 65.5 प्रतिशत लौह तत्व होता है, जबकि फाइन्स निम्न श्रेणी के अयस्क होते हैं जिनमें 64 प्रतिशत या उससे कम लौह तत्व होता है। एक अगस्त को घोषित अंतिम मूल्य संशोधन में, एनएमडीसी ने लम्प की दर 6,100 रुपये प्रति टन और फाइंस की दर 5,250 रुपये प्रति टन तय की थी। 22 अक्टूबर से लागू होने वाली कीमतों में रॉयल्टी, जिला खनिज निधि (डीएमएफ), राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (डीएमईटी) शामिल हैं और उपकर, वन परमिट शुल्क, पारगमन शुल्क, जीएसटी, पर्यावरण उपकर और अन्य कर शामिल नहीं हैं। बाजार अनुसंधान फर्म बिगमिंट ने कहा, ''पिछले दो महीनों से लौह अयस्क की कीमतों की समीक्षा नहीं की गई थी। घरेलू इस्पात बाजार, जो एक उपभोक्ता बाजार है, भारी दबाव में रहा, क्योंकि कीमतों में लगातार गिरावट जारी रही।''

# जेएलआर को साइबर हमले से 1.9 अरब पाउंड का नुकसान

एजेंसी ⏭ लंदन

टाटा मोटर्स के स्वामित्व वाली लक्जरी कार कंपनी जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) पर हाल में हुए साइबर हमले को ब्रिटेन का अब तक का सबसे नुकसानदेह साइबर हादसा माना जा रहा है।इस हमले से ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को करीब 1.9 अरब पाउंड का नुकसान हुआ जबकि 5,000 से अधिक व्यवसाय प्रभावित हुए थे।

■ ब्रिटेन का अब तक का सबसे नुकसानदेह साइबर हमला माना जा रहा

ब्रिटेन में साइबर घटनाओं का स्वतंत्र मूल्यांकन करने वाले साइबर मॉनिटरिंग सेंटर (सीएमसी) ने जेएलआर साइबर हमले को तीसरे दर्जे की प्रणालीगत घटना के रूप में वर्णित किया है। सीएमसी पांच अंक के पैमाने पर साइबर हमलों को परखती है। सीएमसी का कहना है कि इस हमले ने जेएलआर के विनिर्माण, आपूर्ति श्रृंखला और वितरक नेटवर्क में भारी व्यवधान पैदा किया। जगुआर लैंड रोवर के उत्पादन संयंत्र पर हमला अगस्त के अंत में हुआ था और सितंबर के पूरे महीने में उत्पादन बंद रहा। जेएलआर ने सीएमसी के इस दावे पर कोई सीधी प्रतिक्रिया न करते हुए कहा कि वह चरणबद्ध तरीके से इसके संचालन को बहाल कर रही है। सीएमसी ने एक बयान में कहा, ''हमारे मूल्यांकन मॉडल से यह अनुमान लगता है कि इस हमले से जेएलआर को 1.6 अरब से 2.1 अरब पाउंड तक का नुकसान हुआ है। लेकिन यदि उत्पादन बहाली में ज्यादा देरी होती है या तकनीकी प्रणाली पर इस हमले का गहरा असर पड़ा है, तो यह नुकसान और भी बढ़ सकता है।''




### सहायक इकाइयों पर पड़ा असर

इसके अलावा हमले का असर कंपनी के कर्मचारियों और कलपुर्जों की आपूर्ति करने वाली इकाइयों पर भी पड़ा है। कई आपूर्तिकर्ताओं ने तनख्वाह कम करने, काम के घंटे घटाने और कर्मचारियों को नौकरी से हटाने जैसे कदम उठाए।

### अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है असर

सीएमसी ने आशंका जताई है कि इन गतिविधियों से मानसिक और सामाजिक प्रभाव भी हो सकते हैं। उसने कहा कि यह विश्लेषण वित्तीय नुकसान के साथ साइबर हमले के समाज और अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले असर को भी उजागर करता है।

# भारत के स्मार्टफोन बाजार में जुलाई-सितंबर तिमाही में 3 फीसदी की वृद्धि

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत का स्मार्टफोन बाजार कैलेंडर वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर तीन प्रतिशत बढ़कर 4.8 करोड़ इकाई तक पहुंच गया। ओमडिया के नवीनतम शोध में यह जानकारी दी गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, शुरुआती गति के बावजूद, लाभ एक मजबूत वर्ष के अंत तक बरकरार रहने की संभावना नहीं है। ओमडिया के अनुसार, यह मामूली वृद्धि मुख्य रूप से जुलाई और अगस्त में नए स्मार्टफोन के बाजार में आने, खुदरा विक्रेताओं को दिए गए प्रोत्साहन और त्योहारी सीजन जल्दी शुरू होने के कारण हुई, जिससे कंपनियों ने पहले ही माल भेजना शुरू कर दिया। ओमडिया ने एक बयान में कहा कि भारत का स्मार्टफोन बाजार 2025 की तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर तीन प्रतिशत बढ़कर 4.8 करोड़ इकाई तक पहुंच गया। ओमडिया के प्रमुख विश्लेषक संयम चौरसिया ने कहा, ''चूंकि बाजार में स्वाभाविक मांग कम थी, इसलिए तीसरी तिमाही की बिक्री मुख्य रूप से दुकानों और वितरकों को दिए गए प्रोत्साहनों के जरिये बढ़ी, न कि ग्राहकों की सामान्य खरीदारी से।''

### एप्पल शीर्ष पांच में वापस लौटी

छोटे शहरों की वजह से हुई वृद्धि के साथ, 49 लाख इकाई के साथ एप्पल शीर्ष पांच में वापस आ गई। चौरसिया ने बताया कि एप्पल ने तीसरी तिमाही में भारत में अब तक का सबसे ज्यादा बिक्री दर्ज किया और 10 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की।

### विवो, सैमसंग के साथ दूसरे स्थान पर

ओमडिया के अनुसार, विवो (आईक्यूओओ को छोड़कर) ने 97 लाख इकाई (20 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी) के साथ बाजार में अपनी बढ़त बढ़ा दी, जबकि सैमसंग 68 लाख इकाई (14 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी) के साथ दूसरे स्थान पर रहा। उसके बाद शाओमी तीसरे स्थान पर रही, जिसने ओप्पो (वनप्लस को छोड़कर) को थोड़े से अंतर से पीछे छोड़ दिया, दोनों विक्रेताओं ने 65 लाख इकाई की बिक्री की।

# इस बार दिवाली पर बिजली खपत में आई थोड़ी कमी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में दिवाली के दिन बिजली की अधिकतम मांग या बिजली की सबसे ज़्यादा आपूर्ति इस बार पिछले साल की तुलना में थोड़ी कम रही, जिससे त्योहार के दौरान आम रुझान में गिरावट देखने को मिली। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, सोमवार को बिजली की अधिकतम मांग घटकर 180.14 गीगावाट रह गई, जो पिछले साल 31 अक्टूबर, 2024 को दिवाली के दिन अधिकतम मांग 182.87 गीगावाट थी।आमतौर पर, दिवाली पर घरेलू और व्यावसायिक उपभोक्ताओं द्वारा लाइट और अन्य उपकरणों के अत्यधिक उपयोग के कारण बिजली की खपत के साथ-साथ मांग भी बढ़ जाती है क्योंकि लोग अपने घरों, दुकानों और कार्यालयों के हर कोने को सजाते हैं।इस बार पूरे देश में त्योहार अलग-अलग मनाया गया, उत्तरी क्षेत्र के लोगों ने सोमवार को और पश्चिमी और अन्य हिस्सों के लोगों ने मंगलवार को त्योहार मनाया। बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, सोमवार को देश की कुल बिजली खपत घटकर 396.5 करोड़ यूनिट रह गई, जबकि एक साल पहले इसी दिन 406.2 करोड़ यूनिट बिजली की खपत दर्ज की गई थी। मंगलवार को अधिकतम बिजली की मांग 176.50 गीगावाट दर्ज की गई, जबकि खपत 3,862 करोड़ यूनिट रही।

■ पिछले साल की तुलना में अधिकतम मांग में गिरावट

■ अधिकतम मांग घटकर 180 .14 गीगावाट रह गई



## मेटा ने एंटी स्कैम उपाय और जागरूकता की घोषणा की

# मेटा बुजुर्गों को साइबर धोखाधड़ी से बचाने सुरक्षा बढ़ाएगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मेटा ने घोटाला रोधी (एंटी-स्कैम) उपाय और जागरूकता पहलों की घोषणा की है। इसमें उपयोगकर्ताओं विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों को साइबर धोखाधड़ी और ऑनलाइन घोटालों से बचाने के लिए सुरक्षा उपकरण आदि शामिल हैं। मेटा ने व्हाट्सएप पर कहा कि वह वीडियो कॉल के दौरान किसी अनजान संपर्क के साथ अपनी 'स्क्रीन' साझा करने का प्रयास करने पर चेतावनी जारी कर रहा है।

■ अपनी स्क्रीन साझा करने का प्रयास करने पर मेटा चेतावनी जारी

### 21 हजार से अधिक खातों पर कार्रवाई

हमने 21,000 से अधिक ऐसे पृष्ठों और खातों पर कार्रवाई की जो ग्राहक सहायता होने का दावा करके लोगों को उनकी जानकारी साझा करने के लिए बरगला रहे थे।''

**80 लाख खातों को निष्क्रिय किया गया**

इससे उन्हें एक ही जगह पर सही सुरक्षा स्तर चुनने में मदद मिलती है। मेटा ने कहा कि 2025 की पहली छमाही में उसके विशेषज्ञों ने म्यांमा, लाओस, कंबोडिया, संयुक्त अरब अमीरात और फिलीपीन में घोटाले केंद्रों से जुड़े लगभग 80 लाख खातों का पता लगाया और उन्हें निष्क्रिय कर दिया।




*घोटाला करने वाले स्क्रीन साझा करने का दबाव डाले हैं : मेटा ने आगाह किया कि घोटाला करने वाले उन लोगों पर स्क्रीन साझा करने का दबाव डाल सकते हैं जो उनका निशाना होता है। इसका मकसद लोगों से बैंक विवरण या सत्यापन कोड जैसी संवेदनशील जानकारी हासिल करना होता है। बयान में कहा गया, '' इस नए 'टूल' के साथ हम उपयोगकर्ताओं को घोटालों को पहचानने और उनसे बचने के लिए अधिक जानकारी प्रदान कर रहे हैं।''*

पश्चिम मध्य रेल
एकल निविदा-विद्युत शाखा
ई-निविदा, दिनांक: 17.10.2025
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टीआरएस) पश्चिम मध्य रेल नई कटनी जंक्शन, भारत के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से निम्नलिखत कार्यो हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा सूचना क्रमांक**-न.क.ज.एएमसी-एचवाईटीव्हीललेथ-टी25, दिनांक 17/10/2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**- डीजल लोको शेड, नई कटनी जंक्शन में एचवाईटी अन्डर फ्लोर व्हीललेथ मशीन का 03 वर्ष के लिए एकल निविदा आधार पर ओईएम के माध्यम से काम्प्रीहेन्सिव एनुअल मेन्टेनेंस कॉन्ट्रेक्ट। **निविदा का अनुमानित मूल्य (रूपये में)**-रूपये 1,29,74,867.93/-, **अर्नेस्ट मनी/ बिड सिक्योरिटी राशि (रूपये में)**-2,14,900 **कार्य समापन अवधि (माह)**-36 माह, **निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय (12:00 बजे तक)**-13.11.2025. उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेब साइट https://ireps-gov.in पर उपलब्ध है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
(हस्ता.)
कृते वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टीआरएस)
पश्चिम मध्य रेल, नई कटनी जंक्शन
स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
नागपुर मंडल में विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना
वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:
**1. निविदा क्रमांक:** ई/35/एनजीपी/2025-26 **कार्य का नाम:** **(1)** वरिष्ठ DEN/पूर्व/नागपुर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत SEJS-72 सेट्स एवं ग्लूड जॉइंट्स-55 सेट का नवीकरण। **(2)** वरिष्ठ DEN/पूर्व/नागपुर अधिकार क्षेत्र अंतर्गत SEJS-239 एवं ग्लूड जॉइंट्स-166 संख्या का नवीकरण। **(3)** वरिष्ठ DEN / पूर्व / नागपुर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत TFR-24.364 TKM। **(4)** वरिष्ठ DEN/पूर्व/नागपुर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत टर्न-आउट स्लीपर्स-34 सेट का नवीकरण। **(5)** ADEN / गोंदिया के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत G-GDM सेक्शन (तीसरी लाइन) के बीच बचा हुआ पी.वे काम। **(6)** वरिष्ठ DEN / पूर्व / नागपुर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत TBR-35.24 TKM। **(7)** वरिष्ठ DEN/पूर्व/नागपुर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत टूटे स्लीपर्स / टूटे रेल स्क्रू का कैसुअल नवीकरण और पॉइंट्स व क्रॉसिंग्स में PVC डॉवेल्स को ठीक करना। **(8)** ADEN / डोंगरगढ़ के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत पॉइंट्स और क्रॉसिंग्स, SEJS, ब्रिज आदि के प्लेट स्क्रू / रेल स्क्रू का कैसुअल नवीनीकरण और रेल स्क्रू का लुब्रिकेशन। **(9)** वरिष्ठ DEN / पूर्व / नागपुर मंडल के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत मुख्य लाइन में विभिन्न यार्डों के डी-मार्क और OBS रेल की पटरियों का कैसुअल नवीकरण।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 5,57,14,236/-
**बयाना राशि:** ₹ 4,28,600/-
**2. निविदा क्रमांक:** ई/36/एनजीपी/2025-26 **कार्य का नाम:** ADEN/गोंदिया के सेक्शन में एसएसई / पी.वे / गोंदिया के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ट्रैक के रखरखाव के लिए विविध पी.वे. कार्य।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 72,99,859/-
**बयाना राशि:** ₹ 1,46,000/-
**3. निविदा क्रमांक:** ई/37/एनजीपी/2025-26 **कार्य का नाम:** ADEN/गोंदिया के सेक्शन में एसएसई/पी.वे/AGN के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत ट्रैक के रखरखाव के लिए विविध पी.वे. कार्य।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 73,01,247/-
**बयाना राशि:** ₹ 1,46,000/-
**4. निविदा क्रमांक:** ई/38/एनजीपी/2025-26 **कार्य का नाम:** एसएसई / पी.वे / राजनंदगाँव (RJN) के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ट्रैक के रखरखाव के लिए विविध पी.वे. कार्य।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 72,57,106/-
**बयाना राशि:** ₹ 1,45,200/-
**5. निविदा क्रमांक:** ई/39/एनजीपी/2025-26 **कार्य का नाम:** एसएसई / पी.वे / डोंगरगढ़ (DGG) के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ट्रैक के रखरखाव के लिए विविध पी.वे. कार्य।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 72,57,436/-
**बयाना राशि:** ₹ 1,45,200/-
**6. निविदा क्रमांक:** ई/40/एनजीपी/2025-26 **कार्य का नाम:** ADEN / गोंदिया के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत SKS स्टेशन पर बैंकिंग साइडिंग पश्चिमी यार्ड के ग्रेडिएंट 1:192 से 1:400 में संशोधन।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 1,20,94,678/-
**बयाना राशि:** ₹ 2,10,500/-
बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दि. **14.11.2025** के **15:00** बजे तक जमा कर सकेंगे। मैनुअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है और सभी मैनुअल ऑफर को अस्वीकार कर दिया जाएगा।
उपरोक्त निविदाएं सम्बंधित अन्य विवरण वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
वरिष्ठ मंडल अभियंता (पूर्व), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
FL/32-155
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

पश्चिम मध्य रेल
इंजीनियरिंग विभाग, खुली निविदा
निम्न लिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **क्र.सं. 1. निविदा सूचना क्रमांक**-डी आर एम-डब्ल्यू -जे.बी.पी 153-2025, दिनांक 16.10.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**-जबलपुर में उप-स्टेशन नंबर 1 पर जी+1 नई इमारत का निर्माण। **कार्य का अनुमानित मूल्य (रुपए)**-रू. 1,79,92,656/-, **बयाना राशि रुपए**-रू.2,40,000/-, **समापन अवधि**-18 माह। **क्र.सं.2. निविदा सूचना क्रमांक**-डी आर एम-डब्ल्यू -जे.बी.पी 154-2025 दिनांक 16.10.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**-मंडल अभियंता (पूर्व) जबलपुर के अधीन दो विविध कार्यः-भाग 1: सहायक मंडल अभियंता (मेंटेनेंस) कटनी सब डिविजन के अंतर्गत कटनी स्टेशन पर रनिंग रूम और लॉबी के दरबाजे, खिड़कियों, बेंटिलेटर और बाउंड्री बॉल की मरम्मत और बदलाव। **भाग 2:** न्यु कटनी जंक्शन-सहायक मंडल अभियंता (मेंटेनेंस) कटनी सब डिविजन के अंतर्गत डी एस एल/ न्यू कटनी जक्शन-स्टोर्स डिपो के इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार। **कार्य का अनुमानित मूल्य (रुपए)**-रू. 2,37,88,043/-, **बयाना राशि रुपए**-रू. 2,69,000/-, **समापन अवधि**-12 माह। **उपरोक्त सभी निविदाओं (क्र.सं.1-2) के भरने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक**-11.11.2025 **एवं उपरोक्त निविदाओं के खुलने की तिथि एवं समय 15:15 बजे**-11.11.2025। उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट "https://ireps.gov.in" पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस वोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नही की जायेगी। (हस्ता.)
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य),पमरे/जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर



आईएनएस विक्रांत सहित 13 अन्य युद्धपोत ने पीएम मोदी को सलामी (स्टीमपास्ट) दी।



छोटे से रनवे पर मिग-29 लड़ाकू विमानों का शक्ति प्रदर्शन देखा

### भारतीय नौसेना हिंद महासागर के संरक्षक के रूप में खड़ी

# पीएम नरेंद्र मोदी ने आईएनएस विक्रांत पर दिवाली मनाई गोवा और कारवार के पास पश्चिमी समुद्री सीमा पर पहुंचे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को गोवा और कारवार के पश्चिमी तट पर भारतीय नौसेना के जहाजों पर सवार बहादुर नौसैनिकों के बीच आईएनएस विक्रांत के प्रमुख जहाज पर उपस्थित होकर दिवाली मनाई। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि कहा कि भारत के सशस्त्र बलों ने सभी क्षेत्रों - भूमि, समुद्र और वायु तथा हर परिस्थिति में राष्ट्र की सेवा की है। नौसेना भारत की समुद्री सीमाओं और व्यापारिक हितों की रक्षा के लिए समुद्र में तैनात है, जबकि वायु सेना आसमान की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।



## कई मोर्चों पर सुरक्षा बल कर रहे राष्ट्र सेवा

## भारत की शक्ति मानवता को समर्पित

### भारतीय परंपरा का कर रहे अनुसरण

उन्होंने कहा कि विभिन्न मोर्चों पर, एसएसबी, असम राइफल्स, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ और खुफिया एजेंसियों के जवान भारत माता की लगातार सेवा कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि शक्ति और क्षमता के संबंध में भारत की परंपरा हमेशा से 'ज्ञानाय दानाय च रक्षणाय' के सिद्धांत पर आधारित रही है, जिसका अर्थ है कि हमारा विज्ञान, समृद्धि और शक्ति मानवता की सेवा और सुरक्षा के लिए समर्पित है।



कर्मियों के साथ पारंपरिक 'बड़ा खाना' में भाग लिया

---

## खबर संक्षेप

### गैसोलीन से भरे ट्रक में विस्फोट, 31 की मौत



**अबूजा।** नाइजारिया में मंगलवार को गैसोलीन से भरे एक टैंकर में विस्फोट होने से कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई। पुलिस प्रवक्ता वसीउ आबिदीन ने एक बयान में कहा कि नाइजर राज्य के बिदा क्षेत्र में ट्रक के पलट जाने के बाद विस्फोट हुआ और स्थानीय निवासी फैलते ईंधन को इकट्ठा करने के लिए घटनास्थल की ओर दौड़े। विस्फोट में 17 लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया है। चालक, टैंकर के मालिक की पहचान और दुर्घटना के कारण का पता लगाने की जांच जारी है।

### इथियोपिया में ट्रेन की टक्कर में 14 की मौत



**अदीस अबाबा।** पूर्वी इथियोपिया के एक सुदूर इलाके में एक ट्रेन के एक अन्य ट्रेन से टकरा जाने से कम 14 लोगों की मौत हो गई और बड़ी संख्या में लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना सोमवार रात को दिरे दावा शहर के निकट उस समय हुई जब ट्रेन व्यापारियों और उनके सामान को लेकर जिबूती सीमा के निकट देवाले शहर से वापस आ रही थी। दिरे दावा के मेयर इब्राहिम उस्मान ने मंगलवार को फेसबुक पर एक बयान में दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया तथा मृतकों की संख्या की पुष्टि की है।

### चुनाव से पहले 15 सैन्य अधिकारियों को जेल



**ढाका।** बांग्लादेश की इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल ने बुधवार को 15 सक्रिय सेना अधिकारियों को मानवाधिकार उल्लंघन, जबरन गायब कराने, हत्याओं और हिरासत में यातना के आरोपों में जेल भेज दिया। ये अधिकारी पूर्व पीएम शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के दौरान आरोपी हैं। सेना ने 11 अक्तूबर को इन अधिकारियों को हिरासत में लिया था, जब ट्रिब्यूनल ने उनके गिरफ्तारी आदेश दिए थे। इनमें एक मेजर जनरल, छह ब्रिगेडियर जनरल और कई कर्नल शामिल हैं।

---

### इजराइल में दौरे पर पहुंचे अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का बड़ा बयान

*पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से भी की मुलाकात*

# गाजा में नहीं उतरेंगे अमेरिकी सैनिक शांति बनाए रखना ही ट्रंप का मकसद


एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने इजराइल दौरे के दौरान दोहराया कि गाजा में अमेरिकी सैनिकों के बूट नहीं उतरेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और सैन्य नेतृत्व दोनों का रुख साफ है। अमेरिका किसी भी हाल में गाजा में जमीनी कार्रवाई नहीं करेगा। वेंस इजराइल में गाजा संघर्षविराम को स्थिर बनाए रखने के मिशन पर पहुंचे हैं। दक्षिण इजराइल के किर्यात गात शहर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान वेंस ने कहा कि गाजा में अमेरिकी सैनिक नहीं भेजे जाएंगे। राष्ट्रपति ट्रंप ने यह स्पष्ट कर दिया है, और हमारी सैन्य नेतृत्व ने भी यही दोहराया है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका शांति प्रक्रिया में उपयोगी समन्वय जारी रखेगा। उनका कहना था कि ट्रंप प्रशासन का उद्देश्य इजराइल और फिलिस्तीन के बीच जारी संघर्षविराम को हर हाल में बनाए रखना है। वेंस का यह दौरा इस बात का संकेत है कि अमेरिका सीधे सैन्य कार्रवाई से दूर रहते हुए भी कूटनीतिक और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति सुनिश्चित करने में अग्रणी भूमिका निभाना चाहता है।

## हमास ने शांति भंग की तो जवाब कड़ा होगा

## मध्यपूर्व के देश भी शांति के लिए करें प्रयास



### हमास सही कदम उठाए

वहीं, मंगलवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि हम उम्मीद करते हैं कि हमास सही कदम उठाएगा। अगर ऐसा नहीं हुआ तो उसका अंत तेज, उग्र और निर्दय होगा। ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर हमास संघर्षविराम तोड़ता है, तो मध्य पूर्व के सहयोगी देशों को तुरंत आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका हिंसा नहीं चाहता लेकिन अगर शांति भंग होती है तो जवाब कड़ा होगा।

### राइख इजराइल के नए एनएसए

इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने नए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की नियुक्ति की है। उन्होंने त्जाची हानेगबी की जगह राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के उपप्रमुख गिल राइख को कार्यवाहक प्रमुख बनाया है। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने पिछले तीन वर्षों तक राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रमुख के रूप में त्जाची हानेगबी की सेवाओं के लिए उनका धन्यवाद किया है और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। हानेगबी ने

### इंडोनेशिया को दिया धन्यवाद

इंडोनेशिया ने गाजा में संयुक्त राष्ट्र की संभावित शांति सेना में 20,000 सैनिक भेजने की पेशकश की है। वहीं तुर्की और अज़रबैजान ने भी युद्धोत्तर सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग की इच्छा जताई है। इस पर ट्रंप ने इंडोनेशिया को क्षेत्रीय समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मैं इंडोनेशिया और उसके नेता का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने मध्य पूर्व और अमेरिका दोनों की मदद की।

**कमांड सेंटर का जायजा लिया :** इससे पहले वेंस मंगलवार को इजराइल पहुंचे और गाजा सीमा से जुड़े किर्यात गात कमांड सेंटर का दौरा किया, जहां अमेरिकी नेतृत्व वाली टीम संघर्षविराम की निगरानी कर रही है। उनके साथ द्वितीय महिला उषा वेंस भी मौजूद थीं। वहां उन्होंने वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों से मुलाकात की। अमेरिकी राजदूत माइक हकाबी ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया।

### गाजा शांति समझौता टूटने नहीं देंगे

वेंस ने बुधवार को इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की और राष्ट्रपति ट्रंप का यह संदेश दिया कि अमेरिका किसी भी कीमत पर गाजा शांति समझौते को टूटने नहीं देगा। वेंस ने इजराइली राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग से भी मुलाकात की। उनके साथ पश्चिम एशिया मामलों के अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ एवं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर भी रहे। मंगलवार को वेंस, विटकॉफ और कुशनर ने कहा कि युद्धविराम उम्मीदों से बढ़कर रहा है, लेकिन उन्होंने हाल के दिनों में हिंसा भड़कने की बात भी स्वीकार की।

### दो और बंधकों के शव सौंपे

*इजराइल ने दो और बंधकों के शवों की पहचान कर ली है तथा उनके नामों की सूची जारी कर दी है। संबंधित शव हमास द्वारा बंधक बनाकर रखे गए एरी ज़लमानोविच और तामिर अदार के हैं। उनके शवों को रेडक्रॉस द्वारा ताबूतों में ले जाया गया और गाजा पट्टी में इजराइली सेना को सौंप दिया गया।*

---

### ट्रंप के प्रस्ताव से सहमत जेलेंस्की

# रूस व यूक्रेन युद्ध में वर्तमान मोर्चे को चर्चा का आधार माना



एजेंसी ▶▶ कीव

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बुधवार को कहा कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के उस प्रस्ताव से सहमत हैं, जिसमें कहा गया है कि रूस-यूक्रेन युद्ध में वर्तमान मोर्चा (फ्रंटलाइन) को ही बातचीत की शुरुआत का आधार बनाया जाए। हालांकि, जेलेंस्की ने यह भी कहा कि उन्हें शक है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन इस प्रस्ताव को मानेंगे। जेलेंस्की ने कहा कि ट्रंप ने प्रस्ताव दिया जहां हम हैं वहीं रहें और बातचीत शुरू करें। जेलेंस्की ने कहा कि मुझे लगता है कि यह एक अच्छा समझौता है, लेकिन मुझे यकीन नहीं कि पुतिन इसे स्वीकार करेंगे। उन्होंने बताया कि उन्होंने यह बात खुद ट्रंप से भी की थी। ट्रंप ने हाल ही में कहा था कि वह रूस और यूक्रेन

### रूस का यूक्रेन पर हमला, 6 की मौत

रूस ने बुधवार को यूक्रेन पर ड्रोन और मिसाइल से व्यापक हमले किए जिसमें कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी यूक्रेन के अधिकारियों ने दी। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री ने कहा कि देश के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर रात भर बड़े पैमाने पर हमले किए गए जो बुधवार तड़के तक जारी रहे। यह सर्दियों से पहले देश की ऊर्जा प्रणाली को तबाह करने की कोशिश का हिस्सा है। कीव प्रशासन के प्रमुख तिमुर तकाचेंको ने बताया कि हमले में कम से कम 18 लोग घायल हो गए। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्रालय ने बताया कि हमले के कारण पूरे देश में बिजली गुल हो गई। मंत्रालय ने कहा कि जहां संभव हो रहा है, वहां मरम्मत का काम किया जा रहा है और जितनी जल्दी हो सके बिजली बहाल कर दी जाएगी।

### ट्रंप और पुतिन की बैठक स्थगित

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि रूस के नेता व्लादिमीर पुतिन के साथ उनकी बैठक की योजना स्थगित कर दी गई है क्योंकि वह नहीं चाहते कि यह 'समय की बर्बादी' हो। ट्रंप और पुतिन के बीच हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में बैठक होने वाली थी, जिसे स्थगित करने का निर्णय सोमवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के बीच हुई बातचीत के बाद लिया गया। ट्रंप ने कहा कि मैं एक व्यर्थ बैठक नहीं चाहता। मैं समय की बर्बादी नहीं चाहता। इसलिए देखते हैं, क्या होता है। लावरोव ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि रूस तत्काल युद्धविराम के विरोध में है।

---

### भारत ने दिया नेपाल को सहयोग

# 7 राज्यों के 48 जिलों में शिक्षण संस्थानों को 'दान' की 81 बसें

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

भारत सरकार ने नेपाल के विभिन्न शिक्षण संस्थानों को 81 स्कूल बसें दान की हैं। भारत सरकार ने नेपाल के साथ संबंधों को मजबूती देने और दोनों देशों की साझेदारी को गहरा करने के उद्देश्य से यह पहल की। भारत सरकार ने नेपाल के 48 जिलों के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों को ये स्कूल बसें दान की हैं। काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने नेपाल के साथ चल रहे भारत के विकास सहयोग के तहत इस पहल की जानकारी दी। दूतावास ने सोशल मीडिया पर साझा पर एक पोस्ट में लिखा कि भारत सरकार ने नेपाल के सभी सात राज्यों के 48 जिलों में स्थित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों




को 81 स्कूल बसें दान की हैं, जिनमें कोशी प्रांत के बाढ़ प्रभावित इलाम, झापा और उदयपुर जिले, साथ ही हुमला, मुस्तांग, संखुवासभा, दारचुला, बैतड़ी और अछाम जैसे दूर-दराज के जिले शामिल हैं। दूतावास ने कहा कि पिछले तीन दशकों में, भारत ने नेपाल के संस्थानों को 381 स्कूल बसें प्रदान की हैं, जो देश भर में शैक्षिक पहुंच बढ़ाने के लिए भारत की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दी उपाधि

# भारतीय प्रादेशिक सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल बने एथलीट नीरज चोपड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल बन गए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और थल सेना अध्यक्ष उपेंद्र द्विवेदी ने नीरज को यह उपाधि दी। रक्षा मंत्री और थल सेना अध्यक्ष की मौजूदगी में नीरज को लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद उपाधि दी गई। नीरज इस दौरान सेना की वर्दी में नजर आए। हरियाणा के पानीपत के पास खंडरा गांव के रहने वाले 27 वर्षीय भाला फेंक एथलीट ने टोक्यो ओलंपिक 2020 में स्वर्ण पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक 2024 में उन्होंने रजत पदक हासिल किया था। इस साल नीरज चोपड़ा को



प्रादेशिक सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद रैंक दी गई थी, लेकिन बुधवार को समारोह के दौरान उन्हें उपाधि दी गई। नीरज इससे पहले भारतीय सेना में सूबेदार मेजर थे। नीरज से पहले भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को भी 2011 में प्रादेशिक सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल का मानद पद दिया गया था। इस साल मई में रक्षा मंत्रालय के सैन्य मामलों के विभाग ने अधिसूचना जारी करते हुए नीरज के लेफ्टिनेंट कर्नल बनने की जानकारी दी गई थी।

### ट्रंप ने व्हाइट हाउस में मनाई दिवाली, दी शुभकामनाएं



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में दिवाली मनाई। उन्होंने भारत सहित दुनिया भर में रहने वाले भारतीयों को शुभकामनाएं दीं। इस मौके उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी को फोन कर दिवाली की बधाई भी दी। कार्यक्रम में ट्रंप ने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें महान व्यक्ति और बेहतरीन दोस्त बताया। कार्यक्रम में ट्रंप ने कहा, कुछ ही देर में हम दीया जलाएंगे, जो अंधकार पर प्रकाश, अज्ञान पर ज्ञान और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह हमें याद दिलाता है कि हमें हमेशा ज्ञान का मार्ग अपनाना चाहिए, मेहनत से काम करना चाहिए। इस समारोह में ट्रंप प्रशासन के एफबीआई डायरेक्टर काश पटेल, इंटेलिजेंस डायरेक्टर तुलसी गाबार्ड, व्हाइट हाउस के डिप्टी प्रेस सेक्रेटरी कुश देसाई, भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर और अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा शामिल थे।

---

### इजराइल से डीआरडीओ को नहीं मिला रडार सिस्टम का सोर्स कोड

# तेजस एमके1ए की डिलीवरी रुकी, भारत ने किया अनुरोध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हिंदुस्तान एयरनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने स्वदेशी तेजस एमके1ए का निर्माण पूरा कर लिया है। यह भारतीय वायुसेना के जंगी बेड़े का हिस्सा बनने के लिए तैयार है। हालांकि, अब भी इसमें देरी हो सकती है। वजह है इस तेजस में लगने वाला एक सॉफ्टवेयर, जो तेजस को बेहद मारक बना देते हैं। इजराइल के साथ समझौते के तहत डीआरडीओ इस रडार का उत्पादन करता है। यही रडार तेजस विमानों में भी लगाया गया है. लेकिन, तेजस एमके1ए एक एडवांस विमान है और इसके हथियारों और रडार को कनेक्ट करने में दिक्कत आ रही है। इस दिक्कत को दूर करने के लिए डीआरडीओ को इस रडार सिस्टम के सोर्स कोड की जरूरत है। हालांकि, यह सोर्स कोड इजराइल के पास है। अब भारत ने इस सोर्स कोड के लिए इजराइल से अनुरोध किया है।

**इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज के पास है सॉफ्टवेयर**

**हथियारों और रडार को कनेक्ट करने में आ रही दिक्कत**

### इजराइल बनाता है मुख्य सॉफ्टवेयर



ईएल/एम-2052 रडार, जिसे लाइसेंस समझौते के तहत एचएएल द्वारा भारत में बनाया गया है, तेजसएमके1ए की पुरानी प्रणाली की तुलना में एक महत्वपूर्ण प्रगति है। यह जेट को दिखाई देने वाली सीमा से परे दूरी पर कथित तौर पर 150 किलोमीटर तक कई लक्ष्यों को ट्रैक करने में सक्षम बनाता है। इस रडार का स्थानीय निर्माण भारत की 'आत्मनिर्भर भारत' पहल का समर्थन करता है, लेकिन इसका मुख्य सॉफ्टवेयर और फर्मवेयर मूल डिजाइनर, इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (आईएआई) के स्वामित्व नियंत्रण में है।

### एईएसए रडार पर जारी हैं कई टेस्ट

एचएएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. डीके सुनील ने सार्वजनिक रूप से इस देरी की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि अब केवल अस्त्र मिसाइल में कुछ सॉफ्टवेयर परिवर्तनों की स्वीकृति का इंतजार है। नए तेजस में उन्नत इजराइली मूल का ईएलटीए ईएल/एम-2052 एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड एरे (एईएसए) रडार भी लगना है, जो अभी कई टेस्ट से गुजर रहा है।

### नई मिसाइल अस्त्र के लिए जरूरी है

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित 110 किलोमीटर की उन्नत हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल अस्त्र एमके1 है। अस्त्र को पहले पुराने तेजस एमके1 के लिए मंजूरी दी गई थी, लेकिन यह नए एमके1ए के साथ परीक्षणों में विफल रहा है। मार्च 2025 में एक परीक्षण कथित तौर पर सॉफ्टवेयर मार्गदर्शन संबंधी गड़बड़ियों के कारण विफल रही। भारतीय मिसाइल को नए इजराइली एईएसए रडार के साथ एकीकृत करने के लिए जटिल सॉफ्टवेयर कोड समायोजन की आवश्यकता है।

### बेल्जियम अदालत ने सुनाया फैसला

# चोकसी के प्रत्यपर्ण के लिए भारत सरकार के दावे सही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के अपराध भारतीय और बेल्जियम दोनों कानूनों के तहत उसे भारत प्रत्यर्पित करने के योग्य हैं। बेल्जियम की एक अदालत ने अपने एक विस्तृत फैसले में यह बात कही है। इसके साथ ही पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) धोखाधड़ी मामले में मुकदमे का सामना करने के लिए चोकसी के भारत लौटने का रास्ता साफ हो गया है। बेल्जियम स्थित एंटवर्प के एक कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि चोकसी के अपराध भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120-बी के साथ धारा 201, 409, 420 और 477-ए के तहत भारतीय कानून के तहत दंडनीय हैं। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 7 और 13(2) के साथ धारा 13(1)(सी) और (डी) के तहत भी एक वर्ष से अधिक की सजा का प्रावधान है। अदालत ने आगे कहा कि चोकसी के खिलाफ आपराधिक संगठन, ठगी, गबन और जालसाजी के आरोप बेल्जियम कानून के तहत भी दंडनीय हैं। अदालत ने चोकसी दलील को भी खारिज किया।



श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में मध्यरात्रि में हुआ विशेष पूजन

# प्रकाश के उदय का प्रतीक है दीपावली : ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद

## दीप सहस्त्रार्चन और महाआरती का भव्य आयोजन

हरिभूमि, जबलपुर।

दीपों के पर्व दीपावली पर जबलपुर स्थित श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ, शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में मध्यरात्रि को दिव्यता और भक्ति से परिपूर्ण वातावरण में मां पीताम्बरा बगलामुखी का विशेष पूजन, सहस्त्र दीपों से सहस्त्रार्चन एवं महाआरती का आयोजन किया गया। यह संपूर्ण अनुष्ठान परम पूज्य ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद जी महाराज श्री के करकमलों से विधि-विधानपूर्वक संपन्न हुआ।

### दीपों का प्रकाश मतलब मंगल ही मंगल-

मठ परिसर दीपमालाओं की उज्ज्वल आभा से आलोकित था। हर ओर मंत्रोच्चारण, वैदिक स्वर और भक्ति की मधुर गूंज वातावरण में एक अलौकिक ऊर्जा का संचार कर रही थी। ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद जी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि दीपो भवेत सर्वमङ्गलम्, अर्थात जहां दीपक का प्रकाश होता है, वहां मंगल ही मंगल होता है। उन्होंने कहा कि दीपावली केवल बाहरी दीपों का पर्व नहीं, बल्कि आत्मा के भीतर बसे अंधकार को मिटाने और ज्ञान के प्रकाश को प्रज्वलित करने का प्रतीक है।



### धन-संपदा के साथ शक्ति, शांति का स्थायी वास-

ब्रह्मचारी जी ने बताया कि इस पावन अवसर पर मां लक्ष्मी और मां बगलामुखी की आराधना करने से व्यक्ति के जीवन में केवल धन-संपदा ही नहीं, बल्कि शक्ति, शांति और समृद्धि का स्थायी वास होता है। दीप प्रज्वलन आत्मा की निर्मलता, सत्य के प्रकाश और अज्ञान रूपी तम के विनाश का प्रतीक है। उन्होंने कहा यदि मन शुद्ध हो, कर्म सात्विक हों और भावना श्रद्धा से भरी हो, तो मां की कृपा स्वतः ही प्राप्त होती है।

### आरती, सहस्त्र अर्चन और महाभिषेक संपन्न-

पूजन विधि में पहले वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गणपति, नवग्रह और कुलदेवी पूजन किया गया, तत्पश्चात मां बगलामुखी की आरती, सहस्त्र दीपों से अर्चन और महाभिषेक संपन्न हुआ। रात्रि के इस दिव्य अनुष्ठान में मठ परिसर में उपस्थित हर श्रद्धालु के चेहरे पर भक्ति और आनंद की आभा झलक रही थी।

### यह रहे उपस्थित-

इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जिनमें मधु यादव, पंकज दुबे, संजय मिश्रा, सुधांशु गुप्ता, रमेश महावर, अज्जू सोनकर, विजय घनघोरिया, अखिल तिवारी, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, आशीष चौकसे, तुलसी अवस्थी, वैभव दुबे, अंकित दीक्षित, सोनल कुरेले, राहुल मौर्य ,राज गुप्ता, गोविंदा साहू, शिव गुप्ता, लकी शर्मा, सुनील गुप्ता, अभिषेक उपाध्याय, गौरव चौबे, रोहित तिवारी, मनोज सेन सहित अनेक भक्तगण उपस्थित रहे। सभी ने मां बगलामुखी से अपने परिवार, समाज और राष्ट्र की उन्नति की मंगल कामना की।



# श्रीकृष्ण की लीलाएं प्रकृति संरक्षण का संदेश जगतगुरु नरसिंह देवाचार्य महाराज

## नरसिंह मंदिर में अन्नकूट महोत्सव संपन्न

जबलपुर।

श्रीकृष्ण की लीलाएं प्रकृति संरक्षण संवर्धन और संस्कारों को सीखकर आगे बढ़ाने में सहायक बनी है ।भगवान भाव के भूखे हैं, संपूर्ण सृष्टि का पालन करने वाले परमात्मा ने छिगंली में गोवर्धन पर्वत उठाकर इंद्र का मान मर्दन किया उक्त उद्गार श्रीमद् जगतगुरु नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह देवाचार्य जी महाराज ने नरसिंह मंदिर गीता धाम में श्रीगोवर्धन महाराज पूजन और अन्नकूट महोत्सव में 56 भोग अर्पण में कहे। भगवान नरसिंह योगेश्वर श्रीकृष्ण के पूजन अर्चन आरती में ब्रम्हचारी हिमांशु जी,शरद काबरा, राजेन्द्र प्यासी, संदीप जैन गुड्डा, प्रवेश खेड़ा, के के बस्सी,अंबर पुंज, आशीष शुक्ला, लोकराम कोरी, विध्येश भापकर, भोलाराम खत्री, राजेन्द्र यादव, डॉ संदीप मिश्रा, हरीश मनोधया, जीवन कपिल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों की उपस्थिति रही।

# सहायक शिक्षकों को 5400 रुपये का ग्रेड पे दिया जाए

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि प्रदेश के सहायक शिक्षकों को 30 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के पश्चात 4200 रुपये का ग्रेड पे दिया जा रहा है, जबकि उन्हें 5400 रुपये का ग्रेड पे दिया जाना चाहिए, वहीं जो उच्चश्रेणी शिक्षक से भर्ती हुए हैं उन्हें 6600 रुपये का ग्रेड पे 30 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर दिया जाता है जबकि सहायक शिक्षकों एवं उच्चश्रेणी शिक्षकों में सिर्फ एक पद का अंतर है तो फिर ग्रेड पे में इतना भारी अंतर क्यों? ग्रेड पे में इतना भारी अंतर होने से प्रदेश के हजारों सहायक शिक्षकों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। इन अनियमितताओं की वजह से सहायक शिक्षकों में रोष बना हुआ है।संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, राजेश सहारिया, राकेश श्रीवास, गुडविन चार्ल्स, राजकुमार यादव, रऊफ खान, एनोस विक्टर, फिलिप एंथोनी आदि ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि प्रदेश के सहायक शिक्षकों को 30 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर 5400 रुपये का ग्रेड पे दिया जाए।

# एकल एवं सामूहिक देशभक्ति, लोकगीतों का आयोजन

**हरिभूमि, जबलपुर।** शहीद स्मारक में हितकारिणी के छात्र-छात्राओं की एकल भजन, सामूहिक देशभक्ति गीत एवं लोकगीतों का आयोजन किया गया। जिसमें हितकारिणी के विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में विद्यालय स्तर के हितकारिणी के आठ स्कूलों एवं 9 महाविद्यालयों ने भाग लिया कार्यक्रम के दौरान माननीय नित्य निरंजन खमरिया, सुनैना पटेरिया, संजय बघेल, शिवदत्त मिश्र, मुकुल खमरिया, समर सिंह गायकवाड, जयेश सिंह राठौर,अशोक गुप्ता आदि की उपस्थित रही। आज के कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका ,संगीत के क्षेत्र की विशिष्ट हस्तियों मिठाई लाल चक्रवर्ती ,शिप्रा सुल्लेरे जिनकी शिष्य इशिता विश्वकर्मा ने पूरे भारत में जबलपुर का परचम लहराया तथा ईशान मिनोचा जी रहे।




# भाईदूज का पर्व आज

**जबलपुर।** 6 दिवसीय दीपोत्सव पर्व की अंतिम कड़ी में गुरुवार 23 अक्टूबर को भाईदूज का पर्व मनाया जाएगा। के दिन बहनें अपने भाईयों के घर जाएंगी और उनके माथे में तिलक वंदन कर उनकी रक्षा और समृद्धि की कामना करेंगी। भाई अपनी बहनों को उपहार भेंट करेंगे। भाईदूज के पर्व को यम द्वितीया भी कहा जाता है। इस साल तिथियों के हेर फेर में भाईदूज का पर्व एक दिन आगे बढ़ गया, कुछ लोगों ने 22 को भाई दूज मना ली तो कुछ लोग 23 अक्टूबर को भाईदूज का पर्व मनायेंगे। अन्नकूट पूजन दीवाली के दूसरे दिन मनाया जाता है लेकिन इस साल परिवा के दूसरे दिन अन्नकूट पूजन का आयोजन किया गया। इस दिन अन्नकूट पूजन कर और भगवान विष्णु, अन्नपूर्णा देवी की आराधना भी की जाती है। भाईदूज के पर्व को लेकर ऐसी मान्यता है कि यम की बहन यमुना के घर के दिन यमराज ने जाकर टीका लगवाया था। यमराज ने प्रसन्न होकर बहन को अनेक प्रकार की भेंट प्रदान की। बहन के वर मांगने पर यमराज ने कहा कि के दिन जो बहन अपने भाई को घर बुलाकर टीका कर उसे भोजन कराएगी, उसके भाई की हमेशा रक्षा रहेगी, इसलिए इस त्यौहार को यम द्वितीया भी कहा जाता है।

# श्याम सुंदर गौशाला बंदरकोला में धूमधाम से की गई गोवर्धन पूजा

**जबलपुर।** दीपावली के शुभ अवसर पर जनपद पंचायत जबलपुर की ग्राम पंचायत बंदरकोला की श्याम सुंदर गौशाला में आज पूरे धूमधाम से गोवर्धन पूजा की गई, गौशाला में गोवर्धन माता की पूजा अर्चना की गई, सर्वप्रथम जबलपुर विटरनरी कॉलेज से डॉ. विष्णु गुप्ता, डॉ. आशीष लखेरा, डॉ. पुन्नु लाल बर्मान, सरपंच श्रीमती पूजा ओमप्रकाश भूमिया ने विधि विधान से पूजा अर्चना की, तत्पश्चात गाय माता को सभी ने हरा चारा, गुड़, मीठा, रोटी खिलाई तथा डॉ. गुप्ता परिवार ने नीबू का पौधा भी लगाया। इस अवसर पर सचिव बबलू पटेल, सहायक सचिव घूरसेन पटेल, पंच लोचन पटेल, श्रीमती लालती बाई, किसोरी झारिया सहित बड़ी संख्या में ग्राम के गौ भक्त उपस्थित थे।





# दीपावली में निर्धन बच्चों को कपड़े, मिठाइयाँ, पटाखे बांटे

**जबलपुर।** अनु आनंद आश्रय फाउंडेशन ने अमृत जैन मंदिर करमेता में जरूरतमंद 50 से अधिक बच्चों को दीपावली के उपलक्ष्य में कपड़े, मिठाइयाँ, बम पटाखे, रिफ्रेशमेंट, पेंट कलर आदि बांटकर बच्चों के साथ दिवाली मनाई। इस कार्यक्रम में शामिल अध्यक्ष अनु आनंद, हर्षिता जिंघ्यानी, सफ़ीना वसीम, सबीना, तबस्सुम, प्रिया जैन, एकता मलिक, रितु, राखी, मंजुलिका आदि उपस्थित रहे।

# गोवर्धन पूजा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि यह भारतीय संस्कृति की आत्मा है: पाण्डेय



**विधायक ने कार्यकर्ताओं साथ की गोवर्धन पूजा**

**हरिभूमि, जबलपुर।** विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने बुधवार को गोवर्धन पूजा के अवसर पर होम साइंस कॉलेज रोड स्थित विधायक कार्यालय सेवा सदन में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ गोवर्धन पूजा की एवं उत्तर मध्य विधानसभा में सभी के सुख, समृद्धि ,स्वस्थ और खुशहाल रहने की कामना की।प्रतिवर्षनुसार आयोजित होने वाले गोवर्धन पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ साथ नागरिकजन भी सम्मिलित हुए। विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने अपने कार्यालय सेवा सदन में विधिवत गोवर्धन पूजन किया। उन्होंने गोबर और पुष्पों से गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाई और भगवान श्रीकृष्ण की पूजा कर गौमाता को चारा और फल अर्पित किए। इस दौरान बड़ी संख्या में आमजन और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने कहा कि गोवर्धन पूजा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति की आत्मा है। इस दौरान पवन तिवारी, मुकेश यादव, दिलीप पटेल, सुशील शुक्ला, मनीष जैन कल्लू, नितेश अग्रवाल, प्रदीप ड्योढिया एवं बड़ी संख्या में पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं नागरिकजन उपस्थित थे।




# कोबरा ग्राउंड, रिज रोड में लगा दिवाली मेला

**जबलपुर।** मुख्यालय मध्य भारत एरिया द्वारा दीपावली की परंपरा के अनुरूप, जबलपुर मिलिट्री स्टेशन में 16-17 अक्टूबर को कोबरा ग्राउंड पर एक भव्य दीपावली मेला आयोजित किया गया। मेले का उद्घाटन राजलक्ष्मी शेखावत, ज़ोनल अध्यक्ष, आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा किया गया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल पी.एस. शेखावत, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, मध्य भारत एरिया तथा मेजर जनरल संजय गौतम, चीफ ऑफ स्टाफ, मुख्यालय मध्य भारत क्षेत्र भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की प्रमुख आकर्षण रही **AWWA** द्वारा लगाए गए विभिन्न राज्यीय हस्तशिल्प एवं वस्त्रों के भव्य स्टॉल। इन स्टॉलों में आदिवासी कलाकृतियाँ, गोंड कला, चंदेरी, बनारसी और कोसा सिल्क साड़ियाँ, बाँस से बने शिल्प, मधुबनी पेंटिंग्स तथा ओडिशा के पारंपरिक हस्तनिर्मित वस्तुएँ प्रदर्शित की गईं। इन स्टॉलों को प्रादेशिक केन्द्रों एवं सेवा एवं सेवानिवृत्त सैनिकों की पत्नियों द्वारा प्रस्तुत किया गया था, जो विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिकता को सुंदर ढंग से अभिव्यक्त करते हैं।

# सूर्या हाफ मैराथन : नागरिक प्रशासन एवं सेना के मध्य समन्वय बैठक सम्पन्न



जबलपुर।

सूर्या हाफ मैराथन 2025 की तैयारियों को लेकर लेफ्टिनेंट जनरल पी.एस. शेखावत, जीओसी मध्य भारत एरिया ने जबलपुर के महापौर जगत बहादुर अन्नू, जिला कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, और पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के साथ समन्वय बैठक की। बैठक में यातायात, सुरक्षा, मार्ग-निर्धारण व पंजीकरण बढ़ाने हेतु रणनीति पर चर्चा हुई। नागरिक प्रशासन ने आयोजन की सुचारु व्यवस्था के लिए समिति गठन एवं एकल संपर्क अधिकारी नियुक्त करने का आश्वासन दिया। यह सूर्या हाफ मैराथन का तीसरा संस्करण है, जो फिटनेस, एकता और देशभक्ति का प्रतीक बन चुका है। लेफ्टिनेंट जनरल शेखावत ने महाकौशल व मध्य भारत के नागरिकों से उत्साहपूर्वक भागीदारी की अपील की। पंजीकरण surya-halfmarathon.com पर जारी है।

# भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव मनाया गया

## बंधन के अभाव में मिलती है मुक्ति : आचार्य श्री

**जबलपुर।** दिगंबर जैन स्वर्ण मंदिर लार्डगंज में जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर महावीर भगवान महावीर निर्माण महोत्सव आचार्य श्री के सानिध्य मनाया गया। हजारों की संख्या में जैन धर्मावलंबियों की उपस्थिति में प्रातः 7:00 बजे भगवान का पूजन अभिषेक किया गया,तथा उन्हें निर्माण लाडू समर्पित किए गए। आचार्य श्री विद्यासागर सभा भवन में आचार्य श्री समयसागर के सानिध्य में आयोजित धर्म सभा के प्रारंभ में आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के तैल चित्र के समक्ष दिगंबर जैन संरक्षणी सभा के आनंद सिंघई,चक्रेश मोदी,अरविंद भाई जी,जलज जैन,शैलश (मिंकू) ने दीप प्रज्वलित किया।आचार्य श्री के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य विजय घनगसियावीरेश मोदी,चक्रेश मोदी, जतिन जैन को प्राप्त हुआ। आचार्य श्री का अष्ट द्रव्य से पूजन प्रतिभास्थली की ब्रह्मचारिणी बहनों ने किया। धर्म सभा में अपने उद्गार व्यक्त करते हुए आचार्य श्री ने कहा कि जिस प्रकार महावीर प्रभु को निर्माण का लाभ इसी तिथि को प्राप्त हुआ था और हम लोगों को भी स्थान की अपेक्षा जो संकल्प लिया था वह संकल्प पूर्ण हुआ है।जब बंधन का अभाव होता है ।

**नाम सुधार सूचना**

मैं गुनीत सिंह सलूजा पिता सुरेन्द्र सिंह सलूजा निवासी - 43, सुखसागर वैली वार्ड नं 8 ग्वारीघाट जबलपुर म.प्र. शपथपूर्वक कथन करता हू कि मैं उक्त पते का निवासी हूं। मेरे द्वारा पासपोर्ट कार्यालय से अपना पासपोर्ट बनवाया गया है जिसका पासपोर्ट नंबर N7403412 है। मेरे पासपोर्ट में मेरी मां का नाम सिमी सलूजा SIMI SALUJA दर्ज किया गया है तथा मेरी 10वीं की अंकसूची में मेरी मां का नाम सिमी सलूजा SIMI SALUJA दर्ज जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में रविन्दर कौर RAVINDER KAUR दर्ज है । मेरे पासपोर्ट क्र. नंबर N7403412 में मेरी मां का नाम सिमी सलूजा SIMI SALUJA दर्ज हो गया है जबकि मेरी मां के समस्त दस्तावेजों में रविन्दर कौर RAVINDER KAUR दर्ज है। सिमी सलूजा SIMI SALUJA एवं रविन्दर कौर RAVINDER KAUR एक की महिला अर्थात मेरी मां के नाम हैं।

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**तहसील अधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.क्र. /2197/अ-6/2025-26
जबलपुर, दिनांक 10/10/25
**// आम इश्तहार / /**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री/श्रीमती प्रतिभा राहा पिता जितेन्द्र नाथ राहा निवासी-B-208, आनंद सिनेमा रोड नेपियर टाऊन जबलपुर द्वारा ग्राम सुहागी नं.ब. 426 प.ह.नं. 20 राजस्व निरीक्षक मंडल जबलपुर में स्थित खसरा नं. 51 का भाग रकवा 40/70 वर्गफुट/हे. भूमि पंजीकृत विक्रय पत्र / फौती / वसीयतनामा / बंटवारानामा क्र....दिनांक 26/08/1985 के माध्यम से क्रय की गई भूमि का नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। वर्तमान में भूमि श्री/श्रीमती विधिक बारसान संतोष कुमार पिता दाल चन्द्र उसरेटे के नाम दर्ज है। तत्संबंध में नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वो अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज पेशी दिनांक - तक कार्यालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील महोदय जबलपुर में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-10/10/25
पेशी दिनांक- 25/10/25
मुद्रा
नायब तहसीलदार
अधारताल, जबलपुर

### जमकर की हुई खरीदारी, मप्र सहित देशभर हुई 6.05 लाख करोड़ रुपए का कारोबार

# जीएसटी दरों में कटौती और उपभोक्ताओं में मजबूत विश्वास से दिवाली पर बाजारों में रहा बूम, मिला बढ़ावा



वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल/नई दिल्ली

दिवाली के मौके पर लोगों ने जमकर खरीदारी की। इस पावन त्योहार के मौके पर भोपाल, मध्यप्रदेश सहित देशभर में रिकॉर्ड 6.05 लाख करोड़ रुपए की बिक्री दर्ज की गई।

इसमें से लगभग 5.40 लाख करोड़ रुपए उत्पादों की बिक्री से आए, जबकि 65,000 करोड़ रुपए सेवाओं से जुड़े। व्यापारिक संगठन कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के अनुसार दिवाली पर कुल बिक्री 4.25 लाख करोड़ रुपए थी, जिससे इस साल की बिक्री में बढ़ोतरी पिछले साल के मुकाबले रिकॉर्ड तोड़ है। कैट के अनुसार हाल ही में जीएसटी एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती और उपभोक्ताओं में मजबूत विश्वास ने इस साल दिवाली पर बिक्री को बढ़ावा दिया। संगठन के अनुसार खुदरा बिक्री में गैर-कॉरपोरेट और पारंपरिक बाजारों का योगदान कुल व्यापार का लगभग 85 फीसदी रहा।

यह ऑनलाइन खरीदारी के दौर में छोटे व्यापारियों और भौतिक बाजारों की वापसी को दर्शाता है। इससे यह भी पता चलता है कि उपभोक्ताओं का विश्वास स्थानीय दुकानों और पारंपरिक बाजारों में भी बढ़ा है।

### इस बार इन चीजों की हुई ज्यादा बिक्री

संगठन के मध्यप्रदेश इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष **सुनील अग्रवाल** ने कहाकि राशन और रोजमर्रा के सामान की 12 फीसदी बिक्री ज्यादा हुई, सोना और आभूषण में 10 फीसदी, इलेक्ट्रॉनिक्स और बिजली उपकरण में 8 फीसदी ,टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद में 7 फीसदी, रेडिमेड कपड़े 7 फीसदी, गिफ्ट में 7 फीसदी, घरेलू सजावट में 5 फीसदी, फर्निशिंग और फर्नीचर में 5 फीसदी, मिठाई और नमकीन में 5 फीसदी, कपड़ा 4 फीसदी, पूजा सामग्री में 3 फीसदी, फल और सूखे मेवे में 3 फीसदी ज्यादा बिक्री हुई।

## बीते साल से डेढ़ गुना हुआ इस बार का व्यापार : समीर भार्गव



थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ सिरोंज के अध्यक्ष समीर भार्गव के अनुसार नवरात्रि से लेकर दीपावली तक पिछले साल की तुलना में लगभग ढेड़ गुना व्यापार हुआ है, छोटी से बड़ी गाड़ियों की लगभग दोगुनी तक भोपाल और मध्यप्रदेश में हुई। पूरे देश को बात करें तो 80 से ज्यादा देशों की जीडीपी से ज्यादा व्यापार हुआ है। निश्चित ही जीएसटी दर घटने का भी बिक्री बढ़ने में खास योगदान है भारत वैसे भी विश्व में सबसे बड़ा उपभोक्ता देश है और ऊपर से नवरात्रि से दीपावली का शुभ मुहूर्त में उपभोताओं की वस्तुओं में खरीदी विक्री को बढ़ावा देती है।

### नवरात्री से दीपावली तक त्यौहारी बिक्री 25 प्रतिशत अधिक रही : सुनील जैन



मध्यप्रदेश एफएमसीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील जैन के अनुसार नवरात्री से लेकर दीपावली तक चलने वाले त्योहारी सीजन में गुड्स की बिक्री रिकॉर्ड 5.40 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गई है। इस दौरान करीब 65,000 करोड़ रुपए की सर्विसेज भी ग्राहकों की ओर से खरीदी गई हैं। यह पिछले साल नवरात्रि से दीपावली की अवधि में हुई 4.25 लाख करोड़ रुपए की तुलना में इस सीजन में त्यौहारी बिक्री 25 प्रतिशत अधिक है। इसमें रिटेल की हिस्सेदारी 85 प्रतिशत रही है। ऑफलाइन मार्केट में भी मांग अच्छी रही है। कन्फेक्शनरी, होम डेकोर, जूते-चप्पल, रेडीमेड कपड़े, टिकाऊ उपभोक्ता सामान और दैनिक उपयोग की वस्तुओं जैसी प्रमुख उपभोक्ता और खुदरा श्रेणियों में जीएसटी दरों में कमी से मूल्य प्रतिस्पर्धा में काफी सुधार हुआ, जिससे खरीदारी में इजाफा हुआ है।

### जीएसटी में कटौती से मिला खुदरा परिधान कारोबार को बलः श्यामबाबू



बाजार जानकार और फेडरेशन ऑफ राजधानी वस्त्र व्यवसायी संघ के अध्यक्ष श्यामबाबू अग्रवाल ने कहाकि जीएसटी दरों में संशोधन से परिधानों का खुदरा व्यवसाय करने वाली इकाइयों के कारोबार में लगभग दो प्रतिशत का अतिरिक्त लाभ मिल रहा है। उनका परिचालन राजस्व लगातार दूसरे वित्त वर्ष में 13-14 प्रतिशत के मजबूत स्तर पर पहुंच सकता है। उन्होंने कहाकि खुदरा महंगाई में कमी और कच्चे माल की लागत कम होने जैसे कारकों के बीच कुल मिलाकर संगठित क्षेत्र की खुदरा इकाइयों का परिचालन लाभ भी 14 से 14.5 प्रतिशत के दायरे में रहने की उम्मीद है।

### जीएसटी सुधार और स्वदेशी उत्पादों की रही मजबूत मांग

## दिवाली की बिक्री रिकॉर्ड 6.05 लाख करोड़ रुपए तक पहुंची : वित्तमंत्री

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को इस वर्ष दिवाली की बिक्री में हुई वृद्धि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिवाली पर बिक्री के आंकड़े जीएसटी रेट कट और स्वदेशी उत्पादों की मजबूत मांग के कारण रिकॉर्ड 6.05 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गए। वित्त मंत्री सीतारमण ने कैट के बयान का हवाला दिया, जिसमें अनुमान लगाया गया है कि इस वर्ष दिवाली की बिक्री में 5.4 लाख करोड़ रुपए वस्तुओं की बिक्री और 65,000 करोड़ रुपए सेवाओं की बिक्री शामिल हैं।

**जीएसटी रेट कट से खरीदारी में तेजी:** कन्फेक्शनरी, होम डेकोर, फुटवियर, रेडीमेड गारमेंट, कंज्यूमर ड्यूरेबल और दैनिक उपयोग की वस्तुओं जैसी प्रमुख कंज्यूमर और रिटेल कैटेगरी में जीएसटी रेट कट से मूल्य प्रतिस्पर्धा में महत्वपूर्ण सुधार हुआ और खरीदारी में तेजी आई। सर्वे में कहा गया है कि लगभग 72 प्रतिशत सर्वे में शामिल ट्रेडर्स ने बताया कि उनकी बिक्री बढ़ने का कारण जीएसटी रेट कट है।




**दिवाली के व्यापार में रहा उछाल**

उपभोक्ताओं ने त्योहारी मांग के बीच स्थिर कीमतों पर अधिक संतुष्टि व्यक्त की, जिससे दिवाली के बाद भी खपत जारी रही।गैर-कॉर्पोरेट और गैर-कृषि क्षेत्र भारत के विकास का एक केंद्रीय स्तंभ बनकर उभरा है, जिसे 9 करोड़ रुपए छोटे व्यवसायों, करोड़ों छोटी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स और उपभोक्ताओं के सबसे बड़े आधार द्वारा संचालित किया जाता है।

# थोक बाजार हनुमानगंज के व्यापारियों ने किया कांटा पूजन, मुहूर्त सौदे किए

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित थोक बाजार हनुमानगंज के व्यापारियों ने आज कांटा पूजा किया और मुहूर्त सौदे किए। इस मौके पर कैट के पूर्व प्रदेश महामंत्री रमाकांत तिवारी ने बताया कि वाधवानी एंड ब्रदर्स के संचालक रवि वाधवानी ने विधिवत कांटा पूजन किया।

इस मौके पर विवेक साह, सुभाष वाधवानी, प्रवीण वाधवानी, लव वाधवानी एवं रमेश ग्वालानी, श्याम कुमार हेमनानी, कृष्ण कुमार ग्वालानी आदि मौजूद रहे हैं। तिवारी ने बताया कि शुभ दीपावली का कांटा पूजन कर व्यापारियों ने



बाजार में सुख समृद्धि की कामना की गई।

उन्होंने बताया कि कांटा पूजन के बाद व्यापार के लिए तेल 134 रुपए 50 पैसे, पाम खुला तेल 136 रुपए, कृति 15 किलो 2301, रुचि स्टार 15 किलो 2175 , सुमन वनस्पति 15 किलो 2021, सुमन पाम आयल 2200, सुमन कॉटन रिफाइंड 2300, कुंदन मूंगफली 15 किलो 2450 रुपए, कुंदन सरसों तेल कच्ची घानी 2850 रुपए, सिक्का 2750 रुपए, सनफ्लावर फॉर्चून 2250 रुपए ,शक्कर एम30 4300, शक्कर सुपर एस 4250 और शक्कर एस 4230 रुपए के भाव मुहूर्त सौदे हुए।

### मंडी में कांटा पूजन आज, मुहूर्त सौदे के साथ शुरू होगी नीलामी

राजधानी के करोंद स्थित पं.लक्ष्मीनारायण कृषि उपज मंडी के अनाज यॉर्ड यानि गल्ला मंडी जो पांच दिवसीय दीपोत्सव के अवसर पर बंद है वह 23 अक्टूबर यानी गुरूवार खुलेगी। भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी, प्रवक्ता संजीव जैन के अनुसार प्रत्येक वर्ष की भांति अनाज मंडी में कांटा पूजन और मुहूर्त सौदे होंगे। इसके बाद दीपावली मिलन समारोह मंडी प्रांगण स्थित एसोसिएशन के कार्यालय में आयोजित होगा।

### सोयाबीन की खरीदी 24 अक्टूबर से होगी शुरू

# मंडी बोर्ड मुख्यालय में भावांतर योजना 2025 के सुचारू क्रियान्वयन के लिए प्रारंभ हुआ कंट्रोल रूम

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश में सोयाबीन उत्पादक कृषकों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाए जाने के उद्देश्य से सोयाबीन भावांतर योजना 2025 अंतर्गत सोयाबीन की खरीदी 24 अक्टूबर 2025 से शुरू हो रही है। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश कृषि विपणन बोर्ड प्रबंध संचालक पुरुषोत्तम कुमार और अपर प्रबंध संचालक अनुराग सक्सेना के निर्देश पर उपरोक्त योजना के अनुसार प्रदेश के सोयाबीन उत्पादक कृषकों, किसान संगठनों, व्यापारी संगठनों, मंडी बोर्ड,मंडी समितियों के अधिकारियों, कर्मचारियों की सुविधा के लिए मंडी बोर्ड मुख्यालय में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जो कि 8 बजे से शाम 8 बजे तक निरंतर कार्य करेगा। मंडी बोर्ड के सहायक संचालक योगेश नागले ने बताया कि कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 0755-2556207 है। कोई भी कृषक/ व्यापारी योजना से संबंधित किसी भी सूचना के सम्बन्ध में कंट्रोल रूम से संपर्क कर सकता है। कंट्रोल रूम प्रभारी अधिकारी के रूप में संयुक्त संचालक संगीता ढ़ोके को नियुक्त किया गया है। जिन के निर्देशन में उक्त कंट्रोल रूम कार्य करेगा।



### मंडियों में सीसीटीवी से होगी निगरानी, सुविधा के लिए हेल्प डेस्क

मध्यप्रदेश की कृषि उपज मंडियों में सोयाबीन का विक्रय भावांतर योजना के दायरे में है। अतः अब मंडी के प्रवेश द्वार और प्रांगण की सीसीटीवी निगरानी की जाएगी। प्रत्येक मंडी में हेल्प डेस्क बनाई गई है, ताकि किसानों को कोई परेशानी ना हो। यह निर्देश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने योजना की समीक्षा के दौरान दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भावांतर योजना के लिए 9.36 लाख किसानों ने पंजीयन करवाया है। उज्जैन, राजगढ़, शाजापुर, देवास, सीहोर, विदिशा और सागर में 50-50 हजार से अधिक किसानों ने पंजीयन करवाया है। 21 जिलों से 10-10 हजार से अधिक किसानों के पंजीयन हुए हैं। सभी मंडियों और उपमंडियों में सोयाबीन विक्रय के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी कर लें। ई-उपार्जन पोर्टल के माध्यम से किसानों के पंजीकृत बैंक

### भगोरिया का छमाही में शुद्ध लाभ 83 फीसदी उछला

**मुंबई।** भगेरिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपने अनऑडिटेड वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही और पहली छमाही के परिणामों की घोषणा की है। कंपनी के अध्यक्ष सुरेश भगेरिया ने कहाकि दूसरी तिमाही में कंपनी ने कुल206.02 करोड़ रुपए की आय अर्जित की। कंपनी की एबिटडा 24.74 करोड़, वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि 46.58 फीसदी रहा। जबकि शुद्ध लाभ 11.47 करोड़ रुपए और शुद्ध लाभ मार्जिन में 5.57 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई। वहीं वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में कंपनी की कुल आय 369.99 करोड़ रुपए दर्ज हुई ।

# देहात ग्रेट गेहूं महोत्सव का दूसरा सीजन लॉन्च




**गुरुग्राम/ बिहार।** देश की सबसे बड़ी एग्रीटेक कंपनी देहात ने ग्रेट गेहूँ महोत्सव का दूसरा सीजन लॉन्च कर दिया है। इस स्कीम के तहत कुल 2001 विजेता किसानों को देहात के रीसर्च गेहूँ बीज की खरीददारी पर बोलेरो, ट्रैक्टर, बुलेट समेत कई आकर्षक उपहार दिये जाएंगे।

पिछले रबी सीजन के दौरान चलायी गयी इस स्कीम में देश भर के 1.5 लाख से अधिक किसानों ने भाग लिया था। जिसमें से 2,001 विजेता किसानों को विशेष इनामों से सम्मानित किया गया था। स्कीम का सबसे बड़ा इनाम भोपाल के जितेंद्र मीना (गब्बर) के नाम रहा, जिन्होंने महिंद्रा भूमिपुत्र ट्रैक्टर जीता। स्कीम दूसरा बड़ा इनाम मारुती ऑल्टो पटना के रहने वाले गोलू कुमार ने जीता था। इस अवसर पर देहात के सह संस्थापक व सीओओ श्याम सुंदर सिंह ने कहा, "पिछले सीजन जिस तरह किसानों ने देहात पर अपना विश्वास जताकर स्कीम में भाग लिया वह काबिले तारीफ है। हमने "ग्रेट गेहूँ महोत्सव" के विजेताओं को ट्रैक्टर व ऑल्टो कार जैसे इनाम दिए। हमें न केवल किसानों की ओर से बीज को लेकर अच्छा फीडबैक मिला बल्कि वे स्कीम को लेकर भी काफी उत्साहित दिखें। बताते चलें कि, स्कीन में भाग लेना बेहद आसान है। किसानों को अपने नजदीकी देहात केंद्र से देहात के रिसर्च गेहूँ बीज की खरीददारी करना है और अपना लकी कूपन प्राप्त कर स्कीम के लिए रजिस्टर करना है।

## राशिफल

**मेष** मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष** मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह** आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या** किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती है।

**तुला** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक** किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**धनु** आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

# नवरत्न ने पेंसिल की लकड़ी पर बनाई 2 मिमी की चम्मच

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर अपनी बारीक मिनिएचर कला के लिए दुनियाभर में मशहूर है। यहां के कलाकार ऐसी छोटी-छोटी चीजें बनाते हैं, जिन्हें देखकर हर कोई हैरान रह जाता है।जयपुर के मूर्तिकार और मिनिएचर आर्टिस्ट नवरत्न प्रजापति ने पेंसिल की लकड़ी से दुनिया की सबसे छोटी चम्मच बनाकर इतिहास रच दिया. इस 2 मिलीमीटर की चम्मच ने उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और ग्लोबल वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज करवाया है। इतनी छोटी चम्मच को देखने के लिए सूक्ष्मदर्शी (माइक्रोस्कोप) का इस्तेमाल करना पड़ता है।यह चम्मच इतनी बारीक है कि एक चींटी भी इसके सामने बड़ी दिखती है।


नवरत्न प्रजापति ने बताया कि इस चम्मच को बनाने में उन्होंने पेंसिल की लकड़ी का इस्तेमाल किया है। बारीक काम के लिए ढेर सारी रोशनी चाहिए होती है, इसलिए सूरज की रोशनी में बैठकर इसे बनाया। नवरत्न ने बताया कि चम्मच को इतना बारीक बनाया गया है कि यह बिल्कुल असली चम्मच जैसी दिखती है। इसे देखने के लिए पेन की निब पर रखकर माइक्रोस्कोप से देखा जा सकता है।



### बनाते समय दो बार खो गई थी चम्मच

नवरत्न ने बताया कि वैसे तो पेंसिल की नोंक पर तमाम महापुरुषों की मूर्तियां बनाई है, लेकिन चम्मच में बारिकी का न होते हुए भी इसमें बड़ी मेहनत लगी है। इस चम्मच बनाना आसान नहीं था। यह इतनी छोटी थी कि इसे बनाते समय दो बार खो गई और ढूंढने में काफी समय लगा। पेंसिल की नोंक या लकड़ी से बनी चीजें अक्सर टूट भी जाती हैं, इसलिए बहुत सावधानी से काम करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि यह चम्मच सिर्फ दिखाने के लिए है, इसका इस्तेमाल नहीं हो सकता। यह इतनी छोटी है कि इसमें रंग करना या कोई डिजाइन बनाना मुमकिन नहीं था, इसलिए इसे सादा ही रखा।

## शब्द पहेली - 6025



**बाएँसेदाए**

1.द्वेष,झगड़ा,रार-3
4.बुरकापोश-5
8.गागर,घड़ा-3
9.प्याऊ (उर्दू-3)
10.पैंदा,तला-2
12.बरस,वर्ष-2
13.सतत,लगातार-5
16.मजार,समाधि-4
17.उदारता,बड़पन्न-4
18.वायदा,कसम-2
19.महीना,माह-2
20.हमसफर-4
23.आदेश,आज्ञा-4
25.कहानी लेखक-5
28.गधा,गर्दभ-2
29.श्रवणेंद्रिय-2
31.बारिश,वर्षा-3
33.देवर्षि-3
35.दया करना-3,2
36.चिंतन

**ऊपर से नीचे**

1.कुपुत्र-3
2.अधिकार-2
3.सलाह,राय-4
4.अफसोस,खेद-4
5.शीतकालीन फसल-2
6.दलहन-2
7.ठंडा,सर्द-3
11.जिज्ञासा,उत्साह-3
12.बारिश का मौसम-3
13.धारावाही,अविराम, सीरियल-5
14.रीत,परंपरा-2
15.जीवनसाथी, हमराही-5
21.मोर-3
22.जल,नीर-2
24.पीहर-3
26.गजशाला, हाथी घर-4
27.करतब, करामात-4
28.उपभोग,खर्च-3
30.नेत्र,चक्षु,आंख-3
31.सवारी गाड़ी-2
32.रहन,गिरवी वस्तु-2
34.ताकत,जोर,बल-2

### शब्द पहेली -6024 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | न | मो | ह | न | ■ | र | बा | ना | हो | ना |
| न | ■ | म | क | र | ■ | त | ल | ना | ■ | का |
| मो | ह | ■ | ■ | गि | ■ | ज | ■ | ■ | क | म |
| ह | म | ■ | आ | स | ल | गा | ना | ■ | मा | या |
| क | ल | र | व | ■ | क्ष | ■ | म | त | ल | ब |
| ■ | ■ | ■ | भ | ला | ■ | जो | र | ■ | ■ | ■ |
| ज | ग | म | ग | ■ | मौ | ■ | ख | चा | ख | च |
| मी | ल | ■ | त | म | त | मा | ना | ■ | र | म |
| न | त | ■ | ■ | हा | ■ | ल | ■ | ■ | ल | क |
| दा | ■ | म | चा | न | ■ | खा | रि | श | ■ | दा |
| र | म | णी | य | ता | ■ | ना | ट | क | का | र |

## सूडोकु नवताल- 6035

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 6034 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

MANGAL SEMACHA, BANGALORE

**डॉक्टर्स सजेशन**
डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## ऑप्रेशन के बाद जब घुटने में फिर हो दर्द



**मेरी उम्र 54 वर्ष है। दो साल पहले घुटने का ऑप्रेशन करवाया था। कुछ समय से घुटने में फिर से दर्द हो रहा है। चलने-फिरने में तकलीफ हो रही है। मुझे क्या करना चाहिए?**
**-उमाशंकर, भोपाल**
आपने यह नहीं बताया है कि क्या हाल-फिलहाल में घुटने में चोट लगी है? क्योंकि ऐसे मामलों में चोट लगने से दोबारा दर्द शुरू हो जाता है। अगर ऐसा कुछ नहीं हुआ है तो जरूर आपको उन्हीं डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए, जिन्होंने आपका ऑप्रेशन किया था। वह एक्सरे कराकर दर्द का कारण पता लगाएंगे और फिर ट्रीटमेंट शुरू होगा। तब तक आप इस बात का ध्यान रखें कि ज्यादा तेज चलना या रनिंग ना करें और वजन भी ना उठाएं।

**मेरी उम्र 32 वर्ष है। सर्दियां शुरू होते ही मेरी एड़ियां फटने लगती हैं। पेट्रोलियम जैली या क्रीम लगाने से भी कोई खास फायदा नहीं होता। कृपया बताएं, इससे बचने के लिए क्या करूं?**
**-शोभित, रायपुर**
सर्दी के मौसम में यह समस्या बहुत आम हो जाती है, लेकिन ज्यादातर लोगों को क्रीम या जैली लगाने से आराम मिल जाता है। आप रात में सोने से पहले गर्म पानी से अपने पैर धुलें और पूरी तरह से उनको पोंछकर सुखा लें। फिर उसके बाद जैली लगाएं, इस तरह करने से आराम मिलेगा। अगर तब भी आराम नहीं मिले तो डॉक्टर से एक बार संपर्क कर लेना चाहिए।

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। मैं जब भी गर्म पानी से नहाता हूं तो रैशेज हो जाते हैं। ऐसा क्यों होता है, इस समस्या का प्लीज समाधान बताएं।**
**-नीरज, भोपाल**
अगर आपको त्वचा से संबंधित कोई समस्या है तो आपको गर्म पानी से नहीं नहाना चाहिए। पानी का टेंप्रेचर नॉर्मल कर लेना चाहिए। यानी न ज्यादा ठंडा हो और न ज्यादा गरम। इस तरह के पानी से आपको नहाना चाहिए और नहाने के साथ ही पूरे शरीर पर नारियल का तेल लगा लेना चाहिए। इससे आपको आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से अकसर ही मेरी कमर और गर्दन में अकड़न बनी रहती है। कभी-कभी तेज दर्द भी होता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**
**-नवीन, रोहतक**
आपने यह नहीं बताया कि आपका वर्क प्रोफाइल क्या है, यानी आप काम क्या करते हैं? अगर आपकी लंबी सिटिंग वाली जॉब है तो यह समस्या इसी वजह से हो सकती है। आपको फिजियोथेरेपिस्ट से पूछकर रेग्युलर सुबह-शाम एक्सरसाइज करनी चाहिए। इसके अलावा काम के दौरान बीच-बीच में टहल लेना चाहिए और पोश्चर सीधा रखना चाहिए। इस तरह करने से आपको आराम मिल सकता है।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। खाना ठीक से नहीं पचता। कभी लूज-मोशन तो कभी कॉन्सटिपेशन हो जाता है। कृपया इसका उपाय बताएं।**
**-सेवालाल, महेंद्रगढ़**
उम्र बढ़ने के साथ इस तरह की समस्या कई लोगों में शुरू हो जाती है। आपको अपने खान-पान पर ध्यान देना चाहिए, जैसे- खाने में सलाद जरूर शामिल करना चाहिए। अगर हो सके तो डेली दही भी जरूर खाना चाहिए। फल रेग्युलर खाना चाहिए। रात में हल्का आहार लेना चाहिए। अगर आराम ना हो तो डॉक्टर से संपर्क करें। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

**मेडिकल एडवाइस**
विवेक शुक्ला

स्पेशल: वर्ल्ड स्ट्रोक डे, 29 अक्टूबर

अमेरिका के हार्वर्ड मेडिकल स्कूल द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार अस्वास्थ्यकर जीवनशैली और तनाव का प्रबंधन नहीं कर पाने के कारण स्ट्रोक के मामले दुनिया भर में बढ़ रहे हैं। वैसे तो यह बेहद खतरनाक स्थिति होती है लेकिन अगर समय रहते ट्रीटमेंट मिल जाए तो जान बचाई जा सकती है। स्ट्रोक होने के कारणों, उसके रिस्क फैक्टर्स, उसके लक्षणों, उससे बचाव और उपचार के बारे में विस्तार से यहां बता रहे हैं।

## स्ट्रोक : जल्द से जल्द ट्रीटमेंट है जरूरी





आंकड़े बताते हैं दुनिया भर में हर साल स्ट्रोक से 70 लाख लोगों की मौत होती है और यह सिलसिला दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। 4 में से एक व्यक्ति को दूसरी बार स्ट्रोक होने का जोखिम बढ़ जाता है। एक समय तक यह माना जाता था कि स्ट्रोक (ब्रेन अटैक) 60 साल या इससे अधिक उम्र वाले लोगों की बीमारी है, लेकिन अब इस गंभीर स्वास्थ्य समस्या के मामले 35 से 50 साल की उम्र वालों में भी सामने आ रहे हैं। भारत में हर 40 सेकेंड में एक व्यक्ति स्ट्रोक से पीड़ित होता है।

### गंभीर मेडिकल कंडीशन है स्ट्रोक

वर्ल्ड स्ट्रोक ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार, स्ट्रोक एक ऐसी आपातकालीन मेडिकल कंडीशन है, जिसमें मस्तिष्क की धमनी (आर्टरी) में रक्त की आपूर्ति अचानक अवरुद्ध हो जाती है या फिर धमनी फट जाती है। इन दोनों ही गंभीर स्थितियों में मस्तिष्क को रक्त की आपूर्ति न होने के कारण उसे ऑक्सीजन नहीं मिल पाती, जिसके परिणामस्वरूप दिमाग की कोशिकाएं (न्यूरॉन्स) मृत होने लगती हैं और मरीज 'कोमा' में जा सकता है। अगर समय रहते मरीज का उपयुक्त इलाज नहीं कराया जाए तो यह स्थिति उसके लिए जानलेवा बन सकती है।

### स्ट्रोक के प्रमुख प्रकार

स्ट्रोक के दो प्रमुख प्रकार इस्केमिक और हैमोरेजिक हैं। इस्केमिक स्ट्रोक के लगभग 85 प्रतिशत और हैमोरेजिक स्ट्रोक के लगभग 15 प्रतिशत मामले सामने आते हैं। स्ट्रोक के तीसरे प्रकार को ट्रांजियंट इस्केमिक अटैक (टीआई) कहा जाता है। इस्केमिक स्ट्रोक में मस्तिष्क की धमनियों में अचानक रक्त का प्रवाह अवरुद्ध हो जाता है। ट्रांजियंट इस्केमिक अटैक में मस्तिष्क की धमनियों में रक्त संचार अचानक कुछ समय (लगभग 1 घंटे से कम) के लिए बाधित हो सकता है। इस दौरान व्यक्ति असामान्य और असहज महसूस करता है, लेकिन लगभग एक घंटे के बाद ये लक्षण स्वतः दूर हो जाते हैं। हेमोरेजिक स्ट्रोक को ब्रेन हेमरेज भी कहा जाता है। हैमोरेजिक स्ट्रोक में दिमाग की रक्तवाहिका फट जाती है।

### इनसे बढ़ता है स्ट्रोक का रिस्क

**हाई ब्लड प्रेशर:** अमेरिकन स्ट्रोक एसोसिएशन के अनुसार स्ट्रोक का एक प्रमुख कारण उच्च रक्तचाप या हाई ब्लड प्रेशर है। उच्च रक्तचाप से धमनियों की आंतरिक दीवार पर दबाव पड़ता है। कई बार इस दबाव के कारण धमनियां फट सकती हैं या फिर इनमें लीकेज हो सकता है। यह स्थिति स्ट्रोक के जोखिम को बढ़ाती है।

**तनाव भरी जीवनशैली:** जो शख्स तनावपूर्ण स्थिति में होता है, तब उसके दिल की धड़कन बढ़ जाती है। कालांतर में एक अरसे से जारी तनावपूर्ण स्थिति हृदय और मस्तिष्क की धमनियों की आंतरिक दीवारों पर प्रतिकूल प्रभाव छोड़ती है, जो स्ट्रोक का कारण बनती है। तनावपूर्ण स्थिति के कारण व्यक्ति अनिद्रा का भी शिकार हो जाता है। अनिद्रा की स्थिति दिल और दिमाग की सेहत के लिए अच्छी नहीं है।

**डायबिटीज:** वर्ल्ड डायबिटीज फेडरेशन के एक सर्वेक्षण के अनुसार जो लोग मधुमेह से ग्रस्त हैं, उनमें स्ट्रोक और हृदय रोगों से ग्रस्त होने का खतरा कहीं ज्यादा होता है। रक्त में शुगर बढ़ने से रक्त वाहिकाओं समेत कई अंगों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यह स्थिति कालांतर में स्ट्रोक के जोखिम को बढ़ाती है।

**धूम्रपान-शराब:** जो लोग धूम्रपान और शराब के आदी हैं, उनमें स्ट्रोक का जोखिम बढ़ जाता है।

**शारीरिक श्रम और व्यायाम से दूरी:** यह स्ट्रोक का प्रत्यक्ष कारण नहीं है, लेकिन इन दोनों को अपनी दिनचर्या में शामिल न करना, कालांतर में स्ट्रोक के खतरे को बुलावा देता है।

**मोटापा:** वर्ल्ड ओबेसिटी फेडरेशन के अनुसार जो लोग अत्यधिक मोटापे से ग्रस्त हैं, उनमें स्ट्रोक होने का जोखिम बहुत ज्यादा होता है।

**उम्र का बढ़ना (एजिंग प्रोसेस):** आयु बढ़ने पर रक्त वाहिकाएं धीरे-धीरे संकरी होती जाती हैं, जो एक कुदरती प्रक्रिया है। स्वास्थ्यकर जीवनशैली पर अमल कर इस प्रक्रिया को धीमा किया जा सकता है।

**नमक का अधिक सेवन:** नमक का अधिक सेवन उच्च रक्तचाप को बढ़ाने में सहायक है, जो कालांतर में स्ट्रोक का जोखिम बढ़ाता है।

**किडनी में गड़बड़ी:** किडनीज के विकारग्रस्त होने से उच्च रक्त चाप की समस्या उत्पन्न हो सकती है, जो एक अर्से बाद स्ट्रोक के जोखिम को बढ़ा देती है।

### जीवनरक्षक गोल्डन ऑवर्स

स्ट्रोक से पीड़ित व्यक्ति को अगर 3-4 घंटे के अंदर समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो जाती है तो इस अवधि को मेडिकल भाषा में गोल्डन ऑवर्स कहा जाता है। गोल्डन ऑवर्स में उपलब्ध होने वाली चिकित्सा से स्ट्रोक के दुष्प्रभावों और जटिलताओं को काफी हद तक कम और नियंत्रित किया जा सकता है। इस तरह पेशेंट की जान बचा सकते हैं।

### इलाज के बारे में

सीटी स्कैन और एमआरआई आदि जांचों के बाद पता चलता है कि स्ट्रोक का प्रकार क्या है और इसके कारण मस्तिष्क को कितनी क्षति पहुंची है? इसके बाद स्ट्रोक के इलाज की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाती है। स्ट्रोक के इलाज की कुछ प्रमुख विधियां और प्रोसीजर इस प्रकार हैं-

**दवाएं और इंजेक्शन:** इनके जरिए मस्तिष्क के रक्त के थक्कों को दूर करने का प्रयास किया जाता है।

**मैकेनिकल थॉम्बेक्टॅमी:** इस्केमिक स्ट्रोक का यह आधुनिक और काफी हद तक कारगर इलाज है। इस सर्जिकल प्रोसीजर के जरिए एक 'कैथेटर' डालकर रक्त के थक्कों (ब्लड क्लॉट्स) को हटा देते हैं। इस प्रकार मस्तिष्क की धमनियों में आए अवरोध (ब्लॉकेज) को दूर कर देते हैं।

**क्वायलिंग:** हैमोरेजिक स्ट्रोक के इलाज में इस मेडिकल प्रोसीजर का इस्तेमाल किया जाता है। इस प्रक्रिया में मस्तिष्क के जिस भाग में नस के फटने से रक्तस्राव या रक्त के थक्के (ब्लड क्लॉट्स) जमे होते हैं, उन्हें दूर किया जाता है।

**सर्जरी:** जिन पीड़ितों के मस्तिष्क में अधिक मात्रा में रक्त स्राव हुआ या फिर जिनमें खून के थक्के बड़े हैं या फिर जिनके दिमाग में सूजन बहुत आ चुकी है, ऐसी स्थिति में न्यूरो सर्जरी ही एकमात्र विकल्प है।


**डीकंप्रेसिव क्रेनियोटॅमी:** अगर मस्तिष्क की धमनी में अवरोध है या फिर थक्कों के कारण बहुत ज्यादा प्रेशर है तो इस समस्या का समाधान करने में डीकंप्रेसिव क्रेनियोटॅमी प्रोसीजर का इस्तेमाल किया जाता है। *

**(मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम में चेयरमैन-न्यूरोलॉजी, डॉक्टर अरुण गर्ग और कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर में लीड कंसल्टेंट-न्यूरोसर्जरी, डॉक्टर प्रणव घोडगांवकर से बातचीत पर आधारित)**

### स्ट्रोक से संभव है बचाव

**स्ट्रोक से** संबंधित जोखिम भरे कारकों के संदर्भ में सजग रहने या फिर उनसे दूरी बनाकर इस समस्या से बचाव संभव है। इस क्रम में इन बातों का रखें ध्यान-

- अपने रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) को 120/80 या फिर बॉर्डर लाइन 140/90 पर रखने का प्रयास करें। इसके लिए ब्लड प्रेशर की नियमित जांच करें या कराएं और अपने डॉक्टर से परामर्श लेकर नियमित रूप से दवाएं लें।
- तनाव का प्रबंधन करने के लिए योग व प्राणायाम और मेडिटेशन करें और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखें। इसके बावजूद अगर आप तनाव को नियंत्रित नहीं कर पा रहे हैं तो फिर मनोचिकित्सक से परामर्श लें।




- मधुमेह को नियंत्रित करने के लिए डॉक्टर से परामर्श लेकर नियमित रूप से दवाएं लें। खान-पान में विशेषकर मीठे खाद्य और पेय पदार्थों से परहेज करें।
- धूम्रपान और शराब की लत छोड़ दें, इससे स्ट्रोक का रिस्क कम होगा। लत छुड़ाने के लिए मनोरोग विशेषज्ञ की मदद ले सकते हैं।
- दिनचर्या में व्यायाम और अन्य प्रकार के शारीरिक श्रम को शामिल करें। अपनी उम्र और शारीरिक क्षमता के अनुसार व्यायाम करें।
- मोटापा दूर करने के लिए अपने खान-पान पर ध्यान दें। जंक फूड्स से परहेज करें। आहार में सलाद, हरी सब्जियां और फलों को प्राथमिकता दें और नियमित व्यायाम करें।

**योगोपचार**
संध्या रानी

वृद्धावस्था में शारीरिक सक्रियता, फिटनेस और एनर्जी बनाए रखना थोड़ा मुश्किल होता है। लेकिन अगर आप कुछ योगासनों का नियमित अभ्यास करें तो इन सभी को मेंटेन रख सकते हैं। यहां बता रहे हैं बुजुर्गों के लिए उपयोगी ऐसे ही कुछ योगासन।

## बुजुर्गों के लिए बहुत उपयोगी हैं ये योगासन




वृद्धावस्था में भी शारीरिक सक्रियता और ऊर्जावान बने रहने के लिए अपने शरीर की देखभाल करना जरूरी है। इसके लिए सबसे बेहतर उपाय है योगासन करना।

**योगाभ्यास के फायदे:** योगासनों का अभ्यास करने से शरीर के साथ-साथ मन भी स्वस्थ रहता है। वैसे तो योगाभ्यास हर उम्र के लोगों के लिए फायदेमंद होता है लेकिन बुजुर्गों के लिए ऐसा नियमित करना बेहद जरूरी है,क्योंकि इससे वे शारीरिक और मानसिक रूप से वे मजबूत रहेंगे। बढ़ती उम्र में अनेक बीमारियां अपना प्रभाव दिखाने लगती हैं। उनसे बचने के लिए भी योगासन मददगार होता है। इससे उनका शरीर लचीला बना रहता है और इससे उनकी मांसपेशियां व हड्डियां भी मजबूत बनती हैं। इससे गिरने पर हड्डी टूटने का रिस्क कम हो जाता है। इतना ही नहीं इससे उनका इम्यून सिस्टम भी स्ट्रॉन्ग बना रहता है और अनेक बीमारियों से बचाव भी होता है। योगासन करने से दिमाग में हैप्पी हार्मोन एंडोर्फिन निकलता है, जिसके कारण तनाव, चिंता और उदासी कम हो जाती है। साथ ही इससे उनकी याददाश्त और सोचने की क्षमता भी बेहतर हो जाती है।

**उपयोगी आसन:** बुजुर्गों को योगासन या व्यायाम की शुरुआत सूक्ष्म व्यायाम से ही करना चाहिए, जो शरीर के सभी जोड़ों को लचीला बनाता है। इसलिए एक महीने तक इनका अभ्यास करने के बाद कुछ सरल आसनों जैसे-ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, तितली आसन, वज्रासन, पवन मुक्तासन,



मकटासन, सर्पासन को अपनी क्षमता के अनुसार धीरे-धीरे जोड़ते जाना चाहिए। इनमें से कुछ आसनों के बारे में यहां बता रहे हैं।

**ताड़ासन:** बुजुर्ग लोगों के पैर भी उम्र के साथ-साथ कमजोर हो जाते हैं। कई बार तो उनका चलना-फिरना भी मुश्किल हो जाता है। चलते समय पैर कांपने लगता है। इस स्थिति से बचने के लिए ताड़ासन बहुत ही फायदेमंद होता है। इसे करने के लिए दीवार की ओर मुंह करके हाथों से दीवार का सहारा लेते हुए सीधे खड़े हो जाएं। अब दोनों पैर की एड़ियों को जमीन से अधिकतम ऊपर उठाएं। फिर नीचे लाएं। यह ताड़ासन की एक आवृति है। शुरुआत में इसकी दस आवृतियों का अभ्यास कीजिए। धीरे-धीरे इसे अपनी क्षमतानुसार बढ़ाते जाएं। खूब अभ्यास होने पर अधिकतम इसे 100 की संख्या तक किया जा सकता है। यह ध्यान रहे कि इसे धीरे-धीरे ही बढ़ाना है। इसके अभ्यास से पैरों की क्षमता आजीवन बनी रहती है।

**ध्यान:** बुजुर्गों को अपने मन और भावनाओ को नियंत्रित, संतुलित करने के लिए ध्यान करना बेहद आवश्यक है। इसके लिए सबसे पहले किसी भी आसन में सिर को सीधा करके बैठ जाएं। अपने हाथों को घुटनों पर रख लें। अपनी आंखों को हल्का बंदकर चेहरे को खूब ढीला छोड़ दें। अब अपनी श्वास-प्रश्वास पर मन को एकाग्र करने का अभ्यास कीजिए। अगर इस दरम्यान मन बार-बार भटकता है, तो मन को श्वास पर वापस लाने का प्रयास करें। इस क्रिया को दस से पंद्रह मिनट तक प्रतिदिन करने का अभ्यास करें। इसको नियमित करने से तनाव, बेचैनी, भय और व्यग्रता कम हो जाती है। मन शांत और चित्त प्रसन्न रहता है।

**प्राणायाम:** वृद्धावस्था में शरीर में ऊर्जा और उत्साह का संचार करने के लिए प्राणायाम का अभ्यास बहुत ही फायदेमंद होता है। अधिक उम्र वालों के लिए कपालभाति, उज्जयी एवं नाड़ी शोधन प्राणायाम का अभ्यास करना रामबाण है।

**उज्जयी प्राणायाम:** ध्यान के किसी भी आसन जैसे सिद्धासन, पद्मासन, सुखासन में रीढ़, गले और सिर को सीधा करके बैठ जाएं। जो लोग जमीन पर नहीं बैठ पाते हों, वे कुर्सी या बेड पर रीढ़, गला व सिर को सीधा करके बैठ जाएं। आंखों को हल्के से बंदकर, चेहरे को ढीला छोड़ दें। अब बहुत ही ध्यान से लंबी और गहरी श्वास-प्रश्वास लें। इसके बाद नाक से धीमी, लंबी और गहरी श्वास अंदर (पूरक) लें। साथ में यह भी ध्यान रखें कि पूरक करते समय गले से शी-शी-शी की आवाज निकालें। इसके बाद नाक से ही धीमी, लंबी और गहरी प्रश्वास बाहर (रेचक) निकालें। साथ में गले से हा-हा-हा की आवाज निकालें। शुरू में इसका अभ्यास 12 बार करें। धीरे-धीरे इसकी संख्या बढ़ाकर 30 तक ले जा सकते हैं।

**नाड़ीशोधन प्राणायाम:** इसे करने के लिए किसी भी आसन में बैठ जाएं। आंखों को ढीली बंदकर पांच लंबी और गहरी श्वास-प्रश्वास लें। फिर दाएं हाथ के अंगूठे से दाईं नाक को बंदकर बाईं नाक से लंबी और धीमी श्वास अंदर लेकर बाईं नाक को बंदकर दाईं नाक से श्वास धीरे और गहराई के साथ बाहर निकालें। इसके बाद दाईं नाक से धीमी और लंबी श्वास अंदर लेकर बाईं नाक से धीमी और लंबी श्वास ही बाहर निकालें। शुरुआत में इसे 12 बार करें। फिर धीरे-धीरे इसे बढ़ाकर तीस तक ले जाएं। यह हमेशा ध्यान रखें कि प्राणायाम और आसन का अभ्यास खाली पेट ही करना चाहिए।

**पवन मुक्तासन:** इसे करने के लिए दरी या योग मैट पर पीठ के बल लेट जाएं। शरीर के सभी अंगों को ढीला रखें। तीन लंबी और गहरी श्वास-प्रश्वास लें। अब दाएं पैर को घुटने से मोड़कर इसके घुटने को हाथों की मदद से छाती के पास लाने का प्रयास करें। लेकिन इस प्रयास में किसी भी तरह की जबर्दस्ती नहीं करनी है। अगर गर्दन की स्पांडिलाइटिस की प्रॉब्लम नहीं है तो सिर को ऊपर उठाकर माथे या नाक के द्वारा दाएं घुटने को स्पर्श करने का प्रयास करें। यह पवन मुक्तासन की अंतिम स्थिति है। इस स्थिति में सजग रहकर श्वास-प्रश्वास को सामान्य रखते हुए आरामदायक समय तक रुकने का प्रयास करें। फिर वापस पूर्व स्थिति में आ जाएं। अब इसके बाद यही क्रिया बाएं पैर से भी करें। इस आसन के बाद अंत में ऊर्जा और उत्साह का संचार करने के लिए प्राणायाम का अभ्यास करना बहुत ही फायदेमंद होता है। अधिक उम्र वालों के लिए कपालभाति, उज्जयी एवं नाड़ी शोधन का अभ्यास करना प्रभावी है। *

**(योगाचार्य कौशल कुमार से बातचीत पर आधारित)**



# चैंपियंस लीग के 9 मैच में 43 गोल, पीएसजी और बार्सिलोना की बड़ी जीत

एजेंसी ⏭ मैनचेस्टर

चैंपियंस लीग में गोल की जबरदस्त बरसात देखने को मिली। पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने सात, बार्सिलोना ने छह और एर्लिंग हालैंड ने सत्र का अपना 24वां गोल किया। कुल मिलाकर नौ मैच में 43 गोल हुए, जिनमें से छह टीमों ने चार या उससे अधिक गोल किए।

पीएसजी आइंडहोवन ने इतालवी चैंपियन नेपोली को 6-2 से हराया, जबकि आर्सेनल और इंटर मिलान ने भी बड़ी जीत हासिल कर यूरोप के इस सबसे बड़े क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा। लेकिन गत विजेता पीएसजी बायर लेवरकुसेन के खिलाफ 7-2 से जीत के बाद शीर्ष पर है। इस मैच में दोनों टीमें पहले हाफ में 10 खिलाड़ियों तक सिमट गई थीं। पीएसजी कि यह तीन मैच में तीसरी जीत है। बार्सिलोना की 6-1 की ओलंपियाकोस के खिलाफ जीत ने उसे महीने की शुरुआत में पीएसजी से मिली हार से उबरने में मदद की।

### पंजाब एफसी की तरफ से खेलेंगे दानी रामिरेज

*मोहाली। पंजाब एफसी ने 25 अक्टूबर से गोवा में शुरू हो रहे सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट से पहले स्पेन के मिडफील्डर दानी रामिरेज फर्नांडीज के साथ अनुबंध करके अपनी टीम को मजबूती प्रदान की। वह समीर जेल्जकोविच के बाद क्लब के इस सत्र के दूसरे विदेशी खिलाड़ी बन गए हैं। यह 33 वर्षीय खिलाड़ी एक साल के अनुबंध पर पंजाब एफसी की टीम में शामिल हुआ है। रामिरेज इससे पहले तुर्किए की टीएफएफ फर्स्ट लीग में मनीसा एफके के लिए खेल रहे थे। उन्होंने कहा, 'पंजाब एफसी से जुड़ने का फैसला सही दिशा में उठाया गया कदम है। मुझे विश्व भर की कई लीग में खेलने का अनुभव है और मुझे उम्मीद है कि टीम को इसका फायदा मिलेगा।'*





### लोपेज ने मारी अपने कॅरियर की पहले हैट्रिक

*बार्सिलोना की तरफ से फर्मिन लोपेज ने हैट्रिक बनाई और मार्कस रशफोर्ड ने दो गोल दागे। यह लोपेज के कॅरियर की पहली हैट्रिक थी। लामिने यामल ने भी एक गोल किया। प्रीमियर लीग में शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल ने एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से हराया, जिसमें विक्टर ग्योकेरेस ने दो गोल किए। एक अन्य मैच में हालैंड के गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने विलारियल पर 2-0 से जीत हासिल की। हार्वे बार्न्स ने न्यूकैसल की बेनफिका के खिलाफ 3-0 की जीत में दो गोल किए तथा बोरुसिया डॉर्टमंड ने कोपेनहेगन पर 4-2 से जीत हासिल की।*

## खबर संक्षेप



### महिला प्रीमियर लीग के लिए बोलियां आमंत्रित

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने निविदा प्रक्रिया के जरिए महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के आधिकारिक साझेदार अधिकार (ओपीआर) हासिल करने के लिए प्रतिष्ठित संस्थाओं से बोलिया आमंत्रित की। बीसीसीआई ने कहा कि कोटेशन के लिए अनुरोध (आरएफक्यू) में बोली लगाने और उसके मूल्यांकन से संबंधित नियम और शर्तों की जानकारी दी गई है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, 'आरएफक्यू 1,00,000 रुपये की गैर-वापसी योग्य फीस और लागू वस्तु एवं सेवा कर की प्राप्ति पर उपलब्ध कराया जाएगा।' इस प्रक्रिया के लिए विशिष्ट समय-सीमा निर्धारित की गई है।

### रग्बी सेवेंस टीम का नेतृत्व करेंगे प्रशांत सिंह

**मुंबई।** प्रशांत सिंह मस्कट में 25 से 26 अक्टूबर तक होने वाली एशिया रग्बी एमिरेट्स सेवेंस ट्रॉफी में भारत की 13 सदस्यीय टीम का नेतृत्व करेंगे। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम को तीसरी वरीयता दी गई है। भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ (आईआरएफयू) ने बुधवार को यह घोषणा की। भारत के अलावा इस टूर्नामेंट में अफगानिस्तान, बहरीन, ईरान, इराक, जॉर्डन, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, लेबनान, ओमान, फिलिस्तीन, कतर, सऊदी अरब और सीरिया भी भाग लेंगे। भारत को लेबनान और अफ़ग़ानिस्तान के साथ ग्रुप सी में रखा गया है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 25 अक्टूबर को लेबनान के खिलाफ करेगा।

**मैच भारतीय समयानुसार सुबह 9 बजे से शुरू होगा**

### दूसरे एक दिवसीय मैच में आलराउंडर्स की कड़ी परीक्षा आज

# एडिलेड के मैदान में कोहली का कमाल रिकॉर्ड, सीरीज बराबर करने उतरेगा भारत

*भारतीय टीम की आलराउंडरों पर बहुत अधिक निर्भरता की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार 23 अक्टूबर को होने वाले दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में कड़ी परीक्षा होगी। लेकिन एक बार फिर से सभी की निगाहें विराट कोहली और रोहित शर्मा पर टिकी रहेगी, जो अच्छा प्रदर्शन करके श्रृंखला बराबर करने में अपना योगदान देना चाहेंगे। विदित हो कि एडिलेड के मैदान में विराट कोहली का कमाल का रिकॉर्ड है।*

एजेंसी ⏭ एडिलेड

विराट ने एडिलेड में सभी फॉर्मेट में कुल 12 मैच खेले हैं। इनमें उन्होंने 65 की औसत के साथ 975 रन बनाए हैं। पांच शतक उन्होंने इस मैदान पर लगाए हैं और 141 उनका सर्वोच्च स्कोर है। वनडे में कोहली ने चार मुकाबले अभी तक एडिलेड में खेले हैं और 61 की औसत व दो शतकों से 244 रन बनाए हैं। उन्होंने 2019 में जब यहां पर भारत-ऑस्ट्रेलिया की टक्कर हुई थी तब भी सैकड़ा लगाया था। वहीं टेस्ट में पांच मैच में 53.70 की औसत से 537 रन बनाए। इस फॉर्मेट में विराट ने तीन शतक एडिलेड में लगाए हैं।

### रोहित का ऑस्ट्रेलियाई धरती पर ओवरऑल रिकॉर्ड अच्छा

अगर रोहित के एडिलेड में रिकॉर्ड को देखा जाए तो उन्होंने यहां पर छह वनडे खेले हैं, जिनमें 21.83 की औसत से 131 रन ही बना सके हैं। 43 रन उनका यहां पर सर्वोच्च स्कोर है। इस लिहाज से उन्हें यहां पर अभी बड़ी पारी खेलना है। वे पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट में आठ रन बना सके थे। रोहित का ऑस्ट्रेलियाई धरती पर वनडे में ओवरऑल रिकॉर्ड बहुत अच्छा है। हिटमैन के नाम से मशहूर रोहित ने यहां पर 31 मैच खेले हैं, जिनमें 51.38 की औसत से 1336 रन बनाए। पांच शतक वे यहां पर लगा चुके हैं। वहीं

### जम्पा और कैरी की वापसी

*एडिलेड ओवल में भी चुनौतियां अलग नहीं होंगी, क्योंकि मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड एक बार फिर भारतीय बल्लेबाजों के सामने कड़ी चुनौती पेश करने के लिए तैयार हैं। आस्ट्रेलियाई ग्रीष्म ऋतु के शुरू होने के साथ ही, देश की नई पिचों पर उछाल और गति होती है और ऐसी परिस्थितियों में बल्लेबाजी करना आसान नहीं होता है। इस बीच ऑस्ट्रेलिया ने पिछले मैच के हीरो बाएं हाथ के स्पिनर मैट कुहनेमैन को रिलीज कर दिया है और अनुभवी लेग-ब्रेक गेंदबाज एडम जम्पा वापस आ गए हैं। इसके अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी की भी वापसी हुई है।*



### खल रही पंड्या की कमी

*हार्दिक पंड्या की अनुपस्थिति हमेशा ही सीमित ओवरों की टीम के संतुलन को प्रभावित करती है और यह एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया में स्पष्ट हुआ, जहां उनकी कमी खल रही है। वाशिंगटन सुंदर और नीतीश रेड्डी के साथ नंबर आठ तक बल्लेबाज रखने का गंभीर का तरीका एक व्यावहारिक विकल्प है या नहीं, यह श्रृंखला समाप्त होने तक स्पष्ट हो जाएगा। कोटक ने कहा, 'हार्दिक जैसे खिलाड़ी का न होना हमेशा बड़ा नुकसान होता है। लेकिन अगर हम सकारात्मक पक्ष देखें तो नीतीश को खेलने का मौका मिल रहा है और हम उसे निखारने की कोशिश कर रहे हैं।'*



### अच्छी लय में कोहली और रोहितः कोटक

रोहित शर्मा और विराट कोहली आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में भले ही अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए लेकिन भारत के बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक उनकी फॉर्म को लेकर चिंतित नहीं हैं और उनका मानना है कि ये सीनियर खिलाड़ी अच्छी लय में हैं और अगले दो मैचों में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। भारत गुरुवार को श्रृंखला का दूसरा मैच खेलेगा। कोटक से जब पर्थ में रोहित के आठ रन और कोहली के शून्य पर आउट होने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि रोहित और कोहली की बल्लेबाजी में किसी तरह की कमजोरी है। वे आईपीएल में खेले थे और उनकी तैयारी काफी अच्छी रही है। मुझे लगता है कि दोनों के पास काफी अनुभव है।' उन्होंने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया आने से पहले ही उनकी तैयारियां बहुत अच्छी थीं। इसलिए मुझे लगता है कि अभी ऐसा सोचना (उनकी फॉर्म को लेकर चिंता करना) जल्दबाजी होगी।' कोटक ने कहा, 'मुझे लगता है कि वे दोनों बहुत अच्छी लय में दिख रहे हैं। हर नेट सत्र में उनका अपने खेल के प्रति दृष्टिकोण शानदार रहा है।'

### टीमें इस प्रकार

*भारतः शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, नीतीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृष्णा।*

*ऑस्ट्रेलियाः मिशेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, एलेक्स केरी, कूपर कोनोली, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, मार्नस लाबुशेन, मिशेल ओवेन, जोश फिलिप, मैथ्यू रेनशॉ, मैथ्यू शॉर्ट, मिशेल स्टार्क, एडम जम्पा।*

## आईसीसी रैंकिंग

# टेस्ट गेंदबाजों में शीर्ष पर बुमराह, दूसरी पायदान पर नौमान



एजेंसी ⏭ दुबई

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आईसीसी पुरुष टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। हालांकि, ताजा अपडेट के बाद कुछ खिलाड़ियों की रैंकिंग में बदलाव जरूर देखने को मिला है। टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद बुमराह की बढ़त कम हो गई है। अब पाकिस्तान के नौमान अली उनसे सिर्फ 29 अंक पीछे हैं, जिन्होंने लाहौर में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग हासिल की है। नौमान अली चार पायदान की उछाल के साथ दूसरे पायदान पर पहुंच गए हैं।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ पाकिस्तान की 93 रनों की जीत में नौमान ने 10 विकेट हासिल किए थे। उनके साथी शाहीन अफरीदी भी उसी टेस्ट की दूसरी पारी में चार विकेट लेने के बाद तीन पायदान ऊपर चढ़कर 19वें स्थान पर पहुंच गए हैं। मोहम्मद सिराज वनडे फॉर्मेट में गेंदबाजों की रैंकिंग में 17वें पायदान पर हैं। इस लिस्ट में अफगानी स्पिनर राशिद खान शीर्ष पर बने हुए हैं।

### टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में रूट शीर्ष पर कायम

टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड के जो रूट शीर्ष पर बने हुए हैं। पाकिस्तानी बल्लेबाजों में, मोहम्मद रिजवान चार पायदान ऊपर चढ़कर 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि बाबर आजम दो पायदान ऊपर चढ़कर 22वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस बीच सलमान आगा 8 पायदान ऊपर चढ़कर 30वें स्थान पर पहुंच गए। साउथ अफ्रीकी खेमे में, रयान रिकेल्टन ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में 71 रन बनाकर पहली बार शीर्ष 50 में जगह बनाई है, जबकि टोनी डी जोरजी के शतक ने उन्हें 54वें स्थान पर पहुंचा दिया है। मिशेल मार्श वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में दो पायदान ऊपर चढ़कर 42वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और मिशेल स्टार्क भी वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में क्रमशः 10वें और 21वें स्थान पर पहुंच गए हैं। बांग्लादेश के स्पिनर मेहदी हसन मिराज वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद 6 पायदान चढ़कर 18वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# चोट के कारण पेरिस मास्टर्स नहीं खेलेंगे नोवाक जोकोविच



एजेंसी ⏭ पेरिस

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच अगले सप्ताह होने वाले पेरिस मास्टर्स से हट गए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की। इससे कुछ दिन पहले ही उन्होंने पैर में चोट के कारण एक प्रदर्शनी टूर्नामेंट में पहले सेट के बाद खेलना बंद कर दिया था।

इस 38 वर्षीय खिलाड़ी ने इस सत्र में बहुत कम टूर्नामेंट में हिस्सा लिया है। उन्होंने चार ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के अलावा केवल आठ एटीपी टूर प्रतियोगिताओं में ही भाग लिया है। जोकोविच इस सत्र में ऑस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन, विंबलडन और अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल तक पहुंचे।

मई के अंत से सितंबर के अंत तक उन्होंने केवल तीन ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में भाग लिया। जोकोविच ने जिस अंतिम आधिकारिक टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था वह शंघाई मास्टर्स था, जिसके सेमीफाइनल में हार के दौरान वह कूल्हे में दर्द से परेशान रहे थे।

### अबुधाबी टी10 में खेलेंगे हरभजन, चावला

**अबुधाबी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटरों हरभजन सिंह, श्रीसंत और पीयूष चावला के साथ वेस्टइंडीज के कीरोन पोलार्ड और दक्षिण अफ्रीका के फाफ डु प्लेसी ने 18 से 30 नवंबर तक यहां जायद क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले अबुधाबी टी10 क्रिकेट टूर्नामेंट में खेलने की पुष्टि कर दी है। इस टूर्नामेंट में इस बार कुल आठ टीम हिस्सा लेंगी, जिनमें पांच नई टीम अजमान टाइटन्स, विस्टा राइडर्स, रॉयल चैंप्स, एस्पिन स्टैलियंस और क्वेटा क्वालरी शामिल हैं। इनके अलावा पिछले साल की टीमें दिल्ली बुल्स, नॉर्दर्न वॉरियर्स और डेक्कन ग्लैडिएटर्स भी अपनी चुनौती पेश करेंगी। एस्पिन स्टैलियंस ने आगामी टूर्नामेंट के लिए पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन को अपनी टीम में शामिल किया है। अजमान टाइटन्स ने भारत के विश्व कप विजेता लेग स्पिनर चावला को टीम में रखा है।

## सूबेदार मेजर से लेफ्टिनेंट कर्नल बने नीरज चोपड़ा



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को लेफ्टिनेंट कर्नल का पद प्रदान किया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उन्हें दृढ़ता और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बताया। राजनाथ सिंह ने दिल्ली में आयोजित एक समारोह में प्रादेशिक सेना में सेवारत स्टार भाला फेंक खिलाड़ी को लेफ्टिनेंट कर्नल के मानद रैंक का प्रतीक चिह्न दिया। इस मौके पर सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और बल के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। नीरज चोपड़ा 26 अगस्त 2016 को नायब सूबेदार के तौर पर भारतीय सेना में शामिल हुए थे और 2021 में उन्हें सूबेदार और 2022 में सूबेदार मेजर के पद पर प्रदोन्नत किया गया था। नीरज ने 2024 में पेरिस ओलंपिक में सिल्वर मेडल और 2023 में वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों और डायमंड लीग स्पर्धाओं में भी कई गोल्ड मेडल अपने नाम किए। उनका 90.23 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो भारतीय खेल इतिहास में मील का पत्थर है।

# बैडमिंटन एशिया में भारतीय खिलाड़ियों की मजबूत शुरुआत

एजेंसी ⏭ चेंगदू



भारतीय खिलाड़ियों ने बैडमिंटन एशिया अंडर-17 एवं अंडर-15 चैंपियनशिप 2025 में अपने अभियान की मजबूत शुरुआत करते हुए प्रतियोगिता के पहले दिन जीत दर्ज की। अंडर-15 लड़कों के एकल वर्ग में एसएल दक्षण सुगुमारन ने पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए चीन के ल्यु की टिंग को 18-21 21-14 21-13 से हराया जबकि वजीर सिंह ने शिया जुन लोंग को तीन गेम में 21-18 18-21 21-17 से शिकस्त दी। पुष्कर साई और प्रभु ध्यानी ने राउंड ऑफ 64 मुकाबले में थाईलैंड के खिलाड़ियों के खिलाफ सीधे गेम में जीत दर्ज की। लड़कियों के एकल वर्ग में अवनी राठौड़ ने यूएई की अनिष्का अनु को 21-4 21-9 से हराया। भारत की अंडर-17 टीम ने भी अच्छी शुरुआत की। पुनीत सुरेश और अदिति दीपक राज तथा जंगजीत सिंह काजला और जन्निका रमेश की मिश्रित युगल जोड़ियों ने अपने क्रमशः चीन और जापान के प्रतिद्वंद्वियों को हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। लड़कियों के एकल वर्ग में निश्चल चंद ने लाओस के सोफेक्से सिमानोंग को सीधे गेम में 21-8 21-7 से हराया जबकि हार्दिक दिव्यांश ने जापान के इसेई मात्सुहिता के खिलाफ 21-14 21-14 से जीत दर्ज की।

## महिला विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबला आज 3 बजे से

# सेमीफाइनल की राह, न्यूजीलैंड को हराने उतरेगी टीम इंडिया

एजेंसी ⏭ नवी मुंबई

भारतीय टीम पिछले तीन मैच में हार से सबक लेकर गुरुवार 23 अक्टूबर को महिला विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले क्वार्टर फाइनल जैसे मुकाबले में जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह पक्की करने की कोशिश करेगी।

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम यदि डीवाई पाटिल स्टेडियम के अपने चिर परिचित विकेट पर न्यूजीलैंड की टीम को हरा देती है तो वह सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली चौथी टीम बन जाएगी। लेकिन अगर वह पिछले तीन मैच की तरह गलतियां करती है तो फिर वह अगर मगर के भंवर में फंस जाएगी।



### बिगड़ गए भारतीय टीम के समीकरण

यदि भारत न्यूजीलैंड से हार जाता है, तो उसे सेमी फाइनल में जगह बनाने के लिए इंग्लैंड की न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले मैच में जीत के लिए दुआ करनी होगी और फिर बांग्लादेश के खिलाफ अपने अंतिम ग्रुप लीग मैच में भी जीत हासिल करनी होगी।ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं। भारत भी सेमीफाइनल में पहुंचने का प्रबल दावेदार था लेकिन लगातार तीन मैच में हार का सामना करने के कारण उसके समीकरण बिगड़ गए हैं।

### भारत की गेंदबाजी में कमजोरी हुई उजागर

ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका दोनों ने भारत की गेंदबाजी में कमजोरी को खुलकर उजागर किया लेकिन उसे सबसे बड़ा झटका इंदौर में इंग्लैंड के खिलाफ लगा, जहां उसे एक समय 54 गेंद पर 56 रन की जरूरत थी लेकिन वह लक्ष्य तक पहुंचने में नाकाम रहा।भारत की समस्या छठे गेंदबाजी विकल्प तक ही सीमित नहीं है। उसकी टीम घरेलू धरती पर खेलने के दबाव से निपटने के लिए भी संघर्ष कर रही है।



### टीमें इस प्रकार

*भारतः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जेमिमा रोड्रिग्स, अमनजोत कौर, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, श्री चरणी, राधा यादव और उमा छेत्री।*

*न्यूजीलैंडः सोफी डिवाइन (कप्तान), इसाबेला गेज (विकेट कीपर), मैडी ग्रीन, पॉली इंगलिस (विकेट कीपर), बेला जेम्स, जॉर्जिया प्लिमर, सूजी बेट्स, ब्रुक हॉलिडे, अमेलिया केर, ईडन कार्सन, ब्री इलिंग, जेस केर, रोजमेरी मैयर, हन्ना रोवे और ली ताहुहु।*




हाईकोर्ट का निर्देश

# सुनिश्चित करो कि शासकीय जमीन पर अवैध निर्माण और पेड़ कटाई की गतिविधि न हो

हरिभूमि जबलपुर।



मप्र हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका पर निर्देश दिए कि शासकीय अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि शासकीय जमीन पर किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण और पेड़ कटाई की गतिविधि नहीं हो। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव, कलेक्टर जबलपुर, एसडीओ व तहसीलदार शहपुरा को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

जबलपुर निवासी दुर्गेश सेन की ओर से अधिवक्ता बालकिशन चौधरी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि शहपुरा तहसील के जमुनिया में करीब 20 हेक्टेयर शासकी जमीन है। इस जमीन पर अवैध कब्जे किए जा रहे हैं। याचिका में आरोप है कि संदीप लोहान व मनीष श्रीपाल द्वारा जमीन पर अनाधिकृत रूप से कब्जा कर अवैध निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा यहां लगे पेड़ों को भी अवैधानिक तरीके से काटा जा रहा है। इस संबंध में अधिकारियों को कई बार शिकायतें की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई।

## गांधी मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों की नियुक्तियां निरस्त करने के आदेश पर रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच के उस आदेश पर रोक लगा दी जिसमें गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल के अस्पताल प्रबंधक, सहायक प्रबंधक व डिप्टी रजिस्ट्रार की नियुक्तियां निरस्त कर दी गई थीं। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव, आयुक्त, मेडिकल कॉलेज के डीन व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा ।

एकलपीठ के आदेश के खिलाफ विदिशा निवासी रवींद्र कुशवाहा और महेंद्र सोनी ने अपील प्रस्तुत की है। अपीलार्थियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी ने दलील दी कि उनके मुवक्किलों के पास पूर्ण योग्यताएं हैं और वे पिछले 6 वर्षों से कार्यरत हैं। उनकी नियुक्ति निरस्त करना अनुचित है। उन्होंने कहा कि यदि एकलपीठ के आदेश पर रोक नहीं लगाई गई तो आगामी 24 अक्टूबर को नई नियुक्तियां कर दी जाएंगी। गौरतलब है कि भोपाल निवासी मनोहर सिंह ने पूर्व में एक याचिका दायर की थी। याचिका में नियुक्ति प्रक्रिया पर सवाल उठाए गए थे। मामले पर सुनवाई के बाद एकलपीठ ने सभी नियुक्तियां निरस्त कर तत्कालीन डीन पर दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। एकलपीठ ने दोबारा मैरिट लिस्ट बनाकर नए सिरे से साक्षात्कार करने और नियुक्तियां करने के निर्देश दिए थे। इसी तारतम्य में कॉलेज प्रबंधन ने 24 अक्टूबर को साक्षात्कार आयोजित किया है।

## इंस्टाग्राम पर स्ट्राइक की धमकी देकर ब्लैकमेलर ने 50 लाख ठगे

**जबलपुर।** सायबर ठगी का एक नया मामला सामने आया हैं जिसमें एक इंस्टाग्राम क्रिएटर को स्ट्राइक की धमकी देकर सायबर ब्लैकमेलर ने 50 लाख ठग लिए। 28 वर्षीय साफ्टइंजीनियर अजीम अहमद के इंस्टा पर 96 से अधिक एकाउंट है उनमें 97 मिलियन फॉलोवर्स हैं। शहर के एक युवा साफ्टवेयर इंजीनियर अजीम अहमद को इंस्टाग्राम पर उनके फॉलोवर्स के खातों को हैक करने की धमकी देकर 50 लाख की ठगी कर ली। साफ्टवेयर इंजीनियर अजीम अहमद के सोशल मीडिया इंस्टाग्राम, फेसबुक में 5 करोड़ 70 लाख फालोवर्स हैं उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर एक डिजिटल एड प्रमोशन कंपनी बनाई है जो ऑनलाईन प्लेटफॉर्म पर कंपनियों के प्रोडक्ट बेचने वाली ई कॉमर्स कंपनी, अमेजान, नेट फिल्क्स, लेंसकार्ट का सोशल मीडिया पर विज्ञापन करती है, जिसके एवज में इन कंपनियों से 500 रुपए से 5 हजार रुपए तक फीस ली जाती है।

दीवाली के पूर्व में एनजीटी में दायर याचिका में अगले हफ्ते सुनवाई संभव

# प्रदेश में प्रतिबंधित पटाखों से एयर क्वालिटी बिगड़ी

**जबलपुर।** दीवाली के रात तथा दूसरे दिन प्रदेश में खासकर जबलपुर, इंदौर, ग्वालियर, भोपाल, में बिगड़ी एयर क्वालिटी में दिल्ली के तुलना में मात्र एक श्रेणी का फर्क रहा। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष एयर क्वालिटी ज्यादा खराब थी, क्योंकि प्रदेश में ग्रीन पटाखों के नाम पर प्रतिबंधित पटाखे बेचे गये।



डॉ. पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने बताया की उन्होंने 16 अक्टूबर को एनजीटी में नई याचिका दायर की है। (रेफरेंस नं. 2303106008902021/एस.ए./7) याचिका में प्रार्थना की, की प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों जबलपुर, इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, उज्जैन को तथाकथित पटाखे विक्रेताओं की गोदामों की जाँच कर उन्हें सील करने के निर्देश जारी किये जाये। डॉ. पी.जी. नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने याचिका में प्रार्थना की, कि उच्चस्तरीय समिति का गठन कर एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत हेतु निर्देश दें। याचिकाकर्ता के एड. प्रभात यादव ने बताया की एनजीटी एक्ट की धारा 25, 26 तथा 28 के तहत इंदौर, जबलपुर, भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर जिलों के अधिकारियों पर कार्यवाही करें, क्योंकि उन्होंने सुप्रीमकोर्ट तथा एनजीटी के आदेशों का पालन नहीं किया है। एड. प्रभात यादव ने बताया की याचिका की सुनवाई अगले सप्ताह होने की संभावना है।

त्योहारों के दौरान भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा को लेकर दिए निर्देश

# रेलवे जीएम ने जबलपुर स्टेशन पर किया निरीक्षण, यात्रियों से संवाद कर जानी सुविधाएं

**जबलपुर।** आगामी दीपावली और छठ पर्व को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने मंगलवार को जबलपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्लेटफार्म, होल्डिंग एरिया, आपातकालीन चिकित्सा केंद्र, खानपान स्टॉल सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा यात्रियों से सीधा संवाद कर सुविधाओं की जानकारी ली।

निरीक्षण के समय प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री मनीष तिवारी, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री राजीव कुमार यादव एवं मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल कुमार तलरेजा भी उपस्थित रहे। महाप्रबंधक ने



प्लेटफॉर्म क्रमांक 01 और 06 पर बनाए गए होल्डिंग एरिया की व्यवस्था की समीक्षा की और यात्रियों से बातचीत कर स्टेशन की साफ-सफाई, सुविधा एवं सुरक्षा से जुड़ी फीडबैक ली।

रेल प्रशासन द्वारा दीपावली और छठ पर्व के मद्देनजर यात्रियों की सुविधाओं हेतु कई अहम इंतज़ाम किए गए हैं।

भीड़ प्रबंधन व्यवस्था- जबलपुर, कटनी, इटारसी, बीना, भोपाल, कोटा समेत सात प्रमुख स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया की व्यवस्था की गई है। अतिरिक्त टिकट काउंटर, ATVM मशीनें और हेल्प डेस्क भी चालू किए गए हैं। इसके संचालन हेतु अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती की गई है।

सुरक्षा प्रबंधन- स्टेशनों पर आरपीएफ, आरपीएसएफ, जीआरपी, होमगार्ड, स्काउट्स व गाइड सहित निजी सुरक्षा एजेंसियों के जवान भी लगाए गए हैं, ताकि भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था प्रभावी ढंग से लागू की जा सके।

स्पेशल ट्रेनें-त्योहारों के अवसर पर यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अतिरिक्त स्पेशल फेस्टिवल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। यात्रियों की मांग और दबाव के अनुसार ट्रैफिक प्लानिंग की जा रही है।

## ऊर्जा मंत्री ने दीपावली की रात किया जीआईएस सब-स्टेशन का औचक निरीक्षण



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने दीपावली की रात 132 के.व्ही. जीआईएस सब-स्टेशन, फूलबाग का औचक निरीक्षण किया। यह सब-स्टेशन मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) द्वारा इसी वर्ष प्रारंभ किया गया है और यह प्रदेश का चौथा जीआईएस (गैस इंसुलेटेड सब-स्टेशन) है। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री तोमर ने सब-स्टेशन से संचालित 33 के.व्ही. फीडरों की ट्रिपिंग स्थिति और उन पर लोड की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों से ग्वालियर सहित प्रदेशभर में विद्युत आपूर्ति की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए यह निर्देश दिए कि दीपावली पर्व के दौरान कहीं भी बिजली आपूर्ति बाधित न हो और 24×7 निर्बाध बिजली उपलब्ध कराई जाए।

## सासन पॉवर प्रोजेक्ट की जमीन के नामांतरण करने पर रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सिंगरौली स्थित सासन पॉवर प्रोजेक्ट की जमीन पर नामांतरण करने पर रोक लगा दी। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने कहा कि उक्त जमीन पर कोर्ट की अनुमति बिना किसी का नामांतरण नहीं किया जाए। कोर्ट ने कलेक्टर सिंगरौली, तहसीलदार व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सासन पॉवर लिमिटेड के हर्ष नारायण शर्मा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता समदर्शी तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि पॉवर प्लांट की जमीन पूर्व में वनभूमि थी। सरकार और कंपनी के बीच एमओयू के तहत केन्द्र सरकार ने उक्त जमीन का 2010 में डायवर्जन किया था। उसी समय कुछ लोगों ने कलेक्टर के समक्ष आवेदन देकर उक्त जमीन पर दावा पेश किया था। वर्ष 2011 में कलेक्टर ने जांच के बाद उक्त दावे को फर्जी पाया और नामांतरण करने से इनकार कर दिया। इसके बाद 2015 में बाद के कलेक्टर ने उक्त आदेश के रिव्यू के लिए राजस्व मंडल से अनुमति मांगी। बोर्ड ने 2016 में अनुमति दी। इसी बीच कुछ लोगों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद कहा कि जब बोर्ड अनुमति दे दी है तो मामले का पुनरीक्षण कर नामांतरण की प्रक्रिया पूरी की जाए। कंपनी की ओर से दायर याचिका में दलील दी गई कि हाईकोर्ट में तथ्यों को छिपाकर दावा करने वालों ने याचिका दायर की है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने नामांतरण की प्रक्रिया पर रोक लगाते हुए अनावेदकों से जवाब तलब किया है।

96 जुआडी गिरफ्तार, लगभग 2 लाख की जब्ती बनी

# दीवाली में जुए के फड़ों पर पुलिस ने दी दबिश

**जबलपुर।** दीवाली में जुआ खेलने की परंपरा को ध्यान में रखते हुए पुलिस और जुआडियों के बीच लुका छुपी का खेल चलता रहा। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर जुआ खेलते हुए 96 जुआड़ी गिरफ्तार किए गए, जिनसे 1 लाख 97 हजार 705 रुपए, 2 कार, 5 दुपहिया वाहन और 6 मोबाइल जब्त किए गए है।





चरगवां पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम सेमरा में एक टीनशेड में जुआ मन्ना खेल रहे 11 जुआड़ियों को गिरफ्तार किया, दो जुआड़ी मौके से फरार हो गए। मौके से 83 हजार 400 रूपये एवं दो कार एवं तीन एक्सिस वाहन और एक बाईक जब्त किए गये। इसी प्रकार सुनवारा रोड़ में 6 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उनके पास से नगदी 2 हजार 750 रूपये जप्त किये गये। इसी तरह गत दोपहर में धरमपुरा में 4 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उनके पास से नगद 3010 रूपये जप्त किये गये। इसी प्रकार घुघरा में शमशान के पास दबिश देते हुए तीन जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उनके पास से नगद 2020 रूपये जप्त किये गये। इसी प्रकार गोरखपुर पुलिस ने सांई नगर में खेत के किनारे जुआ खेल रहे 4 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर ताश पत्ते नगदी 62 हजार 820 रूपये, एक बाईक, 6 मोबाइल जब्त किए है। वहीं जुआ खिलवाने वाला आरोपी सावन जाट मौके से फरार हो गया। इसी प्रकार कोतवाली पुलिस ने गुड़हाई रोड पर जुआ मन्ना खेल रहे 13 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उनके पास से ताश के 52-52 पत्ते एवं नगद 8 हजार 400 रूपये जप्त किए गए। इसी तरह पाटन पुलिस ने ग्राम सकरा में छितुरहा रोड पर स्थित खाली मैदान में दबिश देते हुये 5 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उनके पास से नगद 6 हजार 400 रूपये जप्त किए है। वहीं गोहलपुर पुलिस ने बरियातले घुबियाना मोहल्ला में पीपल के नीचे जुआ मन्ना खेल रहे 6 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उनके पास से नगद 7 हजार 965 रूपये जप्त किए है। इसी प्रकार भेड़ाघाट पुलिस ने घुघरा फॉल के पास दबिश देते हुये 10 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उनके पास से नगद 9 हजार 225 रूपये जप्त किए।

इसी तरह हनुमानताल पुलिस ने प्रेम सागर झण्डा चौक के पास दबिश देते हुये 3 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उनके पास से नगद 2 हजार 950 रुपए जप्त किए है। इसी प्रकार मुखबिर की सूचना पर दबिश देते हुये थाना गोराबाजार, गौरीघाट, मझगवॉ, बरेला, पनागर, अधारताल, पुलिस ने जुओं के फड़ों पर दबिश देते हुये जुआडियों को जुआ खेलते हुये रंगे हाथ पकडकर जुआरियों के कब्जे से नगद 8 हजार 765 रुपए जप्त करते हुये थाना गोराबाजार, गौरीघाट, मझगवॉ, बरेला, पनागर, अधारताल, में पृथक-पृथक धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।

## सुपरफास्ट विशेष ट्रेन का संचालन

**जबलपुर।** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए, रेल प्रशासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल से ट्रेन संख्या 02122 रीवा – रानी कमलापति एकतरफा सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जाएगा। ट्रेन संख्या: 02122, नाम: रीवा – आरकेएमपी (रानी कमलापति) सुपरफास्ट एकतरफा विशेष ट्रेन आज 23 अक्टूबर 2025 (गुरुवार) को रीवा स्टेशन से प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन में कुल 23 कोच होंगे। यह ट्रेन रीवा से 12:30 बजे प्रारंभ होकर सतना 13:20 बजे, मैहर 13:50 बजे, कटनी मुड़वारा 14:50 बजे, दमोह 16:10 बजे, सागर 17:15 बजे, बीना 18:45 बजे, विदिशा 19:50 बजे से चलकर रानी कमलापति 21:15 बजे पहुंचेगी।


## सोगरिया-दानापुर-सोगरिया के मध्य चलने वाली स्पेशल ट्रेन की अवधि बढ़ाई

**जबलपुर।** रेल प्रशासन त्यौहारों पर यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु सदैव प्रयासरत रहता है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल ने त्योहारी सीजन के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए चल रही सोगरिया-दानापुर-सोगरिया के मध्य दो-दो ट्रिप स्पेशल फेयर पर स्पेशल ट्रेन को बढ़ाने का निर्णय



लिया है। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेल के सोगारिया से प्रस्थान कर बारां, सालपुरा, छबड़ा गुगोर, रूठियाई, गुना, अशोक नगर, सागर, दमोह, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जा रही है। बढ़ी हुई अवधि का रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से इन स्पेशल ट्रेनों की आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते है। *स्पेशल ट्रेन की पश्चिम मध्य रेल के स्टेशनों की विस्तृत जानकारी निम्न है।

स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 09817 सोगारिया से दानापुर स्पेशल ट्रेन दिनाँक 23 एवं 30 अक्टूबर 2025 को प्रत्येक गुरुवार प्रारंभिक स्टेशन सोगारिया से रात्रि 23:10 बजे प्रस्थान कर, बारां 23:53 बजे, पहुंचकर अगले दिन सालपुरा मध्यरात्रि 00:28 बजे, छबड़ा गुगोर 00:48 बजे, रूठियाई 01:50 बजे, गुना 02:20 बजे, अशोक नगर 03:05 बजे, सागर 05:35 बजे, दमोह 06:45 बजे, कटनी 08:00 बजे, मैहर 09:40 बजे, सतना 11:00 बजे पहुँचकर और शुक्रवार को रात्रि 23:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09818 दानापुर से सोगारिया स्पेशल ट्रेन दिनाँक 25 अक्टूबर एवं 01 नवम्बर 2025 को प्रत्येक शनिवार* प्रारंभिक स्टेशन दानापुर से मध्यरात्रि 01:15 बजे प्रस्थान कर प्रयागराज छिवकी सुबह 08:35 बजे, सतना दोपहर 12:55 बजे, मैहर 13:25 बजे, कटनी 14:30 बजे, दमोह 16:20 बजे, सागर 17:30 बजे, अशोक नगर रात 19:38 बजे, गुना 20:55 बजे, रूठियाई 21:48 बजे, छबड़ा गुगोर 22:18 बजे, सालपुरा 22:33 बजे, बारां 23:13 बजे पहुंचकर और रविवार को मध्यरात्रि 01:10 बजे सोगारिया स्टेशन पहुँचेगी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240